ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

नवाजुद्दीन ने कंगना के प्रोडक्शन 'टीकू वेड्स शेरू' के... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 23 जून 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-247 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2550 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा-

# नई पीढ़ी को रोजगार देना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई -नई नियुक्तियों से सरकार को ऊर्जा मिलती है**

**युवाओं के सपने को कर रहे हैं साकार**

**हर व्यक्ति आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों 2550 युवाओं को जब नियुक्ति पत्र मिला तो उनकी खुशियां देखते ही बन रही थी। अवसर था मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 1633 सचिव एवं राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 707, वित्त विभाग में 166 और खाद्य आपूर्ति विभाग में 44 निम्न वर्गीय लिपिकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्तों से कहा- सरकार के अंग के रूप में आपके जुड़ने से व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सरकारी कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता बढ़ेगी।

**हर वर्ष चयनित होने वाले पांच आदर्श पंचायत के पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराएगी सरकार :** मुख्यमंत्री ने समारोह के मंच से ऐलान किया कि सरकार हर वर्ष चयनित होने वाले पांच आदर्श पंचायतों के पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराएगी। उन्होंने पंचायत सचिवों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप अपने पंचायत के सिर्फ पंचायत सचिव ही नहीं बल्कि उसके बीडीओ- सीओ डीसी -एसपी सब कुछ है। आप ऐसा कार्य करें कि आपकी पंचायत पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बन सके।

**सरकार के मकसद को पूरा करने में आपका सहयोग बेहद अहम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी नियुक्ति सरकार को ऊर्जा देती है । ऐसे में सरकार जिस मकसद के साथ कार्य करना चाहती है उसमें आपका सहयोग बेहद जरूरी है। आपको जो जिम्मेदारी दी जा रही है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं और राज्य को गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ेपन के कुचक्र से बाहर निकालने का काम करें। आप एक कदम चलेंगे तो सरकार सौ कदम चलने को हमेशा तैयार रहेगी।



**हजारों युवाओं को दे चुके हैं नियुक्ति पत्र :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है । अब तक हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। इनमें इंजीनियर, डॉक्टर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, शिक्षक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और नर्सेज समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां शामिल है। युवाओं के सपने को साकार करने का हमारी सरकार ने संकल्प लिया है।

**हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का हो रहा प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है, जो हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ सरकारी कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना को लागू करने जा सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है, वहीं सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से सभी बुजुर्गों, विधवाओं, परित्यक्ताओं और दिव्यांगों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**तमाम चुनौतियों के बाद भी रोजगार देने का हो रहा प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान हालात और अनेकों चुनौतियों के बाद भी नई पीढ़ी को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित। इसी कड़ी में बड़े पैमाने पर सरकारी विभागों में नियुक्तियां हो रही हैं तो निजी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार के द्वारा अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। आप सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने को स्वावलंबी बनाएं । हर व्यक्ति आगे बढ़े यही हमारा संकल्प है।

**नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह लगातार जारी रहेगा। आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर शिक्षक, पुलिस और सरकारी विभागों में खाली पड़े अन्य पदों पर नियुक्तियां होंगी। इस सिलसिले में विभिन्न आयोगों के द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले जहां एक-एक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने में कई वर्ष लग जाते थे। वहीं, हमारी सरकार में रिकॉर्ड समय में नियुक्तियां हो रही हैं ।सबसे खास बात है कि आज किसान-मजदूर और गरीब तबके के युवाओं का अधिकारी बनने का सपना पूरा हो रहा है।

### थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल

# अवैध निर्माण कार्य रोकने गये पुलिस बल पर जानलेवा हमला

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के लेदगाई ग्राम में अवैध निर्माण कार्य रुकवाने गए अंचलाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह पर गांव के तुलसी यादव समेत अन्य लोगों ने लाव लश्कर के साथ जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में बरवाडी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार लेदगाई ग्राम के तुलसी भुइंया, पिता प्यारी भुइंया ने लातेहार पुलिस कप्तान को आवेदन देकर अपनी रेयती जमीन को गांव के दबंगों की ओर से जबरन कब्जा किए जाने का विरोध करने पर गाली गलौज एवं मारपीट करने की शिकायत करते हुए अपनी जमीन कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। आवेदन में तुलसी भुइंया ने कहा था कि गांव के तुलसी यादव, पिता राम सागर यादव एवं उनके दो बेटे सतीश यादव एवं मुकेश यादव की ओर से हमारी रैयती जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने आवेदन पर त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया था। जमीन संबंधित मामले को देखते हुए बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह गुरुवार को अंचलाधिकारी राकेश सहाय के साथ स्थल पर पहुंचकर पाया कि गांव के उक्त दबंग लोगों की ओर से उक्त स्थल पर निजी स्कूल का निर्माण जोर-शोर से कराया जा रहा है। मामले में अंचलाधिकारी की ओर से जमीन के कागजात मांगने पर कुछ नहीं दिखाया गया। इस पर अंचलाधिकारी ने निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया। इस पर निर्माण कार्य करवा रहे तुलसी यादव एवं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड में वज्रपात का कहर दो दिनों में 27 लोगों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मानसून की सक्रियता से एक तरफ जहां लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आकाशीय बिजली से मौत का कहर भी बढ़ गया है। राज्य में 20 और 21 जून को वज्रपात से कुल 27 लोगों की मौत हो गई है। इसमें मंगलवार को 16 लोगों की जबकि बुधवार को 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल भी हुए हैं।



**21 जून :** राज्य के अलग-अलग जिलों से वज्रपात से कुल 11 लोगों की मौत हुई है। इसमें लातेहार के बालूमाथ निवासी राजो देवी की मौत हो गयी है। चतरा के सिमरिया प्रखंड के डाडी गांव में ठनका से अमन कुमार ( 10 ) की मौत हो गयी। इटखोरी में भी वज्रपात से शहरजाम गांव निवासी सीताराम रवानी के पुत्र सन्नी कुमार की मौत हो गयी। सिमडेगा के ठेठईटांगर में वज्रपात से सामुएल लकड़ा (53) की मौत हो गयी। गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र स्थित श्यामा गांव निवासी दानी साहू (52) की भी मौत वज्रपात से हो गयी।

**20 जून :** राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हुई वज्रपात की घटना में 16 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मृतकों में सात बच्चे शामिल हैं। वज्रपात से रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, रामगढ़, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, कोडरमा में मौत हुई है। सबसे बड़ी घटना हजारीबाग सिलवार पहाड़ पर हुई। यहां ठनका गिरने से दो की मौत हो गयी, जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। रांची के मेसरा के सदिया गांव में ठनका गिरने से सिमरन (12) की मौत हो गयी। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। 23 जून को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गयी है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा और सरायकेला- खरसावां जिले में तेज बारिश की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**लोहरदगा।** स्पेशल पॉक्सो न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त रिजवान अंसारी (34) पिता जमाल अंसारी, ग्राम टपकारा, थाना टपकारा, जिला खूंटी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 25000 रुपये जुर्माना भी किया गया है। 2021 के इस मामले में पीड़िता की मां ने लोहरदगा थाने में लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई थी की उसकी नाबालिक लडकी व उसकी सहेली 28 फरवरी 2021 से लापता हैं। अपने स्तर से काफी खोजबीन कर रही थी। इसी बीच इस वाद के अभियुक्त नसीफ खान से भी संपर्क किया तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उधर पुलिस का दबाब पड़ने लगा और करीब 20/21 दिन बाद दिल्ली से दोनों नाबालिग लडकी अपने घर वापस आई। पुलिस द्वारा न्यायालय में धारा 164 सीआरपीसी के तहत कोर्ट मजिस्ट्रेट के पास बयान हुआ।

## झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 26 जून को

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार 26 जून को झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक होगी । मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में, सोमवार , दिनांक 26 जून, 2023 को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

## पिकअप वाहन ने छह साल की बच्ची को कुचला

**आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रख कर किया रोड जाम**

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड**

भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गड़ प्रखंड के परसवार गांव में गुरुवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे दूध ढोने वाले एक पिकअप वाहन की चपेट में आकर एक छह वर्षिय बच्ची की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक बच्ची परसवार गांव निवासी स्व. फैजान अंसारी की पुत्री सना प्रविण बताई गई है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन प्रतिदिन की तरह बड़गड़ से टेहरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान परसवार मस्जिद मोड़ के पास सड़क के किनारे चल रही उक्त बच्ची को कुचल कर तेज गति से फरार हो गया। बताया गया कि वाहन चालक टेहरी निवासी बुधन यादव के घर के पास वाहन खड़ा कर भाग गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त वाहन का पीछा कर वाहन को तोड़फोड़ कर छतिग्रस्त कर दिया। साथ ही उचित मुआवजे की मांग को लेकर बड़गड़ - टेहरी मुख्य पथ पर घटनास्थल के पास शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर भंडरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची व आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। उग्र ग्रामीण घटनास्थल पर वरीय पदाधिकारीयों को बुलाने एवं परिजनों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू में ओझा-गुणी बताकर वृद्ध की हत्या

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तारुदाग गांव में बुधवार रात 70 वर्षीय बुजुर्ग सदु सिंह उर्फ संतु सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना के पीछे ओझा-गुणी होने की बात सामने आ रही है। गोतिया परिवार के लोगों पर हत्या की आशंका जताई गई है। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के पुत्र ने बताया कि उसका चचेरा भाई विश्वनाथ सिंह अक्सर उसके पिता को ओझा गुणी कहता था और भूत प्रेत लगा देने का आरोप लगाता रहता था। आशंका है कि उसने ही उसके पिता की हत्या की है। सूचना मिलने पर गुरुवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में कराया। पुलिस हत्यारोपित को गिरफ्तारी करने की कोशिश में है।

# पटना की विपक्षी बैठक कितनी होगी कामयाब

**- कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** मान न मान, मैं बड़का मेहमान, मेरे एजेंडे को पहले मान। यह रहा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का तान। केजरीवाल की इस हरकत को विपक्षी दल के वे नेता जिनकी कोशिशों के बाद 23 जून को पटना में बैठक होने जा रही है, वे इसे केजरीवाल द्वारा विपक्षी एकता की पहली बैठक को ही हाईजैक करने की चालबाजी मानते हुए संदेश भेजवा दिए थे कि यह बैठक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकता बनाने के लिए है। किसी पार्टी विशेष की सरकार के विरूद्ध किसी केन्द्रीय अध्यादेश के विरुद्ध एकजुट होने के लिए नहीं। उसकी बैठक बुलानी हो तो आप संसद के मानसून सत्र के एक - दो दिन पहले दिल्ली में बुलाइये। उसमें सभी विपक्षी दलों के नेताओं को बुलाइये। पटना में विपक्षी बैठक जिस मुद्दे पर हो रही है ,उसमें किसी के द्वारा उसके अलावा कोई और एजेंडा थोपने की चालबाजी नहीं चलेगी। कहा जाता है कि इस संकेत व संदेश के बाद केजरीवाल कुढ़ते हुए पटना पहुंचे हैं। क्योंकि वह अकेले नहीं पड़ना चाहते। इसी तरह से इस



बैठक को लेकर बसपा की बहन मायावती का भी एक द्विअर्थी भाव वाला ट्वीट उलटबांसी हालत वाला हो गया है। विपक्षी एकता को लेकर मायावती ने जो ट्वीट किया उसमें कहा है - अब लोकसभा आम चुनाव के पूर्व विपक्षी पार्टियां, जिन मुद्दों को मिलकर उठा रही हैं, ऐसे में नीतीश कुमार द्वारा कल विपक्षी नेताओं की पटना बैठक 'दिल मिले न मिले, हाथ मिलाते रहिए' की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करता है ।मायावती के इस ट्वीट पर कई विपक्षी नेता व राजनीतिक विश्लेषक आपसी बातचीत में कहने लगे हैं - खुद माया ईडी ,आयकर,सीबीआई के डर से पर्दे के पीछे भाजपा से हाथ मिलाते रहिए वाला भाव बनावे हुए उसे लाभ पहुँचा रही हैं। जबकि विपक्षी एकता मुद्दे की पहली बैठक के पहले नीतीश कुमार पर टांट वाला ट्वीट कर रही हैं।इध? 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी बैठक के दो दिन पहले से कुछ बड़े राष्ट्रीय अंग्रेजी व हिन्दी समाचार पत्रों व टीवी चैनलों में खबरें चलती रहीं कि विपक्षी एकता बैठक के पहले ही नेताओं में तना तनी। ममता, केजरीवाल,अखिलेश , माया बैठक में नहीं आ रहे। इसकी भूमिका में तरह - तरह की खबरें चलीं। कई तरह के खड़मंडली उपक्रम पटना में व बाहर हुए। लेकिन 22 जून की शाम होते - होते , प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ,दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व अन्य तमाम नेता पटना पहुंच गये। चौधरी चरण सिंह के नाती व अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी पहले से तय अपने परिवार के किसी की शादी में अमेरिका चले गये। जाने के पहले एक पाती बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिख गये कि आप लोग बैठक में जो निर्णय लेंगे उसके साथ रहूँगा। इस बैठक में मायावती, चन्द्रशेखर राव, नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी,चंद्रबाबू नायडू ना तो आने वाले थे ना ही आयेंगे। ये सब घोषित या अघोषित तौर पर चाहे केंद्रीय जांच एजेंसियों के डर ये या सत्ता में किसी तरह बने रहने के लिए केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी के साथ हैं। लेकिन जिन 12 राज्यों के विपक्षी नेता पटना की बैठक में शामिल हो रहे हैं उन राज्यों में कुल लोकसभा सीटें 328 हैं, जिनमें से 165 सीटें एनडीए के पास हैं। पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर का कहना है कि यदि विपक्षी एकता हो गई और ठीक से तालमेल करके चुनाव लड़े तो भाजपा को इन राज्यों में लगभग 75 सीटों का नुकसान हो सकता है। इसके कारण भी सब तरफ खदबदाहट है।

### तीन मार्च को इजहार अंसारी के घर से मिले थे तीन करोड़

## पूर्व विधायक भी संदेह के दायरे में

**रांची, मुख्य संवाददाता।** मनरेगा घोटाले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के करीबी कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से ईडी ने गुरुवार को तकरीबन नौ घंटे पूछताछ की। इजहार अंसारी दिन के 11.30 बजे ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचे थे। ईडी अधिकारियों ने इजहार अंसारी से उनकी कंपनियों व कंपनियों के नाम पर आवंटित कोयले की पूरी विवरणी मांगी। कोल का आवंटन किस एजेंसी के जरिए हुआ, साथ ही हार्ड कोक कंपनियों में कितने कोयले का इस्तेमाल हुआ, इससे संबंधित सवाल ईडी ने पूछे। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी के पास पर्याप्त साक्ष्य है जिससे यह स्पष्ट है कि कंपनियों के नाम पर कोयले का आवंटन तो हुआ, लेकिन उन कंपनियों में कोयले का इस्तेमाल नहीं हुआ। ईडी ने उन शेल कंपनियों के विषय में भी जानकारी मांगी जिसमें इजहार अंसारी निदेशक हैं। बैंक खातों को लेकर इजहार अंसारी से पूछताछ की गई। ईडी को अंदेशा है कि जेएसएमडीसी से कम दर में आवंटित कोयले की कालाबाजारी कर दी गई।

**सुमन कुमार से लेन देन पर सवाल :** ईडी सूत्रों के मुताबिक, इजहार अंसारी ने पूजा सिंघल के करीबी सुमन कुमार को भी कोल आवंटन के एवज में कमीशन दिया था। इजहार अंसारी के मोबाइल फोन में सुमन कुमार का नंबर सीएमओ के नाम से सेव था। पूछताछ में पूर्व में भी सुमन कुमार के साथ अपने रिश्तों को लेकर इजहार ने गोलमटोल जवाब दिया था। गुरुवार को हुई पूछताछ में भी सुमन कुमार के साथ कारोबारी ताल्लुक व कमीशन देने को लेकर ईडी ने सवाल पूछे। सुमन कुमार के मोबाइल पर भी इजहार अंसारी का नंबर सेव था। साथ ही दोनों के बीच कोल आवंटन से जुड़े चैट भी मिले हैं। पूजा सिंघल के करीबी सीए सुमन कुमार के यहां से 17.41 करोड़ कैश बरामदगी के बाद पैसों के स्रोत को लेकर ईडी ने जांच शुरू की , तब इजहार का भी नाम सामने आयी थी।

# दो टावर क्षतिग्रस्त होने के कारण विश्रामपुर में 30 घंटे से ब्लैक आउट



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रचंड गर्मी के बीच विश्रामपुर क्षेत्र में पिछले 30 घंटे से ब्लैक आउट है। पूरे क्षेत्र में अंधकार का साम्राज्य कायम हो गया है। यह स्थिति जपला - बी मोड़ बिजली लाइन के बीच दो टावर के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण उत्पन्न हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को आए आंधी तूफान में जपला - बी मोड़ के बीच दो टावर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे बी मोड़ मुख्य ग्रीड में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि विद्युत कर्मी टावर की मरम्मत कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू कर दिए हैं। बिजली विभाग के सूत्रों की माने तो 22 जून देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जायेगी।

# नवीनगर रोड में कल से रुकेगी रांची सासाराम एक्सप्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल अंतर्गत सीआईसी रेलखंड के नवीनगर रोड स्टेशन पर भी 24 जून से ट्रेन नंबर 18635 / 18636 रांची -सासाराम और सासाराम - रांची एक्सप्रेस का ठहराव शुरू किया जायेगा। रेल क्षेत्रीय कार्यालय हाजीपुर के जारी अधिसूचना के आलोक में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यात्रियों की सुविधा को लेकर रांची सासाराम एक्सप्रेस का ठहराव पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के नवीनगर रोड स्टेशन पर 24 जून से



प्रायौगिक तौर पर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। अप में रांची से खुलने वाली यह ट्रेन नवीनगर रोड स्टेशन पर आगमन व प्रस्थान 23. 00 - 23. 02 बजे जबकि डाउन में सासाराम से खुलने वाली यह ट्रेन नवीनगर रोड स्टेशन पर 04. 29 - 04.31 बजे आगमन व प्रस्थान कररने के बाद गंतव्य के लिये रवाना होगी।

# नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** शहर के मध्य स्थित अजित नगर में स्थापित नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर में स्थापित आराध्य देव शिव व मां पार्वती कि प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच पूरे सनातनी रीति रिवाज के अनुरूप सम्पन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिरकत कर बाबा भोले व मां पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त कर महा प्रसाद भी ग्रहण किया।विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सनातन संस्कृति सबसे प्राचीन संस्कृति है। जिसमें भक्ति भाव के साथ आपसी सामंजस्य के साथ जीवन यापन करने का गुर बतलाया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि नव निर्मित मंदिर से स्थानीय लोगों मे काफी उत्साह व्याप्त है। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,सत्यम सोनी सहित कई लोगो की मौजूदगी रही।

# मारपीट मामले में सात की नामजदगी व पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी गांव निवासी पवन कुमार को 20 जून के शाम मे घर से रानीताल डैम ले मारपीट करने मामले में पिता सुरेंद्र राम द्वारा दिये गयेआवेदन के आलोक में 7 नामजद सहित पांच छह अन्य लोगों के विरूद्ध चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में चैनपुर थाना पुलिस कार्रवाई करते हुए शाहपुर कसाई मोहल्ला निवासी शैलू कुरेशी, चैनपुर भट्ठी मोहल्ला निवासी चांद खान, सतबरवा निवासी भोला अंसारी एवं सदीक मंदिर चौक निवासी करण कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सुरेंद्र राम द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 20 जून के शाम मे पवन कुमार अपने




दरवाजे के पास बैठा था उसी क्रम में 7-8 मोटरसाइकिल से आए युवकों ने पवन कुमार का अपहरण कर रानीताल डैम ले गये। वहां ले जाकर लाठी एवं रोड से जान से मारने की नियत से प्रहार करने लगे। पवन कुमार द्वारा हल्ला करने पर आसपास के लोग जूते आसपास के लोगों को आते देख सभी आरोपी भाग निकले। बाद में पवन कुमार को गंभीर स्थिति में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है तत्पश्चात बुधवार के शाम मे सभी आरोपियों के विरुद्ध चैनपुर थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया। चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि दिए गए आवेदन के आलोक में मामला दर्ज करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विधायक के सौजन्य से लगाया गया ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के सौजन्य से 100 केवी का ट्रांसफार्मर पांकी प्रखंड के डंडारकला पंचायत के ग्राम सुरजवन में लगाया गया। बीते कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामवासी बिजली के बिना जीवन अंधरे जी रहे थे। ग्रामवासी बिजली को लेकर ट्रांसफार्मर लगवाने की आस लगाये बैठे हुवे थे। जानकारी मिलते ही विधायक के सक्रिय कार्यकर्ता बिनोद चौहान ने विधायक से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया व लोंगो ने दिल से विधायक को धन्यवाद दिया।

# थाना की मिली भगत से अवैध बालू का कारोबार जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर व हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कबरा और पंसा बालू घाट से बालू का अवैध कारोबार थाना प्रभारी की मिली भगत से जारी है। एनजीटी की रोक के बावजूद हैदारनगर व हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। पुलिस के अधिकारियों की चुप्पी पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं। थाना प्रभारी इस मामले में पूरी तरह अंभिज्ञता जाहिर करते हैं। उनसे पूछने पर बताया जाता है कि एनजीटी की रोक के बाद खनन विभाग द्वारा आवंटित घाटों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



जबकि मामला पूरी तरह अलग है। प्रति दिन रात को हुसैनाबाद व हैदरनगर क्षेत्र की सड़कों पर बालू के ट्रैक्टर धड़ल्ले से चलते हैं। इसका खुलासा सड़कों के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल कर कभी भी किया जा सकता है। मगर यह खुलासा करेगा कौन। क्षेत्र में चर्चा है कि बालू के इस खेल में सभी की संलिप्तता रहती है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि घाट बंद हो या चलूं उन्हे हर हाल में ऊंची कीमत चुका कर ही बालू लेना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा ग्रामीणों को ही उठाना पड़ता है।

## स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में गुरुवार को वंशी विघा स्थित आजसू कार्यलय में आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन अक्षय मेहता ने किया। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, केंद्रीय सदस्य लोकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, मनोज शर्मा आदि ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि प्रदेश में झारण्ड वासियों का विकास रुका हुआ है। लूट-छूट के बल पर प्रदेश चल रहा है। यही हाल हुसैनाबाद का है। यहां भी लूट व भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रखंड अंचल कार्यालय में लूट मची है। घर बनाने के लिए बालू सपना हो गया है। तीन से पांच हजार रुपये तक कि भारी कीमत देकर लोग बालू खरीद रहे हैं और इसमें प्रशासन के लोग मालामाल हो रहे है। जनप्रतिनिधियों द्वारा हुसैनाबाद को जिला बनाने के नाम पर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। इस मौके पर लोकेश सिंह, दिलीप चौधरी, विशाल वर्मा, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### वरिष्ठ नागरिकों के साथ भोजन व परिचर्चा का आयोजन

**पाटन।** छतपुर विधान सभा अंतर्गत पाटन के सगुना सचिवालय में वरिष्ठ कार्यक्रताओं के साथ भोजन एवं परिचर्चा का आयोजन विधायक पुष्पा देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित थे। वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक पुष्पा देवी ने कहा की केंद्र सरकार की 9 साल की सेवाकाल में , सुशाशन/ गरीब लोगो के लिये कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। भाजपा की महा जनसम्पर्क अभियान के तहत योजनाओ के बारे में जन जन तक पहुंचाने की कोशिश है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि मोदी जी का 9 साल का कार्यकाल उपलब्धियों का ऐतिहासिक कार्यकाल व जनकल्याणकारी योजनाओं का साल रहा है । दर्जनों से अधिक योजनाएं चालू होने से आज भारत के निचले पायदान के स्तर लोगों का भी सवार्गीण विकास हुआ है। महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान, मुद्रा लोन , कृषि विकास , उद्योग ,आदि क्षेत्रों में युवा, किसान, महिलाओं को नई उड़ान मिली है। पुनः केंद्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार लाने के लिये जन जन तक पहुंचने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित सगुना मुखिया मंजू देवी, अशोक तिवारी, उदय शुल्का , संजय सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, अभिषेख सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, नवीन दुबे, रेणु देवी, सुजाता सिंह, रणजीत सिंह, आदि दर्जनों में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बंद घर में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** शहर के जीएलए कॉलेज स्मार्ट मॉल के समीप अर्जुन साव के घर में किराए के मकान में रह रहे लेस्लीगंज निवासी अजीत राम के घर बीती रात चोरों ने लाखों के जेवर, 80 हजार कैश,एलईडी टीवी कपड़े सहित अन्य सामान की चोरी कर फरार हो गए। गुरुवार की सुबह मकान मालिक के द्वारा घर में चोरी होने की सूचना अजीत राम को दी गई। चोरी की सूचना मिलते ही अजीत लेस्लीगंज से मेदिनीनगर अपने किराए के मकान में आया तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है और घर से लाखों रुपए के गहने सहित अन्य सामान की चोरी हो चुकी है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से चोरी की घटना के बारे में पूछताछ की। लेकिन किसी ने इस संबंध में जानकारी नहीं दी।वहीं इस घटना के बाद भुक्तभोगी अजीत राम चोरी की घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस चोरी से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वही भुक्तभोगी अजीत राम ने बताया कि वह गर्मी छुट्टी में अपने परिवार के साथ लेस्लीगंज गांव गया हुआ था इसी बीच यह घटना हुई है। चोरी की घटना के बाद से महिलाओं का रो रो कर बुरा हाल था।

### वज्रपात से एक भैंस की हुई मौत, बालक गंभीर

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कोल्हुवाडा गांव में गुरुवार को वज्रपात से एक भैंस की मौत हो गयी। पीड़ित रामवृक्ष मस्ताना की पत्नी मोहरमनिया देवी ने बताया कि घर के बाहर दरवाजे पर भैंस बंधी हुई थी। इसी दौरान करीब पांच बजे बारिश के साथ तेज आवाज से आसमानी बिजली कड़की, जिसके चपेट में आने से उसकी भैंस की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से पशुपालक को 60 हजार रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान बताया जाता है। वही पीड़ित परिवार ने सरकार से मुआवजा की मांग की है। वहीं पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने डॉ. दीनबंधु गुप्ता ने बताया कि मृत भैंस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर पशुपालक को मुआवजे के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।


e- Procurement Cell

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**

**COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice)**

**ई - प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.-(11)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2023-24

Date:-22-06-2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Furnishing Work Of Guest House at Nagar Untari District-Garhwa. | रू0 84,78,800.00 | 03 महीने |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.06.2023 | |
| ii. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 03.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii. | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 04.07.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| iv. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 04.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल, सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8210906921/ 8987663716 | |
| vii. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651.3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 300692 Building Dept Circle - 2 (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-05/2023-24 PR No. 299639 Lohardaga (23-24)D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2023 | 14.06.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 28.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 23.06.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 01.07.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 03.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 300641 Lohardaga (23-24)_D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 12/वर्ष 2023–24**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 **27.06.2023** को **11.00** बजे पूवाह्न से **1.00** बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 **28.06.2023** को **11.00** बजे अपराह्न से **1.00** बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 **28.06.2023** को **02:00** बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. **कार्य का नाम**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply and Installation of Pole light at Divider from Six Muhan Chowk to near sahar Than under Medininagar Municipal Corporation | 994950 | 19900 | 5000 | दो माह |
| 2 | Supply and Installation of Pole light at Divider from near DC Residence to near forest office under Medininagar Municipal Corporation | 994950 | 19900 | 5000 | दो माह |
| 3 | Supply and Installation of Pole light at Divider from Redma chowk to near DC Residence under Medininagar Municipal Corporation | 994950 | 19900 | 5000 | दो माह |
| 4 | Supply and Installation of Pole light at Divider from near forest office to six muhan chowk under Medininagar Municipal Corporation | 994950 | 19900 | 5000 | दो माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 300579 (District) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग**

**जिला नियोजनालय, गढ़वा**

**दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला–जून–2023**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय,गढ़वा द्वारा दिनांक–26.06.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक जिला नियोजनालय, गढ़वा के परिसर में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला– 2023" आयोजित किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Kismati Collage of Nursing Meral. Garhwa | Clerk | 04 (F) | 12th Pass | Computer | 2 yr | 18-25 yr | 6000-8000/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | Tutor | 2(F) | B.Sc. Nursing | - | 2yr | 22-35 yr | 12000/- | |
| 02 | Vananchal Institute of Health Edu. & Research / Vananchal School of Nursing / Vanachal Collage Of Science Dinesh College of Education / Vananchal Dental Collage and Hospital Devki Mahaveer Homoeopathic Medical College & Research Hospital, Farathiya Garhwa. | | | | | | | | |
| | | Lecturer | 88 | M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject | - | - | Upto 65 yr | As Per Norms. | Garhwa, Jharkhand |
| | | HOD | 01 | PG in Soci. | M.Ed | 5yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Professor And Reader | 49 | M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject | - | 4yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Principal and Vice Principal | 02 | B.sc/M.sc. etc. Concerned Subject | - | 3-5 yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Tutor | 10 | B.sc/M.sc./Nursing /Diploma etc. Concerned Subject | - | 2yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Clerk Cum Computer Operator | 09 | Graduation | Computer | - | Upto 60 yr | As Per Norms. | |
| | | Store Keeper | 01 | Graduation | Computer | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Electrician | 03 | ITI (Elect.) | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Plumber | 02 | Matric | - | - | Upto 60 yr | As Per Norms. | |
| | | Gardener | 02 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Cook Male/Female | 04 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Hostel Warden | 02 | Graduation | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Care Taker | 01 | Graduate | - | - | Upto 45 | As Per Norms. | |
| | | Guard Male/Female | 03 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| 03 | Fusion Micro Finance Pvt. Ltd. Garhwa | RO | 04 | 12th pass | - | - | 18-30yr | 11900/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | SRO | 04 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 12200/- | |
| 04 | Nirmala Job Employment agency Patna. Bihar | Branch Manager | 05 | Graduate | - | 1yr | 18-35 yr | 15000/- | Out of Jharkhand |
| | | Computer Operator | 20 | 12th Pass | Computer | - | 18-35yr | 9000/- | |
| | | IT Technician | 80 | 12th Pass | ITI | - | 18-35yr | 20000/- | |
| | | Security Guard | 40 | 10th Pass | - | - | 18-50yr | 15296/- | |
| | | Tele Caller | 40 | 12th Pass | - | - | 18-35yr | 9000/- | |
| | | Driver | 30 | 10th Pass | - | - | 18-40yr | 12000/- | |
| 05 | JYOTI HOSPITAL MERAL GARHWA | ANM Nurse | 02 | ANM | - | - | Up to 45yr | 8,000/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | Staff Nurse | 02 | GNM | - | - | Up to 30yr | 9,000/- | |
| | | Guard | 01 | 10th pass | - | - | Up to 40yr | 7,000/- | |
| | | Sweeper | 01 | Non Metric | - | - | Up to 40 yr | 7,000/- | |
| 06 | IPS Group Mumbai. | Assistant Technician | 35 | ITI (Fitter,Welder, Electrician) | 10th Pass | 1Yr | 18-30 yr | 18000-22000/- | Out of Jharkhand |
| | | Quality Inspector | 75 | ITI (Fitter,Welder, Electrician) | 10th Pass | - | 18-30 yr | 15000-17000/- | |

मेला में भाग लेने वाले नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना गढ़वा जिला के वेबसाईट – www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र,स्थानीय निवास प्रमाण पत्र आदि अन्य प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

नोटः– सभी नियोक्ता झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 300575 Labour Employment and Traning (23-24)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### फांसी लगाकर 25 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सडमा तेनुदीह निवास स्वर्गीय जगदीश यादव के पुत्र राजू कुमार यादव उम्र 25 वर्ष बुधवार ने शाम 5:00 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक के बड़े भाई उदय यादव ने बताया कि बुधवार की शाम घर में कोई व्यक्ति नहीं था।राजू घर में अकेला था तभी वह किसी कारणवश घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। राजू के मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वही ग्रामीणों का कहना है कि राजू का मानसिक हालत भी कुछ ठीक नहीं थी।

### आजसू पार्टी का 38वां स्थापना दिवस मनाया गया

**मेदिनीनगर।** स्टेशन रोड स्थित बिरसा चौक पर आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। आज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता ने अध्यक्षता किया। केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि शहीद निर्मल महतो का शहादत बेकार नही जाने देगे ।सपनो के झारखण्ड के निर्माण का संकल्प लेना है। कार्यक्रम मे जोश पुर्ण नारों के साथ केक काट कर 38 वां पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। व संकल्प सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम को केन्द्रीय सचिव बबलू गुप्ता केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला बुद्धिजीवी संघ के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद आजसू पार्टी महिला संघ के जिलाध्यक्ष प्रमिला मेहता छात्र संघ के जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा विश्वविद्यालय छात्र संघ के नेता अभिशेख राज नितीश मिश्रा विपीन शुक्ला मुकेश पासवान बिरेन्दर सिह तुलसी शुक्ला अशोक विश्वकर्मा प्रेम कान्त तिवारी समेत दर्जनों लोग ने संबोधित किया।

### कांग्रेस मेदिनीनगर की 21 सदस्यीय कमेटी गठित

**मेदिनीनगर।** पलामू में कांग्रेस को सांगठनिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।इसी कड़ी में कांग्रेस के मेदिनीनगर महानगर का 21 सदस्यीय कमेटी गठित किया गया है। कांग्रेस महानगर कमेटी के अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कार्यकारी अध्यक्ष सहजादा अनवर के निर्देश एवं पलामू प्रभारी विनय सिन्हा ,जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। पार्टी के सांगठनिक ढांचा को सशक्त बनाने के लिए शहर के सभी वार्डो में कमेटी का विस्तार किया जाएगा।

# 22 जून को पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के तत्वावधान में में जिले के होटल रमाडा, पलामू में पुलिस अधिकारियों के संवेदीकरण हेतु दिनांक 22 जून 2023 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य तौर पर जिले के पुलिस अधिकारियों को गैर निगमित इकाइयों द्वारा अनधिकृत डिपॉजिट्स के मामले, वित्तीय धोखाधड़ी एवं उनके कार्यविधि एवं उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में खासतौर पर झारखंड प्रोटेक्शन ऑफ डिपॉजिटर्स एक्ट 2011, झारखंड प्रोटेक्शन रूल्स 2015 एवं इवउ़ एक्ट 2019 पर चर्चा की गई एवं इससे संबंधित जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के शिकायत निवारण तंत्र यथा एकीकृत लोकपाल एवं सचेत पोर्टल के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक से संजीव सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रभारी अधिकारी), समीम अंसारी, उप महाप्रबंधक, अरविंद एक्का, सहायक महाप्रबंधक एवं कुमुद कुमार, सहायक प्रबंधक ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों के तरफ से चन्दन कुमार सिन्हा, पुलीस अधीक्षक, पलामू, पुलीस उपाधीक्षक एवं 40 थाना प्रभारियों ने भाग लिया।

# बारिश नहीं होने से किसान व बीज दुकानदार परेशान, आर्द्रा नक्षत्र से उम्मीदें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू आर्द्रा नक्षत्र की शुरूआत गुरुवार से हो जाएगी। कहा जाता है आर्द्रा नक्षत्र भगवान रुद्र का स्वरूप है। जो आंधी तूफान के स्वामी हैं। इसी नक्षत्र से वर्षा चक्र की शुरूआत होती है और इसकी दशा और दिशा तय होती है। आर्द्रा के बारिश के पानी से ही धान की खेती की शुरूआत होती है। पलामू का इलाका 2022 में भयंकर सुखाड़ की चपेट में रहा है और धान की खेती नहीं हुई। 2023 में जून महीने के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत हो गई है, लेकिन पलामू में अभी तक तेज बारिश नहीं हुई है। किसान योगेंद्र शुक्ला बताते हैं कि उन्होंने धान की बीज तो खरीद ली है, लेकिन इसे खेतों में डालने की हिम्मत नहीं है। गांव के सभी जलस्त्रोत सूख गए हैं चाहे वह चापाकल हो या बोरिंग, उन्होंने कहा कि आर्द्रा नक्षत्र की शुरूआत होने वाली है, पता नहीं इस बार कैसी बारिश होगी। वहीं, राजेश प्रजापति कहते हैं कि खेती करने की हिम्मत नहीं हो रही है क्योंकि बारिश को लेकर वह आशंकित हैं। इधर, मानसून के आगमन को लेकर कृषि विभाग में भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य सरकार के तरफ से कृषि विभाग ने अनुदान पर 4500 क्विंटल धान का बीज उपलब्ध करवाया है। पलामू जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी ने बताया कि ने विभाग ने जिला के लिए 6300 क्विंटल धान की बीज की मांग की थी, लेकिन उसके अनुरूप आवंटन मिला है। 2023 में पलामू में 52 हजार हेक्टेयर में धान की खेती करने का लक्ष्य रखा है।

## 15 अगस्त तक लक्ष्य पूरे करनें के निर्देश

# प्रमंडलीय आयुक्त ने केसीसी व मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा की

### सब्जी, फलों, फूलों एवं पशुधन सहित अन्य कृषि कार्य के लिए केसीसी काफी सहायक है


### विभिन्न बैंक प्रबंधकों को 1 माह में केसीसी के आवेदनों के निष्पादन का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) उपलब्ध कराये जा रहे हैं। किसान इस योजना का लाभ लेकर उन्नत कृषि कार्य कर सकेंगे। केसीसी से किसानों को कृषि उपकरण, उर्वरक कीटनाशक आदि कृषि कार्य में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री की खरीद में आसानी होगी। सब्जी, फलों, फूलों एवं पशुधन सहित अन्य कृषि कार्य के लिए केसीसी काफी सहायक है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सभी को गंभीरता से कार्य करना होगा। योजना के लाभ से कोई भी योग्य लाभुक किसान वंचित नहीं रहना चाहिए। किसानों से प्राप्त एवं पूर्व के लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें और 15 अगस्त तक शत प्रतिशत किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लक्ष्य को भी 15 अगस्त तक पूरा करें। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कही। वे आज समाहरणालय सभागार में पलामू जिले में केसीसी एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त ने बैंक प्रबंधकों को विशेष ध्यान देने एवं केसीसी के कार्य में कतई शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी एवं बैंक प्रबंधक आपसी समन्वय से केसीसी के आवेदनों का निष्पादन करें और किसानों कों लाभान्वित करें। उन्होंने विभिन्न बैंक प्रबंधकों को 1 माह में केसीसी के आवेदनों का निष्पादन कर अधिकाधिक किसानों को केसीसी का लाभ देने एवं 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निदेश दिया। आयुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में भी अपेक्षित प्रगति लाकर 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक पशु दो अलग-अलग पशुपालकों को दिए जाने की शिकायत मिलने पर इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई होगी। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को निदेश दिया कि उनके क्षेत्र में केसीसी के लाभ से एक भी लाभुक नहीं छूटने पाये।बैठक में आयुक्त मनोज जायसवाल, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद एवं अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, एलडीएम अंथोनी लियांगी सहित विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# विहंगम योग संस्थान की बैठक 25 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के पलामू जिला शाखा की बैठक 25 को आयोजित की गयी है। इस संबंध में संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने बताया कि जिलास्तरीय बैठक मेदिनीनगर स्थित गोविंद भवन में आयोजित की गयी है। 25 जून को सुबह 10 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू होगी। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि बैठक में जिले के सभी प्रखंड के प्रभारियों के अलावा सभी उपदेष्टा, प्रचारक, आश्रम प्रतिनिधि एवं सभी सेवा प्रकल्प के प्रभारी निश्चित रूप से भाग लेंगे।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**मेदिनीनगर।** कुत्ते को बचाने के क्रम में दो युवक बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शाहपुर निवासी मुबारक कुरेशी 35 वर्ष और चूरन कुरेशी 30 वर्ष गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर किसी काम से गढ़वा जा रहे थे। तभी रास्ते में एक कुत्ता को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर दोनो युवक बाइक से गिरकर घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### फारवर्ड ब्लॉक के स्थापना दिवस पर सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**मेदिनीनगर।** सदीक मंजिल चौक फारवर्ड ब्लॉक के स्थापना दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने स्थापित नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि 1939 ई0 में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस ने आज ही के दिन लोकतंत्र क्रांति का प्रतिक बनाने के लिए कांग्रेस में फारवर्ड ब्लॉक कि स्थापना कि थी।

# गोली चलाने की घटना में थाने में मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटीकर सूरज चंद्रवंशी के घर के समीप बुधवार के 9:00 बजे रात में जेलहाता निवासी 22 वर्षीय छोटू राम उर्फ राजू राम को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। राजू के दोस्तों ने गंभीर स्थिति में छोटू राम उर्फ राजूराम को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया पर परिजनों ने मेदिनीनगर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है।डॉक्टर के अनुसार अभी भी गंभीर स्थिति बनी हुई है।इस संबंध में छोटू राम उर्फ राजू राम के दोस्त घटनास्थल पर मौजूद सुभाष चौक निवासी करण कुमार ने शहर थाना में आवेदन देते हुए बेलवाटीकर निवासी सूरज चंद्रवंशी, भट्ठी मोहल्ला निवासी रौशन कुमार सहित तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन के अनुसार 2 दिन पूर्व चैनपुर थाना क्षेत्र के रानीताल डैम के समीप सूरज चंद्रवंशी के दोस्त सहित अन्य लोगों के साथ मारपीट हुआ थी।इस संबंध में सूरज के दोस्त पवन चंद्रवंशी द्वारा चैनपुर थाना में कुछ लोगों को मामला दर्ज कराया था जिस कारण चैनपुर पुलिस धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। बुधवार के करीब 8:00 बजे रात में छोटू राम उर्फ राजूराम,अली एवं हम कोयल नदी किनारे पार्क में बैठकर समझौता करने का निर्णय लिया करीब 9:00 बजे रात में तीनों दोस्त समझौता के उद्देश्य से सूरज चंद्रवंशी के घर पर पहुंचे अली द्वारा आवाज देकर सूरज को घर से बाहर बुलाया 5 मिनट बाद सूरज हाथ पीछे करके आया और बोला कि तुम लोगों से क्या बात करना है कहते हुए सीधे गोली चला दी गोली की आवाज सुन अफरा तफरी मच गई इसी क्रम में सूरज चंद्रवंशी, भट्ठी मोहल्ला निवासी रौशन कुमार सहित तीन अज्ञात लोगों मौका का फायदा देखते हुए दौड़ कर भाग निकले बाद में हम दोनों दोस्तों ने छोटू राजूराम को अपनी बाइक पर बैठा कर मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती कराया।शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि करण कुमार द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में अब तक किसी लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# प्रो० की मौत के लिए कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष जिम्मेदार:झा.क्रां.मं.

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु,मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष पूर्व उप डाकपाल रामनरेश राम व मंच के केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम, केन्द्रीय सचिव सह लेस्लीगंज के पूर्व जिला पार्षद निर्मला कुमारी व मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम ने संयुक्त शोक विज्ञप्ति जारी कर हुसैनाबाद के पतरिया ग्राम वासी व ए०के०सिंह कॉलेज में जियोलॉजी के प्रोफेसर उदेश्वर राम की आर्थिक अव्यवस्था का शिकार होकर दुःखद मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए इसके लिए कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष व वर्तमान विधायक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। जेकेएम नेताओं ने कहा है कि 2016 से लेकर 2020 तक कॉलेज में अपनी सेवाएं दे चुके प्रो०उदेश्वर राम जैसे कई लोगों की सेवाओं को राजनीतिक कारणों से अवैध ठहराकर हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद भी 2017 से बकाया मानदेय का भुगतान नहीं करमरने के लिए विवश करनेवाले वर्तमान विधायक का सामंती सोच शैक्षणिक माहौल के खिलाफ है,जो निंदनीय है। हम प्रोफेसर उदेश्वर राम की असामयिक मौत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री व्र शिक्षामंत्री हेमन्त सोरेन से उनके परिजनों को पचास लाख रुपए मुआवजा, बकाये मानदेय का शीघ्र भुगतान के अलावा उनके एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हैं।

### 35 वर्ष बाद मिला पानी..

# बेलवाटिका में पानी के नये कनेक्शन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा बेलवाटिका जहां से पूरे शहर का पानी सप्लाई होता है, वही 35 वर्षों से गुरुनानक कॉलोनी और गुरुद्वारा रोड में किसी भी घर को चंद पाइपलाइन के चलते नहीं पानी मिल पा रहा था । आज वहां 35 वर्षों बाद निगम द्वारा नयी पाइपलाइन लगाते हुए पानी का सप्लाई शुरू करा दिया गया। ' इस अवसर पर मोहल्लों की महिलाओं एवं बुजुर्गों ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं वहां की पूर्व पार्षद अंजना जी को बुके देकर सम्मानित करते हुए कहा 35 वर्षों का सपना मेयर मैडम के कारण आज पूरा हो रहा वरना हम लोगों ने तो आसरा ही छोड़ दिया था। प्रथम महापौर ने महिलाओं के चेहरे में खुशी देखते हुए कहा मुझे मालूम है पानी के बिना महिलाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, कपड़ों की सफाई ,वगैरह कार्य करने में कितना दिक्कत होता दूर-दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी होती समय भी काफी लगता पर हम सबों के लाख प्रयास करने के बाद शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू फेस 3 आज भी सरकार में फंसा है । काश सरकार हम महिलाओं की मजबूरी समझती। प्रथम महापौर ने कहा हम सबों ने कुछ वार्ड और भी चिन्हित किए हैं जहां छोटे-छोटे पाइपलाइन देकर ज्यादा से ज्यादा मोहल्ले वालों को लाभ दिया जा सके जल्द मैं उन तक भी पहुंचगी' इस अवसर पर निगम की ओर से सिटी मैनेजर स्मिता भगत, कार्यालय सहायक अशोक सिंह, राहुल कुमार और पानी सप्लाई वर्क वर्क देख रहे छोटेलाल कैंप में उपस्थित थे।

## कार्यक्रम

### मतदाता सूची में सुधार के लिए

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

### भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्प लाइन एप्प(भीएचए) व वोटर पोर्टल.ईसीआई.जीओभी.इन के माध्यम से आवेदन दिया जा सकता है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एस.एस.आर2024) को लेकर गुरुवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि 17 अगस्त 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान एक जनवरी 2024 तक जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक है, वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, पहचान पत्र में सुधार करने, जिनका निधन हो गया है उनका नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए मतदान केंद्र के बीएलओ, मतदान क्षेत्र के एईआरओ, एआरओ अथवा डब्लू डब्लूडब्लू. एनभीएसपी. इन के ऑनलाइन पोर्टल एवं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्प लाइन एप्प(भीएचए) व वोटर पोर्टल. ईसीआई. जीओभी. इन के माध्यम से आवेदन दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति मतदाता सूची में निबंधित नहीं है, वैसे व्यक्ति प्रपत्र छह में निबंधन के लिए आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए एक रंगीन फोटो, आयु प्रमाण पत्र एवं पता का प्रमाण से संबंधित कागजात संलग्न करना होगा। मृत अथवा स्थानांतरित प्रविष्टि के विलोपन के लिए प्रपत्र सात में आवेदन दिया जा सकता है। मतदाता सूची में अंकित प्रविष्टि की शुद्धि के लिए प्रपत्र आठ में आवेदन दिया जा सकता है। मौके पर उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से प्राप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यों को जिला स्तर से ससमय पूर्ण कराते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 को किया जायेगा। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से कहा कि मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति वह अपने स्तर से सुनिश्चित करें। ताकि पुनरीक्षण अवधि में सभी छुटे हुये योग्य एवं अहर्ता प्राप्त नागरिकों का निबंधन मतदाता सूची में करा मतदाता सूची का स्वच्छ एवं त्रुटिरहित निर्माण किया जा सके। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव उपस्थित थे।

# वज्रपात की चपेट में आकर पाचाडुमर गांव निवासी सहायक शिक्षक की पत्नी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को हल्की बारिश और तेज गर्जन के साथ हुई वज्रपात में पाचाडुमर गांव निवासी सहायक शिक्षक रामाश्रय प्रसाद की पत्नी शशीकला देवी (40) की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि भोला बैठा की पत्नी मरछी देवी (68) घायल हो गयी है। जानकारी के अनुसार शशीकला देवी अपने खेत में घास काट रही थी। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ जिसमें महिला की मौत हो गई। वहीं मरछी देवी अपने घर के बाहर बैठी थी जब वह वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गयी। उसका इलाज चल रहा है।



घटनास्थल पर केतार थाना की पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी के बाद परिजनों की रोने बिलखने की आवाज से गांव का माहौल गमगीन हो गया। खबर सुनते ही सैकड़ों ग्रामीण मृतक के घर पहुंच गए। इस मौके प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, उप मुखिया प्रदुम्न प्रसाद, गुडन पासवान, सुधीर ठाकुर, दिलीप बैठा, धीरू कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## वज्रपात की चपेट में आकर गाय की मौत, बैल घायल

**मेराल।** थाना क्षेत्र के तीसरटेटुका गांव निवासी जमरुद्दीन अंसारी की गाय बुधवार को वज्रपात से मौत हो गई। जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य पति मुजम्मिल अंसारी ने बताया कि जमरुद्दीन अंसारी की गाय तथा एक बैल साथ में खेत में चर रहे थे कि अचानक हल्की बारिश के साथ वज्रपात होने पर घटनास्थल पर ही गाभिन गाय की मृत्यु हो गई तथा बैल घायल हो गया। महंगे दामों पर खरीदी गई गाय दूसरी बार गाभिन हुई थी। सात माह पूरा हो चुका था। तीन किलो एक वक्त में दूध देती थी। जमरुद्दीन अंसारी ने सरकारी प्रावधानों के अनुसार सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है।

## डंडई प्रखंड में वज्रपात की घटनाओं में एक महिला व एक बैल की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को हुई वज्रपात की दो घटनाओं में डंडई गांव की एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि कपाराठ गांव निवासी शिव कुमार सिंह का कीमती बैल मर गया। बताया जाता है कि डंडई गांव की मृतका रीना देवी आनंद पटवा की पत्नी थी। वह घर से कुछ दूर खेत में बांधे अपनी बकरी को लेने गई थी। खूंटे से बकरी को खोलते तक तेज बारिश शुरू हो गई। इस पर वह बकरी को खोल कर एक पेड़ के नीचे बारिश खत्म होने का इंतजार करने लगी। इसी बीच पेड़ पर वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में वह आ गई। वह बेहोश होकर घटनास्थल पर ही गिर गई। उसे आनन फानन में परिजनों द्वारा स्थानीय क्लीनिक में ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, कपाराठ गांव निवासी शिव कुमार सिंह का बैल गांव के खेत में चर रहा था। इसी बीच बेल के ऊपर ही वज्रपात हो गया, जिस कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बाजार मूल्य के अनुसार बैल की कीमत 30,000 से ऊपर की थी। शिवकुमार काफी मर्माहत है। भुक्तभोगी शिव कुमार ने बताया कि किसानी कार्य को लेकर अपने घर में दो बैल रखा था। 2 माह पूर्व बीमारी से एक बैल की मौत हो गई थी। कहा कि दोनों बैलों की मौत हो जाने से मेरे ऊपर बहुत बड़ा पहाड़ टूट गया। जेब में पैसा भी नहीं है कि बाजार से तुरंत बैल की खरीदारी कर अपनी खेती का काम कर सकूं। बैल के अभाव में खेत इस वर्ष पूरी तरह परती रह जाएगी।

### बहियार काला का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बना हाथी का दांत

# आजादी के 75 साल बाद बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
आजादी के 75वें वर्ष और अलग राज्य होने के 23वें वर्ष में भी प्रखंड मुख्यालय से 10-15 किमी सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के गरीब-मजदूर, असहाय लोग प्राथमिक चिकित्सिय सुविधा से वंचित हैं। प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए बहियार काला में बना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य उप केंद्र फिसड्डी साबित हो रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रथम संपर्क केंद्र हैं। चूंकि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की अपेक्षाकृत छोटी इकाई है, लेकिन इसके माध्यम से रोग निवारक, प्रोत्साहक और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं सहित ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने की उम्मीद की जाती है। ये गांव स्तर पर स्थित स्वास्थ्य चौकियां हैं, जो आमतौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन, असहाय और तत्कालीन चिकित्सिय सुविधा, व्यवहार परिवर्तन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पोषण, टीकाकरण, डायरिया नियंत्रण और संचारी रोगों के नियंत्रण के संबंध में सेवाएं प्रदान करने के लिए उप-स्वास्थ्य केंद्रों की मुख्य भूमिका होती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य संबंधित सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य केंद्र होते हुए भी ग्रामीणों को 10-12 किलोमीटर दूर रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या नगर उंटारी जाना पड़ता है, जिससे कभी कभी तत्कालीन चिकित्सा सुविधा की जरूरत होने पर सुविधा नहीं मिल पाती है और रोगी दम तोड़ देता है।

वीरान पड़ा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर




हेल्थ सेंटर के बरामदे में भरा कचरा









**क्या कहते हैं स्थानीय ग्रामीण :** ग्रामीण साविद हसान उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र के बारे में बताते है कि मैं बाहर मजदूरी करता हूं। जब भी घर आया हूं इस केंद्र में कभी भी किसी का इलाज होता नहीं देखा। यहां चिकित्सक या किसी भी चिकित्सा कर्मी का दर्शन दुर्लभ है, रात में किसी की तबीयत खराब होने पर झोला छाप से प्राथमिक उपचार के लिए विवश हैं। वहीं 55वर्षीय नजरूद्दीन अंसारी ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के लिए हमने करीब 9 वर्ष पूर्व सात कट्ठा जमीन दी और भवन निर्माण में मजदूरी भी की है। भवन बनते समय का मजदूरी 32 हजार रुपये आजतक नहीं मिली है और न ही चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती है। कभी कभार डॉक्टर आते हैं, जिसका पता किसी को चलता है तो किसी को नहीं भी चलता है। वहीं जाटा रजवार ने बताया कि दिहाड़ी मजदूरी कर किसी प्रकार गुजर बसर करते हैं। स्वास्थ्य केंद्र बना तो उम्मीद जगी कि अब गांव में ही छोटी-मोटी बीमारी का इलाज होगा, लेकिन केंद्र हाथी का दांत साबित हो गया, जो सिर्फ दिखावे के लिए है। वहीं लाइसरीन बीबी ने बताया कि महिला संबंधित बीमारी के छोटे-मोटे इलाज के लिए भी हम लोगों को रमना या तो नगर जाना पड़ता है। रात में डिलीवरी की जरूरत होने पर बहुत दिक्कत होती है। यहां डॉक्टर या कोई स्वास्थ्य कर्मचारी के नहीं होने पर हम लोगों को दूर जाना पड़ता है। केंद्र बना लेकिन स्वास्थ्य समस्या में मददगार नहीं है। हम पहले भी स्वास्थ्य सुविधा से दूर थे और आज भी हैं।

**चिकित्सा उपाधीक्षक नहीं उठाया फोन :** एक ओर जहां सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में विकास का ढिंढोरा पीट रहे हैं, वहीं प्रखंड के ग्रामीण इलाके मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हम 21वीं सदी में नहीं प्राचीन काल में है, जहां के लोग किसी भी बीमारी में भगवान भरोसे रहते थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित होते हैं, लेकिन इस प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र के अधीन संचालित हो रहे। इस संबंध में अनुमंडलीय चिकित्सा उपाधीक्षक से फोन द्वारा संपर्क कर इस उपकेंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गयी लेकिन रिस्पांस नहीं मिला।

## छापा मार कर 8 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव में बिजली विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर 8 लोगों को मौके से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा। सभी के ऊपर थाने में कनीय अभियंता दीपक कुमार ने लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पूछे जाने पर दीपक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छतैलिया व बेता गांव में छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इन सभी के ऊपर क्षति पूर्ति का जुर्माना लगाते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 बटा 138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस कार्रवाई से चोरी से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मचा है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

**केतार।** के तार - खरौंधी मुख्य पथ पर दासीपुर गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कांडी थाना क्षेत्र के सतबहिनी गांव निवासी ललू यादव का पुत्र बिपिन यादव बाइक से उत्तर प्रदेश के राबट्र्सगंज जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें बिपिन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरा बाइक चालक चेचरिया गांव निवासी बबुंदर यादव बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने घायल बाइक चालाक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पीएस आई संजय हेंब्रम ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

## संक्षिप्त

### नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ें



**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक को निर्वाचन संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने उन्हें प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बीडीओ मुकेश मछुआ ने सभी बीएलओ को आगामी आम चुनाव के मद्देनजर त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए सभी योग्य व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए प्रपत्र 6 भरा जाना है। साथ ही मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित व डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम भौतिक सत्यापन के बाद मतदाता सूची से हटाया जाना है। इस मौके पर समन्वयक राकेश कुमार, आपरेटर संजीव पांडेय, बीएलओ रानी देवी, अनु देवी, अनीता देवी, सोनम देवी, संगीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वयंसेवक शिक्षकों का कार्यक्रम आयोजित

**खरौंधी।** नवभारत साक्षरता अभियान के तहतखरौंधी प्रखंड के सभी चयनित 64 एमटी/स्वएंसेवक शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उच्च विद्यालय खरौंधी में आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनर सह प्रखंड समन्वयक रंजू गुप्ता ने बताया कि नव भारत साक्षरता अभियान के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु वाले निरक्षरों की सर्वे कर उनका चिन्हित करना है, साथ ही उन्हें पढ़ाने के लिए गांव/टोले में में से ही स्वएंसेवक शिक्षक नियुक्त है। इन्हीं सब बिंदुओं को समझाने के लिए उच्च विद्यालय खरौंधी में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक, विधायक प्रतिनिधि बिनोद चौधरी, शिक्षक अमरेश राम, इंदल पासवान, समाजसेवी संकेत कुमार श्रीवास्तव ने किया। मौके पर एमटी अशोक ठाकुर,सुशील यादव,शिवनाथ यादव, पुनमलता, इंदु देवी, लीलावती कुमारी, स्वीटी देवी, माया आजाद, सहित सभी एमटी/भीटी उपस्थित थे।

### पंचायत भवन में योग शिविर का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर ऊंटरी प्रखंड अंतर्गत गरबांध ग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से पंचायत भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंचायत के मुखिया सिविस्टयानी देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सक डॉक्टर एकता बॉम्बेरवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक विकास कुमार पटेल द्वारा योग कराया गया। शिविर में ललिता देवी, आशा देवी, अंजू देवी, सुनीता देवी, मणि प्रसाद यादव, अनिल कुमार यादव, जितेंद्र बारी, ओमप्रकाश पासवान, राम प्रसाद उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बीस-सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक 26 को

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितीश कुमार भास्कर की अध्यक्षता में बीससूत्री कृण्यावन समिति की बैठक 26 जून 2023 दिन सोमवार को आहूत की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी विभाग से संबंधित कर्मी अपने-अपने अद्यतन प्रतिवेदन के साथ ससमय बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। विभाग से संबंधित कर्मी अंचला अधिकारी, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, शाखा प्रबंधक, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज, सभी पंचायत सचिव, खरछढर समन्यवयक के नाम शामिल हैं।

### घर में काम कर रही छात्रा को सांप ने काटा

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के डंडई गांव निवासी प्रदीप साह की पुत्री पूनम कुमारी (18) को सांप काट लिया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में कुछ काम कर रही थी। उसी बीच अचानक उसके दाहिने पैर में सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### छत से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र के रेहला गांव निवासी रामबली विश्वकर्मा की पत्नी ममता देवी (35) छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह छत पर गेहूं सुखाने गई हुई थी। पाव फिसल जाने के कारण छत से नीचे गिर गई। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में गुरुवार को केतार पैक्स प्रबंधन समिति के गठन के लिए अध्यक्ष पद को लेकर बंशीधर नगर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह केतार निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष मिथलेश कुमार गुप्ता, नीतीश कुमार, अमर नाथ जयसवाल, रवि कुमार रवि ने केतार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि केतार पैक्स के अध्यक्ष पद हेतु चार प्रत्याशियों का नामाकंन स्वीकृत किया गया है। आगामी 24 जून को नामांकन वापसी का समय निर्धारित है।



नामांकन वापसी के पश्चात 4 जुलाई को केतार पैक्स चुनाव का मतदान कराया जाएगा और उसी दिन चुनाव का रिजल्ट भी घोषित किया जाएगा। इस मौके पर मजिस्ट्रेट आनंद कुमार, पीएसआई संजय हेंब्रम, मुखिया प्रमोद कुमार, राजनाथ जयसवाल, नीतीश कुमार, अवधेश प्रसाद, बीरबल मेहता, शिवदत्त मेहता, अरविंद बैठा, महेंद्र पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## कमीशन के नाम पर लाभुकों के पैसे का गबन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
प्रखंड में मनरेगा भेंडर की ओर से अधिकारियों के कमीशन के नाम पर लाभुकों के पैसे का गबन किया जा रहा है। इस लाभुकों ने इस संबंध में उपायुक्त के नाम बीडीओ को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। लाभुक बाला प्रसाद यादव, अनिता देवी, राम सरकार मिश्रा, अजमेरी बीबी, संजय राम, शिव शंकर प्रसाद, चनरदेव राम, अजय ठाकुर, चरकु राम, मंसूर अंसारी, लालू सिंह, प्रेम राम, जयनन्दन यादव, सुभान अली सहित दर्जनों लभुक ने बताया कि भेंडर अलियास अंसारी द्वारा लाभुक को किसी भी तरह की कोई भी सामग्री नहीं दी जाती है। केवल लेटर पैड पर फर्जी सामग्री



लिख कर दी जाती है। लाभुक बाला यादव के द्वारा बताया गया कि भेंडर के खाते में दो लाख बीस हजार पांच सौ रुपये आये थे। इसके बाद भेंडर द्वारा एक माह तक पैसा के लिए घुमाया जाता रहा। जब कुछ गणमान्य लोगों से शिकायत की तो एक लाख नवासी हजार रुपये ही दी गई। बाकी 31 हजार रुपये हड़प लिये। इसी प्रकार लाभुक अनिता देवी पति रामेश्वर राम से 24 हजार, राम सरकार मिश्रा से 33 हजार, अजमेरी बीबी से 43,450 रुपये संजय राम पिता कामत राम का 20 हजार रुपये, भेंडर द्वारा हड़प लिये गये। जब भेंडर अलियास अंसारी से पूछा जाता है तो बोला जाता है कि मेरा कोई बाल भी बांका नही कर सकता। हम सरकार द्वारा मनोनीत भेंडर हैं। सिर्फ कागज देते हैं और कमीशन लेकर बीडीओ सहित ऊपर तक पहुचाते हैं। भेंडर इलियास अंसारी से पूछे जाने पर कहा कि सभी का पैसा दे दिया गया है, झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

### संकट | तीन माह से किसी ने सुध लेने की जरूरत नहीं समझी

# चापाकल खराब, पानी के लिए हाहाकार

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी पंचायत के बजरमरवा शिव मंदिर के समीप पिछले तीन माह से चापाकल खराब है। पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीण भारत साव, रामलखन यादव, गौरी साव, मनदीप साव, लालमनी देवी, रीना देवी, बनीता कुमारी, कबूतरी देवी, लालती देवी ने बताया घर के पास लगे सरकारी चापाकल से हमलोग पानी पीते थे, लेकिन वह पिछले तीन माह से खराब है। चापाकल को बनवाने के लिए मुखिया, पंचायत सचिव तथा अन्य पदाधिकारी से बोले, लेकिन किसी ने चापाकल बनवाने का काम नहीं किया, जबकि



गांव में ही कई खराब चापाकलों को मुखिया ने बनवाया है। चापाकल नहीं बनने से पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। अंत में हम लोग गांव के ही डॉ गिरवर गुप्ता से पानी मांगे तो वहीं तीन माह से पानी दे रहे हैं। वहीं भाजपा नेता रामप्रीत गुप्ता तथा डॉ गिरवर गुप्ता ने बताया प्रखंड में पिछले वर्ष बारिश नहीं होने से सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया था। बारिश नहीं होने से जनवरी तथा फरवरी माह में ही प्रखंड की तीनों लाइफ लाइन नदी सूख गई। इससे प्रखंड का जलस्तर काफी नीचे चला गया, जिससे अधिकांश चापाकल तथा जलमीनार का पानी सूख गया। गांव के लोगों ने हमसे पानी मांगा तो हमलोग उसी समय से अपने घर से पानी दे रहे हैं। आगे भी देते रहेंगे।

वहीं मुखिया पति खरौंधी कृष्णा साव ने बताया कि अगर मुझे पहले से मालूम होता तो अब तक उक्त चापाकल को बनवा दिया जाता। पिछले माह में ही पंचायत के कई चापाकल की मरमत कराए हैं। अगर चापाकल खराब है तो जल्द उसे बनवा लिया जाएगा।

## वन विभाग ने 10 लाख की खैर की लकड़ी की जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
वन विभाग की टीम ने रमना पुलिस के सहयोग से टंडवा ग्राम की बांकी नदी पुलिया से पुरब तट के करीब परिवहन के लिए रखे गए चार ट्रैक्टर खैर की लकड़ी को बुधवार को देर रात्रि जब्त कर रमना स्थित वन परिसर कार्यालय ले आया है। जब्त की गई खैर की लकड़ी का अनुमानित मूल्य दस लाख रुपये आंका गया है।



प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी गढ़वा के निर्देशानुसार बुधवार को देर शाम रमना थाना के एसआई विवेक पंडित पुलिस बल के साथ टंडवा में बांकी नदी पुलिया के समीप छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर खैर की लकड़ी काट कर रखी गई थी, जिसे जब्त करते हुए चार ट्रैक्टरों के माध्यम से वन परिसर में लाया गया। दल में प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता के साथ वनरक्षी सचिन कुमार, नवीन कुमार शुक्ला, ध्रुव कुमार, राजू कुमार, राजीव रंजन कुमार, प्रवीण कुमार शुक्ला व मनीष टोप्पो शामिल थे।

# जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- खतरे में है लोकतंत्र

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैशी एवं मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार की लोकप्रियता को देखते हुए आज



जदयू से कई लोग जुड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आप सभी गांव-गांव जाकर बूथ स्तर तक लोगों को जोड़ें ताकि संगठन और मजबूत हो सके।

इस अवसर पर खीरू महतो ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आज देश में जो हालात हैं उससे लोकतंत्र खतरे में है। इसी को देखते हुए हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विपक्षी दलों की एक बैठक शुक्रवार को पटना में होने जा रही है जिसमें आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव पर गहन मंथन किया जाएगा।

**केंद्र के नीतियों के चलते महंगाई व बेरोजगारी चरम पर :** जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण आज देश में महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी से युवा त्रस्त है और किसान परेशान नजर आ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी पर मोदी सरकार बात नहीं करती और इसे छुपाने के लिए केंद्र सरकार नए-नए तरीके इजाद करते रहती है। लेकिन आज के युवा समझदार है। वह जानता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हमें किसे चुनना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, निर्मल सिंह, संजय कुमार सिंह, यशवंत सिंह, वीरेंद्र पासवान, राम जगत सिंह, संतोष गुप्ता, मो. वहाब अंसारी, मो. इसराफिल अंसारी, मो. खुर्शीद अंसारी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों की संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डीसी ने बलबल बागेश्वरी मंदिर में चल रहे सुंदरीकरण कार्य का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

उपायुक्त अबु इमरान गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलबल गर्म जल कुंड क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त श्री इमरान ने मां बागेश्वरी मंदिर बलबल में चल रहे सुंदरीकरण व निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए निर्माण कार्य करा रहे संवेदक को तय समय सीमा के अंदर और जल्द से जल्द सुंदरीकरण व निर्माण कार्य को पूर्ण कराने को लेकर दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके



अलावे उपायुक्त गर्म कुंड व मंदिर क्षेत्र के विकास आदि पर भी चर्चा की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, प्रमुख पति उमेश गोप, समाज सेवी शशि कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बारियातु प्रखंड क्षेत्र में दो गरीबों को किया बेघर

# हाथियों का उत्पात जारी

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों प्रतिदिन हाथियों का उत्पात जारी है। साल्वे पंचायत के रेंची ग्राम स्थित ठिठोरिया आमटोला में बिते रात हाथियों की झुंड ने बरतु गंझु पिता नान्हु गंझु की ईंट एलबेस्टर घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखी समाग्री को नस्ट कर दिया। भुक्तभोगी बरतु गंझु ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथियों ने घर में रखे 6 क्विंटल चावल, दो बोरा अरहर और दो किलो घी चट कर गया। वहीं एक बक्सा चावल के साथ सुरक्षित रखे बारह हजार रुपये एवं बीस हजार रुपये के जेवरात भी खा गए। पास के बिजली के तार को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के उत्पात से लगभग दो लाख रुपये की क्षति हुई है।

ईधर टोटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह गांव के बुंदयाही टोला में हाथियों ने दिलीप गंझु पिता रिझु गंझु के घर को भी क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज को खा लिया। जानकारी देते हुए दिलीप ने बताया कि चावल, दाल, खाकर घर के साइकिल, फर्नीचर सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें लगभग एक लाख रुपये की क्षति हुई। हाथियों के झुंड़ को ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से गांव से थोड़ी दूर हटा पाये। हाथियों द्वारा उत्पात किए जाने की सूचना पाकर जिप सदस्य रमेश राम, वनरक्षी सबमिट आफिसर संतोष मिंज, प्रमुख उर्मिला देवी, पीड़ितों के घर पहुंचकर नुकसान का जानकारी ली एवं पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि वन विभाग यदि हाथियों के उत्पात का स्थायी समाधान नहीं निकालता है तो बाध्य होकर वन विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे। ज्ञात हो कि बारियातु प्रखंड में तीन दिनों से जंगली हाथियों का कहर जारी है।



## हाथी ने तंबोली में एक व चंपा में दो घरों पर किया हमला

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के तंबोली गांव और चंपा गांव में एक जंगली हाथी ने तीन घरों ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को अहले सुबह लगभग 3 बजे छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र के जंगल की ओर से आये एक जंगली हाथी तंबोली गांव के हेंनरी केरकेट्टा के घर पर हमला कर मिट्टी का घर तोड़ दिया। घर पर रखे दो क्विंटल धान चट कर बर्बाद कर दिया। घर पर मौजूद पांच लोग डरकर बाहर निकल गए, फिर हाथी वहां से निकलकर सरनाडीह जंगल की ओर चला गया। रात्रि होने के हाथी वहां से निकलकर चंपा गांव पहुंचा जहां मनसब किसान के घर को तोड़कर वहां रखे क्विंटलों अनाज क्षतिग्रस्त कर खा लिया। इस दौरान मनसब किसान और उसके परिवार घर में दुबके रहे। कुछ दूर चंपा के देसिया देवी के घर को हाथी ने तोड़ दिया। इस संबंध में वनपाल अजय टोप्पो ने बताया कि हाथी को छत्तीसगढ़ की ओर खदेड़ दिया गया है। यह पीटीआर क्षेत्र का हाथी नहीं था। महुआडांड़ क्षेत्र में जब छत्तीसगढ़ की ओर से हाथी उतरते हैं और लोगो के घरों को नुकसान पहुंचाते हैं। पीड़ित परिवारों के आवेदन के बाद जांच कर नुकसान के आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाएगा।



# लाभुकों को ससमय खाद्य वितरण करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**




समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें आपूर्ति विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्य यथा राशन कार्ड वितरण, एनएफएसए वितरण, जेएसएफएसएस, मुख्यमंत्री दाल भात योजना समेत अन्य योजनाओं और उनके अद्यतन स्तिथि पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के तहत जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी देते हुए बताया कि इस संदर्भ में मई 2023 के प्राप्त आकड़े अनुसार चतरा राज्य स्तर पर पांचवें पायदान पर है तथा जून 2023 के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार तीसरे स्थान में है। उपायुक्त ने चतरा, सिमरिया, मयूरहंड, लावालौंग और टंडवा समेत अन्य प्रखंड द्वारा लक्ष्य के अनुरूप काम न कर पाने पर नाराजगी जताते हुए खाद्य वितरण के कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रखंडवार किये गये कार्यों की जानकारी दी गई, जिसमें प्रतापपुर, इटखोरी और टंडवा में उपेक्षा अनुरूप कार्य न होने पर उपायुक्त ने रोष जाहिर करते हुए सभी असंतोषजनक काम करने वाले प्रखण्ड विशेषकर मयूरहण्ड को सख्त निर्देश दिया कि यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाते हुए सभी कार्यों में सुधार लाया जाएं। धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के तहत किये कार्यों की प्रखंडवार जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि उक्त कार्य में लापरवाही के खिलाफ नियमानुसार सख्त कारवाई की जाएगी। दाल भात योजना अंतर्गत उपायुक्त ने उक्त योजना के उन्नयन पर चर्चा कर निर्देश दिया कि बैठने एवं खाने की व्यवस्था हेतु टेबल-कुर्सी और बर्तन का आकलन तैयार कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त योजना के तहत हर दाल भात केंद्रों में खाना बनाने हेतु गैस सिलिंडर का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए तथा हर केंद्रों के रख रखाव और रंग रोगन कार्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में धान के लिए सक्रिय गोदामों के अभाव की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में जितने भी जीर्ण शीर्ण गोदाम हैं उनको तत्काल दुरुस्त करवाया जाए तथा जितने भी गोदाम का उद्घाटन करवाया जा चुका है उन्हें तत्काल क्रियाशील अवस्था मे रखा जाए। बंद पड़े गोदामों के बारे में उन्होंने कहा कि नियमानुसार सारी प्रक्रिया पूर्ण कर उनको खुलवाया जाए तथा साफ सफाई के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानकों के अंतर्गत स्वीकृत कर तुरंत क्रियाशील किया जाए। बैठक में डीएसओ के साथ संबंधित प्रखंड़ो के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी संबंधित मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### डायन कुप्रथा को लेकर थाने में हुई बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना परिसर में गुरुवार को डायन कुप्रथा जागरूकता अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने किया। बैठक में डायन कुप्रथा पर विस्तार से चर्चा किया करते हुए डायन अधिनियम 2001 के तहत सजा व दंड के प्रधान की भी जानकारी लोगों को दी गई। बताया गया कि डायन कह कर प्रताड़ित करना भी कानूनन अपराध है। यहां तक कि डायन कह कर दूसरे को भड़काने वाले भी दंड के भागी होते हैं। डायन बिसाही के साथ झाड़-फूंक व ओझा गुनी भी गैर कानूनी है। इस कार्य में संलिप्त लोगों को भी जेल हो सकता है। इस कानून के तहत तीन माह का कारावास व 1000 रुपये का जुमार्ना लग सकता है। बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, लखन दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, गणेश सिंह, मुकेश कुमार साव, चमारी प्रसाद दांगी, ब्रजेश कुमार सिन्हा, देवनारायण दांगी, अब्राहम नाग सहित अन्य उपस्थित थे।

### आरबीआई ने किया प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**चतरा।** भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वधान में जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा के नेतृत्व में जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता पर आखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक रांची कार्यालय के सहायक प्रबंधक धर्मवीर सिंह मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और क्रमशः 10000, 7500, 5000 का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमे जनता उच्च विद्यालय पथलगड़ा के मंजीत राज व स्वेता कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किये। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्वधार फिनएक्सेस के पथलगड़ा सीएफएल के ट्रेनर पिंटू कुमार वर्मा, पवन रजक, कान्हाचट्टी सीएफएल के ट्रेनर अजीत कुमार सिंह और विनोद कुमार पांडेय, मनीष कुमार व संबंधित स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक कल

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना परिसर में बकरीद पर्व सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक आहुत की गई है। उपरोक्त जासनकारी देते हुए थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने दोनो समुदाय के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति की बैठक में शामिल होने की अपील की। आगे बताया बैठक थाना परिसर में शाम 03.00 बजे बुलाई गई है।

### किसानों को दी जैविक उर्वरकों की जानकारी

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के शीशी पंचायत में गुरुवार को कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड, झारखंड द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत संकर बीज बिक्री अभियान प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह मुख्य राज्य प्रबंधक (बिहार एवं झारखंड), राकेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक और ग्रामीण विकास ट्रस्ट से वीके तोमर, अबूरेहान अंसारी और एफपीओ के निदेशक माधुरी देवी और कृषि धन के प्रोपराइटर अनूप महलका शामिल हुए। क्षेत्रीय प्रतिनिधि के द्वारा किसान मित्रों का स्वागत करते हुए मुख्यतः धान की खेती पर चर्चा की गई। प्रोग्राम में मुख्य आतिथि द्वारा कृषकों की गतिविधि पर चर्चा एवं पर्यावरण का संतुलन करने एवं तरल जैव ऊर्वरक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 200 किसानों के बीच निःशुल्क तरल जैव उर्वरक वितरित किया गया।

### मम्मा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालाय लातेहार बाईपास रोड सोन भवन में मम्मा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर मम्मा के चित्रों पर सभी भाई-बहनों ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजालि अर्पित की। मम्मा का जन्म 1920 में माता रोचा, पिता पोकर दास के घर अमृतसर, पंजाब में हुआ था। अल्प आयु में ही बाबा का ज्ञान मिला और शुरू से ही ज्ञान को धारण कर औरों को सुनाती थी। सभी भाई-बहनो को मां की तरह पालना देती थी और सभी का दिल जीत लेती थी। आरंभ से ही मम्मा की भूमिका ज्ञान यज्ञ में विशिष्ठ रही। ओम मंडली 1950 में माउंट आबू में बस गयी और संपूर्ण भारत में सेवा का विस्तार होने लगा। मम्मा ब्रह्मा बाबा के दाहिना हाथ थी। 28 वर्षो के निरंतर ज्ञान मंथन व तीव्र पुरुषार्थ के बाद जून 1965 में समूर्ण बन गयी। इस कार्यक्रम में बी के गंगोत्री, बी के आशा बहन, बी के नवीन, आशीष बिनोद, अनिल, रुपेश, बी के ज्योति, सुनीता, पूनम, कंचन, खुशबु आदि ने भाग लिया।

### कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत सालवे पंचायत सचिवालय परिसर में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी, आमंत्रित अतिथि उप प्रमुख निशा शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत, उप मुखिया, रंजीत कुमार, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहे। जेएसडीएमएस प्रोग्राम असिस्टेंट अभिषेक कबूयप कहा कि कौशल के बिना जिंदगी अधुरी है। जिला- कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की तरफ से चल रहे विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कौशल विकास के अंतर्गत लातेहार जिला में 18-35 वर्ष के युवक युवतियों को विभिन्न प्रकार के 40 ट्रेंड के प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा है।

### यौन शोषण के आरोपी को भेजा बाल सुधार गृह

**चंदवा।** मालहन पंचायत में नाबालिग के साथ यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल चेकअप कराते हुए आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

# 85.7 केजी डोडा के साथ दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलौय मोड़ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान 85 किलो 700 ग्राम डोडा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। साथ ही तीन बाइक जब्त किया गया है। एसडीपीओ प्रियदर्शी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए जांच के दौरान चिलौय मोड़ के पास पुलिस टीम को देखकर बाइक पर सवार तीन तस्कर भागने लगे, इसमें सशस्त्र बलों की मदद से दो व्यक्तियों को खदेड़ कर पकड़ा लिया गया। उसके पश्चात तलाशी में तीनों मोटरसाइकिल पर लदा कुल 85 केजी 700 ग्राम अवैध अफीम पोस्ता का डोडा बरामद किया गया। आगे बताया कि इस मामले में कुंदा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दो अभियुक्त 26 वर्षीय प्रकाश कुमार यादव पिता मंगलदेव यादव ग्राम तिलैया थाना वशिष्ठनगर व कल्लू यादव उर्फ कारु यादव पिता नरेश यादव ग्राम दुधौरी चतरा सदर थाना निवासी को जेल भेज दिया गया। वही अन्य फरार अभियुक्त की तलाश जारी है। छापामारी एक हीरो ग्लैमर जेएच 13 जी 6298, होंडा ड्रीम जेएच 13 डी 9679 व हीरो एचएफ डीलक्स जेएच 13 एफ 5592 जप्त किया गया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## सासंग ब्राह्मणी में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ रुद्र महायज्ञ



**चंदवा।** प्रखंड के सासंग ब्राह्मणी में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार एवं राम दरबार प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हो गया। यज्ञ समिति के बासुदेव यादव, उमेश यादव, सतेंद्र यादव ने बताया कि रुद्र महायज्ञ को लेकर सभी तैयारी पुरी कर ली गयी है। शुक्रवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, अग्नि मंथन, अधिवाश प्रारंभ, यज्ञ प्रारंभ, रविवार को नगर भ्रमण, सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा, बुधवार को यज्ञ पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है। सभी धमार्नुरागी सज्जनों से यज्ञ समिति सासंग ब्राह्मणी ने कार्यक्रम में सपरिवार आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में चंदवा पक्षीमी जिप सदस्य सरोज देवी मुख्य रूप से शामिल थी।

## बैठक | पीडीएस दुकानदारों को बीडीओ का सख्त निर्देश

# अनाज वितरण में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार मे गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक हुई। इसमें उपस्थित प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से पहुंचे दुकानदारों को दिशा निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा की गांवों मे गरीब ग्रामीणों को ईमानदारी पूर्वक उनके कोटे का अनाज मिलना चाहिए। अनाज वितरण में अनियमितता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बीडीओ ने उपस्थित डीलरों को निर्देश देते हुए कहा कि एफसीआई गोदाम से सुनिश्चित समय पर अनाज का उठाव भी हो इसके प्रति भी डीलर सजग रहें। बीडीओ ने आगे कहा की गरीबों के अनाज में कटौती करने की शिकायत पर सख्त कारवाई की जायेगी। बीडीओ ने सभी डीलरों से अनाज विवरण में आ रही कठिनाइयों के बावत भी सुना। उन्होंने कहा की कार्डधारियों के पर्ची निकालने के दौरान वैसे डीलर जो पत्थर या बटखारा रख कर कार्डधारियों का ऑनलाइन पर्ची निकालते है वैसे डीलरो को पकड़े जाने पर सीधा उनके लाइसेंस को निरस्त करने की कारवाई की जायेगी। इधर बीडीओ के सख्त दिशा निर्देश से डीलरों में हड़कंप मच गया है।



# पेयजल की समस्याओं से जूझ रहे हेहेगड़ा के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड अंतर्गत चुंगरू पंचायत के ग्राम हेहेगड़ा में चिरईकटवा टोला में ग्रामीण पेयजल समस्या जूझ रहे हैं। सरकार द्वारा आसपास के इलाकों में क्षेत्रों में करोड़ों रुपये खर्च कर गांव में पानी पहुंचाने की बात बेमानी साबित हो रही है। गांव के लोग पीने के पानी के लिए भारी समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा सरकार एक तरफ तो पानी की किल्लत को खत्म करने के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ अधिकारी पानी की समस्या को समाधान करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। गांव में पेयजल सुविधाओं के अभाव रहने के कारण ग्रामीण एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है। लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से मांग करते हुए कहा कि गांव में लोगों के पीने के पानी की व्यवस्था के लिए उच्च अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया जाए, जिससे लोगों की वर्षों पुरानी मांग का हल निकल सके।



# डीसी की अध्यक्षता में हुई डीएमएफटी के शासी परिषद की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम बीते वर्ष हुई बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई। सर्वप्रथम ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) को हस्तांतरित वैसी योजनाएं जो वर्षों से बंद पड़ी हैं, उन्हें ग्राम सभा की प्रत्याशा में वीडब्ल्यूएससी से रख-रखाव संबंधित शपथ-पत्र लेने के उपरांत मरम्मति हेतु राशि स्वीकृत किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रखंडों से प्राप्त योजनाओं के प्रस्ताव पर ग्राम सभा की प्रत्याशा में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। पेशरार मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य में छात्रावास के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सांसद/विधायक से प्राप्त योजनाओ, शिक्षा, कल्याण, स्वास्थ्य की प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, मेसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मेसर्स बाक्साईट माइंस, प्रखंड प्रमुख पेशरार सीता देवी, किस्को प्रमुख सुचित्र भगत, सेन्हा प्रमुख फुलझरी देवी, रोरद की मुखिया सिलवंती उरांव, तुईमू की मुखिया कमला देवी आदि सदस्य उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा हुई :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) 2023-24 की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उद्योग महाप्रबंधक, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गयी कि लोहरदगा जिला को इस वित्तीय वर्ष में कुल लक्ष्य 186 लाभुकों को लाभान्वित करना है। विभिन्न बैंक शाखा में ऑनलाईन अग्रसारित किये गए आवेदन पत्रों की संख्या 75 है। बैंकों द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गए लाभुकों की संख्या 15 है। बैंकों द्वारा वापस किये आवेदन पत्रों की संख्या 11 है और बैंक शाखाओं में लंबित आवेदन पत्रों की संख्या 50 है। वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, उद्योग महाप्रबंधक अनिल कुमार, उद्योग ईओडीई प्रबंधक, सभी संबंधित बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

# कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को डीसी ने किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
थाईलैंड में 25-27 जून 2023 तक आयोजित होने वाली ओकेकेएफ अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप-2023 में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला के चयनित 7 कराटे खिलाड़ियों को गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर सभी खिलाड़ियों व कोच से मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्द्धा में चयनित होने की बधाई देने के साथ-साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की। थाईलैंड जाने वाले खिलाड़ियों में लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की चार छात्राएं कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव, रोशनी उरांव, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की मरियम प्रवीण, कैरो प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा सुनेहा कुमारी, जूही कुमारी एवं अंजलि तिर्की और कोच अमित कुमार सिंह शामिल हैं। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी समेत खिलाड़ियों के अभिभावकगण उपस्थित थे।

### सदर थाना प्रभारी ने कहा, थाना में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है

# बालू के अवैध कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर जब्त; 7 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापामारी अभियान के तहत गिरफ्तार सात नामजद आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। छापामारी में अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर व 1200 सीएफटी अवैध डंप बालू जब किया गया था। मामले पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि सदर थाना में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है। सदर थाना कांड संख्या 167/2023 में झारखंड लघु खनिज समानुदान अधिनियम 2004 के तहत आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

इस कांड में सदर थाना क्षेत्र के हरमू गांव निवासी कोनदे उरांव का पुत्र जितवाहन उराव (23), सुखदेव उरांव का पुत्र अभिषेक उरांव (19), रघु टोली निवासी बंदे उरांव का पुत्र सतीश उरांव (24), सुकरु टोप्पो का पुत्र शंकर टोप्पो (22), कन्हाई लोहरा का पुत्र अजय लोहरा(21), झुरिया करमटोली निवासी विरिया उरांव का पुत्र धर्मवीर उरांव (22) एवं तूफान उरांव का पुत्र अरुण उरांव(19) को नामजद आरोपी बनाकर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि शहरी क्षेत्र के चेकनाका के निकट अवैध बालू डंप करने के मामले में भूमि मालिक अजय साहू के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 168/2023 दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि बालू के अवैध कारोबार को नियंत्रण करने के लिए खनन विभाग और पुलिस टीम लगातार छापामारी अभियान चला रही है। विशेष छापामारी अभियान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा चला गया था।

## बालू के अवैध खनन व परिवहन मामले में एक ट्रैक्टर किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान कंडरा स्थित दक्षिणी कोयल नदी से अवैध बालू खनन कर परिवहन करते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया। विदित हो कि एनजीटी लागू होने के उपरांत उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना प्रभारी द्वारा लगतार अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में कारवाई की जा रही है। इसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी गश्ती में निकले हुए थे। तभी बिना रजिस्टेशन नंबर के एक ट्रैक्टर अवैध बालू लाद कर कंडरा कोयल नदी से परिवहन करते जा रहा था। तभी ट्रैक्टर चालक की नजर पुलिस पर पड़ी तो चालक गाड़ी को भगा रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर भगाने के दौरान कारवाई कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

## झाइल ढोढ़ा नदी में डूब जाने से वृद्धा की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के ईचा निवासी आंगनि देवी (60) की मौत झाइल ढोढ़ा नदी में डूब जाने से बुधवार की रात्रि में हो गयी। इस संबंध में मृतिका की पुत्री राजूमुनी देवी ने बताया कि मां आंगनि देवी की तबीयत खराब होने के कारण बुधवार सुबह इलाज करा कर घर लौटे। इसके बाद पुत्री राजमुणि गांव में लगने वाले ईचा सप्ताहिक हाट सामान खरीदने के लिए चली गई। इसी बीच उसकी मां आंगनि देवी घर में बिना किसी को बताए अचानक घर से निकलकर कहीं चली गयी। घर लौटने पर मां आंगनि देवी को नहीं देखने पर आस पड़ोस में बच्चों एवं अन्य ग्रामीणों से पूछने के बाद काफी खोजबीन करने के बाद भी शाम में कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह झाइल ढोढ़ा नदी में शव होने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने पहुंच कर शव की पहचान आंगनि देवी के रूप में की। इसके बाद घटना की जानकारी घाघरा पुलिस को देते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु घाघरा थाना लाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया।

# खो-खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर को मिला दूसरा स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 34 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया की टीम ने प्रांत स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में आयोजित हुई थी। इस टीम में भैया 12 और एक आचार्य की सहभागिता हुई। फाइनल मैच लोहरदगा और गुमला के बीच हुआ। इसमें लोहरदगा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने विजेता प्रतिभागियों को विशेष बधाई दी और विद्यालय के खेल आचार्य जोधन सिंह को शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यालय को गौरवान्वित कराने में अपने शारीरिक आचार्य ने कठिन परिश्रम किया है। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारियों, विभाग प्रमुख एवं सभी आचार्य बंधु भगिनी ने विशेष बधाई दी।

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

**सेन्हा।** रामनगर स्थित पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की टक्कर में युवक घायल हो गया। उसे ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो निवासी जगदीश उरांव के 22 वर्षीय पुत्र अमित उरांव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अमित उरांव सेन्हा थाना क्षेत्र के साके गांव अपने रिश्तेदार में गया हुआ था। गुरुवार को बाइक से साके निवासी विश्वनाथ उरांव के पुत्र सूरज उराव के साथ भैसमुंदो घर जा रहा था। उसी दौरान सेन्हा राम नगर स्थित पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर हो गई। इससे अमित उरांव को चेहरा और पैर में चोटें आई हैं। वही अमित उरांव के साथ युवक को तथा अन्य दूसरे बाइक सवार लोगों को हल्की चोटें आई हैं। एएस आई विरेंद्र बाखला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

# दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सिचाई नाला चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट



**निरंजन कुमार। घाघरा**
लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला द्वारा घाघरा प्रखंड के जमगाई डैम से करीब दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सिचाई नाला निर्माण भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। उक्त योजना को पूरे हुए एक वर्ष भी नहीं हुआ और करीब 80 फीट नाला टूट गया। निर्मित नाला के शुरुआती स्थल पर ही उसके टूट जाने से पटवन संभव नहीं है, क्योंकि पटवन का पानी नाला के टूटने से अवरुद्ध हो गया है और पानी आगे नहीं जा सकता। योजना की प्राक्कलित राशि, नाले की लंबाई एवं संवेदक का नाम पूछे जाने पर एमआई के कार्यपालक अभियंता प्रदीप भगत ने कनीय अभियंता से पूछ कर बताने की बात कही। दुबारा पूछे जाने पर भी उन्होंने कॉल बैक करने की बात कह बताना मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने निर्माण कार्य भरनो के कुड़ुख कंस्ट्रक्शन द्वारा कराए जाने की बात कही। बता दें कि नाले की लंबाई करीब डेढ़ किलोमीटर से भी अधिक है। खास बात यह है कि कनीय अभियंता किसी भी योजना स्थल पर रहकर कार्य नहीं कराते। नतीजतन कार्य की गुणवत्ता पर संवेदक ध्यान नहीं देते। संवेदक ज्यादा मुनाफा और रोकटोक करने वाला न होने के कारण मनमाने ढंग से कार्य करते हैं। नतीजा यह होता है कि योजना टिकाऊ नहीं होती। कार्यपालक अभियंता प्रदीप भगत ने कहा कि संवेदक की सिक्युरिटी राशि विभाग में जमा है, नाले को जल्द ही सही करा दिया जाएगा।

## संक्षिप्त

### यातायात प्रभारी की अगुवाई में वाहनों की जांच



**लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने को लेकर गुरुवार को लोहरदगा कचहरी मोड़ के समीप लोहरदगा के नए यातायात प्रभारी सुजीत कुमार की अगुवाई में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान वाहन संबंधी कागजात दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया गया। मिनिमम गति में वाहन चलाने और सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की हिदायत भी वाहन चालकों को दिया गया। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने व सावधानी से बाइक चलाने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। इस संदर्भ में यातायात प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने के प्रति गंभीर है। इसके तहत जिले के विभिन्न प्रमुख सड़कों पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। कहा कि जांच के दौरान लापरवाही बरतने वाले चालकों और वाहन के कागजात दुरुस्त नहीं रखने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध सीधा कार्रवाई करेगा।

### नए यातायात प्रभारी बने सुजीत कुमार

**लोहरदगा।** लोहरदगा के नए यातायात प्रभारी सुजीत कुमार को बनाया गया है। एसपी आर रामकुमार ने लोहरदगा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें यातायात प्रभारी बनाया है। आदेश के तुरंत बाद सुजीत कुमार ने संतोष कुमार यादव से यातायात प्रभारी का प्रभार ग्रहण कर लिया। सुजीत कुमार ने कहा कि लोहरदगा शहर मे लंबे समय तक लोहरदगा सदर थाना का सब इंस्पेक्टर के पद पर मैंने कार्य किया है। शहर में यातायात की व्यवस्था को मैंने अपनी आंखों से देखा है और झेला भी है। इसलिए हमारी प्राथमिकता होगी कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

### छेड़छाड़ व मारपीट में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव में छेड़छाड़ व मारपीट को ले चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। हनहट निवासी सरफराज आलम की पत्नी गुलनाज प्रवीन ने थाना में दिए आवेदन के माध्यम से बताया है कि उसके पिताजी खुर्शीद मिंया घर में थे तभी गांव के कुछ लोग आकर मारपीट करने लगे। जब गुलनाज बीच-बचाव करने गई तो उसके साथ भी मारपीट व छेड़छाड़ किया गया। गुलनाज ने हनहट निवासी स्वर्गीय अमीनुद्दीन के दो पुत्र मुस्तफा कमाल व मुर्तजा आलम, स्वर्गीय मोइनुद्दीन का पुत्र सलाउद्दीन व सलीमुद्दीन का पुत्र अब्दुल बारीक पर प्राथमिकी दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का आरोप

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग की ओर से कैरो थाना क्षेत्र के गाराडीह गांव निवासी गुड्डू अंसारी के पुत्र वारिस अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कैरो थाना पुलिस मामले में कांड दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है। नाबालिग ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि मोबाइल फोन से गलत नंबर लग गया, जिससे आरोपी से बातचीत होने लगी। बातचीत के क्रम में गाराडीह निवासी वारिस अंसारी ने शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

### बीडीओ ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**भंडरा।** बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के द्वारा भौरों पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 91, 92, 94, एवं 95 का निरीक्षण कर केंद्र में आवश्यक सुविधाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश पंचायत सेवक एवम जेई को दीया। जिसमें शौचालय की साफ सफाई, पीने की पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं रैंप की व्यवस्था होना आवश्यक बताया गया। इस दौरान बीडीओ ने पंचायत भ्रमण के क्रम में मनरेगा योजना के द्वारा संचालित योजना मुमताज अंसारी एवं हेमा देवी का सिंचाई कूप का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक एक सप्ताह के अंदर योजना को भौतिक रूप से पूर्ण कर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जेई रेहान अंसारी, पंचायत सचिव राउफ अंसारी, राधेश्याम यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक

**कैरो।** बृहस्पतिवार को प्रखंड सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद खान की अध्यक्षता में हुई।बैठक में पिछले बैठक की समीक्षा उपरांत विभागवार योजनाओं की जानकारी ली गई। कुछ विभागों की अधिकारियों को अध्यक्ष एवं सदस्यों ने फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही गई। अध्यक्ष ने अधिकारी एवं कर्मियों को राज्य की संवेदनशील गठबंधन सरकार की महत्वकांक्षी और जनकल्याणकारी विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के निष्पादन में उदासीनता, भ्रष्टाचार, लेनदेन, लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सदस्य सचिव पवन कुमार महतो, अंचलधिकारी कमलेश उरांव,बिससूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, समीद अंसारी,धनपत उरांव, मो इंतखाब, सेरोलीना मिंज, प्रतिमा देवी, डॉक्टर राकेश प्रसाद, डॉक्टर अनिल कुमार,बी पी ओ रघुनाथ मुंडा मौजूद रहे।

### गुहार | मंत्री व सांसद से मिले कुटमु फेकुआ टोली के लोग

# रेलवे फाटक को खोलने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुटमू गांव के समीप रेल फाटक को अविलंब खोलने की मांग को लेकर कूटमू फेकुआ टोली व शांति नगर के स्थानीय निवासियों का शिष्टमंडल मंत्री रामेश्वर उरांव औरसांसद सुदर्शन भगत के रांची आवास पर जाकर मुलाकात कर कुटमू रेलवे फाटक को जनहित में खोलने की गुहार लगाई।

मंडल का नेतृत्व कर रहे हैं रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर सह समाजसेवी विवेकानंद उरांव ने बताया कि तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व रेलवे फाटक के बंद होने से समीपवर्ती मोहल्लों एवं ग्राम वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनजातीय किसान, स्थानीय मजदूर के सामने भुखमरी की समस्या आ गई है। इस मार्ग पर लिवेंस एकेडमी एवं शांति आश्रम गुरुकुल विद्यालय में पढ़ने जाने वाले बच्चों की संख्या काफी है अधिकांश बच्चे इसी मार्ग से आना-जाना करते थे। किसानों को खेती-बाड़ी करने के लिए दस कदम की दूरी को तय के लिए दो किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। लोहरदगा से लातेहार जुड़ने के साथ ही तीन प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाला इस मुख्य मार्ग के बंद होने से स्थानीय नागरिक उपेक्षा का शिकार हो गए हैं। किसको -रिचूघुटा लातेहार मुख्य पथ पर कुटमु फेकवा टोली के समीप आर एल 44 मानव सहित रेलवे क्रॉसिंग पर सब पे (अंडर पास) निर्माण कराया जाय। इधर शिष्टमंडल ने रेलवे डीआरएम ऑफिस पहुंचकर बंद फाटक को खोलने की मांग की। इसके अलावा मांगों से संबंधित ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री आवास स्थित सचिवालय एवं आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची को भी दी गई है। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद कमला देवी, चंद्रिका यादव ,उषा भगत, सुनीता कच्छप, सकलू उरांव, ज्योति देवी, सुशीला देवी, शांति देवी, सरिता देवी, जीतराम उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

# विभाग ने बिजली चोरी के विरुद्ध चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सहायक विद्युत अभियंता अजु कच्छप ने पद भार संभालते ही बिजली चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाते हुए सदर थाने में चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता अजु कच्छप के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में अवैध तरीके से बिजली चोरी करते पकड़ गए चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसमें राणा चौक लोहरदगा निवासी जुगल किशोर मोदी का पुत्र अजय कुमार मोदी 47 वर्ष पर 36500 रुपए फाईन, अंबेडकर नगर अखरा के नजदीक गोवर्धन कच्छप के पुत्र अवधेश कच्छप 55 वर्ष पर 18250 का फाइन, रघुनन्दन लेन लोहरदगा के विनोद शर्मा का पुत्र विवेक शर्मा 35 वर्ष पर 18250 रुपए फाईन, और बिंदेश्वर राम बर्मा का पुत्र अजय राम बर्मा 46 वर्ष पर 18250रुपया फाइन लगाते हुए लिखित आवेदन पर सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई है। बिजली विभाग के अभियंता ने कहा है कि चारो लोग अवैध रूप से मीटर से बाईपास कर बिजली का चोरी कर रहे थे, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ। इधर सदर थाना प्रभारी अनील उरांव ने बिजली चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। दूसरी ओर सदर प्रखंड के शहरी और गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ विभागीय स्तर से अभियान चलाने से अवैध रूप से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मचा है। इस अभियान में बिजली विभाग के सहायक अभियंता अजु कच्छप, सारणी पुरुष फिरोज अंसारी, मानव दिवस कर्मी रंजीत उरांव आदि शामिल थे।

#### सदर थाने में चार पर प्राथमिकी दर्ज

# सैमसंग एम34 5जी स्मार्टफोन भारत में जल्द होगा लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सैमसंग एम34 5जी स्मार्टफोन भारत में जल्द लॉन्च होने जा रहा है। इंडस्ट्री के सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि सैमसंग एम34 5जी स्मार्टफोन के 50 मेगापिक्सल (एमपी) कैमरा और 120एचजेड सुपर एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत में जुलाई की शुरूआत में लॉन्च होने की संभावना है। इस दमदार फोन की कीमत 20,000 रुपये से कम रहने की उम्मीद है। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि त्योहारी सीजन से पहले दक्षिण कोरियाई कंपनी की सबसे बड़ी मध्य-सेगमेंट पेशकश में से एक के रूप में जाना जाने वाला, गैलेक्सी एम34 5जी युवा ग्रहाकों को टारगेट करने वाले प्रीमियम फीचर्स की एक श्रृंखला के साथ आएगा। गैलेक्सी एम34 5जी में कम रोशनी में फोटोग्राफी के लिए एडवांस फीचर्स के साथ 50एमपी का कैमरा होगा। फोन के सुपर स्टेडी ओआईएस हार्डवेयर के साथ आने की भी उम्मीद है, ताकि कस्टमर घुमने



फिरने के दौरान शानदार वीडियो कैमरे में कैद कर सकें। सूत्रों ने बताया कि गैलेक्सी एम34 5जी के 120एचजेड सुपर एमोलेड डिस्प्ले और 6000 एमएएच बैटरी के साथ आने की संभावना है। गैलेक्सी एम34 5जी के लॉन्च के साथ, सैमसंग के पास इस साल भारत में प्रीमियम मिड-रेंज स्मार्टफोन की एक शानदार लाइन-अप होने की संभावना है। 2019 में लॉन्च की गई, इंडिया-स्पेसिफिक एम सीरीज को मिलेनियल और जेनरेशन जेड कस्टमर के लिए डिजाइन किया गया है। गैलेक्सी एम सीरीज की सफलता ने सैमसंग को देश में टॉप स्मार्टफोन निमार्ता के रूप में उभरने में मदद की है।

# सेंसेक्स 284 अंक टूटा, निफ्टी 18800 के नीचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीते दो दिन हरे निशान पर बंद होने के बाद गुरुवार को शेयर बाजार कमजोर होकर लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 284.26 (-0.45%) अंक टूटकर 63,238.89 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 85.60 (-0.45%) अंक कमजोर होकर 18,771.25 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन के दौरान मेटल्स और मीडिया सेक्टर के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। वहीं दूसरी ओर पीएसयू बैंक इंडेक्स के शेयर सबसे ज्यादा गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुए। बता दें कि गुरुवार की सुबह सेंसेक्स अपने नए ऑल टाइम हाई 63,601.71 के स्तर पर खुला हालांकि शुरूआती कारोबार में ही बाजार में बिकवाली दिखने लगी और बाजार लाल निशान में आ गया और दिनभर की उठापटक के बाद लाल निशान पर ही बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 81.96 रुपये (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की घरेलू शेयर बाजारों में लिवाली तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी रुपये को मजबूती मिली। दूसरी ओर, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के नीतिगत फैसले से पहले बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों में और वृद्धि का संकेत दिया गया।

# डब्बा कारोबार करने के आरोप में शेयर ब्रोकर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने 45 वर्षीय एक शेयर ब्रोकर को गिरफ्तार किया है उस पर करीब तीन महीने में 4,672 करोड़ रुपये के लेनदेन के साथ कथित तौर पर अवैध 'डब्बा कारोबार' में लिप्त रहने का आरोप है। 'डब्बा ट्रेडिंग' शेयरों में ट्रेडिंग का एक अवैध रूप है, जहां ऑपरेटर लोगों को स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के बाहर इक्विटी में कारोबार करने की सुविधा देते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को उपनगर कांदिवली से गिरफ्तार आरोपी जतिन सुरेशभाई मेहता ने प्रतिभूति लेनदेन कर, सेबी टर्नओवर शुल्क और स्टॉक एक्सचेंज टर्नओवर राजस्व जैसे विभिन्न करों का भुगतान नहीं करके सरकार को कथित तौर पर 1.95 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया। अधिकारी ने कहा कि ब्रोकर कथित तौर पर बिना वैध लाइसेंस के स्टॉक एक्सचेंज के बाहर शेयरों का कारोबार करता था और 23 मार्च से 20 जून 2023 के बीच उसका कारोबार करीब 4,672 करोड़ रुपये था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-05/2023-24 PR No. 299639 Lohardaga (23-24)D** द्वारा प्रकाशित है के ग्रुप संख्या 01, 03 एवं 06 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR300645 (Lohardaga)23-24*D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### संशोधित
### मत्स्य स्पॉन आपूर्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

मत्स्य स्पॉन आपूर्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में PR300179FISH(23-24)D दिनांक 16.06.2023 को की गयी थी। निविदा के शर्त्तों में आंशिक संशोधन किया गया हैं। निविदा की आंशिक संशोधन की शर्त्तों को www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा **दिनांक 27.06.2023 के अपराह्न 1:30 बजे तक** यदि प्रथम तिथि पर किसी कारणवश निविदा रद्द होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 1:30 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में दिनाक 27.06.2023 को अपराह्न 3:30 बजे, यदि प्रथम तिथि पर नहीं होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 3:30 बजे उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

PR300629 (Fish)23-24*D — जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार

## कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा
### (अभियंत्रण कोषांग)

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2023–24 विज्ञापन संख्या –PR.NO.300330 Lohardaga(23-24):D में अग्रधन की राशि 20000.00 के स्थान पर 200000.00 पढा जाय।

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 300604 Lohardaga(23-24)D

## उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
### पंचायत (नगरपालिका) निर्वाचन–शाखा

### प्रारूप प्रकाशन का सूचना

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 472 रांची, दिनांक 02.06.2023 के आलोक मे नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2023 के मतदाता सूची का कंडिका 2.2.2 में निहित प्रावधानुसार दिनांक 19.06.2023 को लोहरदगा नगरपालिका (वर्ग–ख), लोहरदगा के 23 वाडों के 46 मतदान केन्दों के मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। प्रारूप को निर्दिष्ट स्थल यथा– कार्यालय नगरपालिका, लोहरदगा तथा कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, लोहरदगा एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है। मतदाता सूची के प्रारूप में दावा एवं आपति दिनांक 01.07.2023 तक विहित प्रपत्र 'क' एवं 'ख' में उल्लेखित दोनो स्थलों पर कार्यालय अवधि में 11:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे अपराहन् तक उपस्थित पर्यवेक्षक के समक्ष प्राप्त किया जायेगा। तदनुसार आपति एवं दावा का निस्तार कर मतदाता सूची का अंतिम प्रारूप का प्रकाशन दिनांक 06.07.2023 को किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 300577 (Lohardaga) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/LOHARDAGA/E-04/2023-24 PR No.-299474 Lohardaga (23-24).D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2023 | 14.06.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 28.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 23.06.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 01.07.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 03.07.2023 अपराह्न 2:00बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.300631 Lohardaga(23-24):D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## प्राचार्य का कार्यालय-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गुमला,झारखण्ड

सिलम,(सी0 आर0 पी0 एफ0 कैंम्प0)जशपुर रोड,गुमला–835232
Email Id:-principalitigumla@gmail.com

सुचना संख्या–23गुमला, — दिनांक–21.06.2023

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 के लिए नामांकन से संबंधित सूचना

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन के लिए ऑनलाइन (https:/iti.jharkhand.gov.in Admissiontab) आवेदन पत्र 05 जुलाई 2023 संध्या 5 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं केवल झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आने वाले आवेदक ही नामांकन के पात्र है।

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंमिक तिथि | 15 जून 2023 |
| 02 | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 05 जुलाई 2023 अपराहन 5:00 बजेतक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूची ( आठवीं एवं दसवीं ) प्रकाशन की तिथि | 07 जुलाई 2023 अपराहन 6:00 बजे |
| 04 | औपबंधिक मेधा सूची की प्रविष्टियों एवं त्रुटियों में सुधार की अंतिम तिथि | 10 जुलाई 2023 से 12 जुलाई 2023 |
| 05 | अंतिम मेधा सूची ( आठवीं एवंदसवीं ) प्रकाशन की तिथि | 14 जुलाई 2023 |

ह0–
प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला,झारखण्ड

PR 300594 Labour Employment and Traning(23-24).D

## कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा
### (जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)

सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा (झारखण्ड) पिन कोड-822114
फोन न० :- 06561-222050, 222051 इमेल आई०डी० :- cs.garhwa@gmail.com

पत्रांक________ गढ़वा, दिनांक________

### Walk in Interview

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड रांची के पत्रांक 74(AMD) दिनांक 07.02.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health, Welness Centres and Polly Clinic, BPHU नगर उँटारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रंका के संचालन हेतु निमित आवश्यक मानव संसाधन बल की आवश्यकता है। उक्त परिपेक्ष्य में इच्छुक उम्मीदवार से विभिन्न पदों के विरूद्व आवश्यक शर्तो के साथ दिनांक 01.07.2023 के अपराहन् 5:00 बजे तक आवेदन मुहरबंद लिफाफा आमंत्रित किये जाते है। दिनांक 03.07.2023 के पूर्वाहन 11:30 बजे से अपने मूल कागजात के साथ साक्षात्कार में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

| S.N | Post | Salary | Eligibility Criteria |
|---|---|---|---|
| | **Human Resources of Urban HWC** | | |
| 1 | Medical Officer (01) | Salary-63,000/- | MBBS Degree from any institution recognized by Medical council of India. Must have compeleted compulsory rotatory internship. Age Limit- 65 |
| | Staff Nurse (01) | Salary-16,564/- | 10+2 or intermediate with 3 years of general nursing and midwifery training from govt. recognized institution. Registered under jharkhand nursing council. Age-35 |
| 2 | MPW (01) Male | Salary-11,466/- | Intermediate of Science 10+2 with 2 year of experience in any institution. |
| 3 | Guard (01) | Salary-11,000/- | Intermediate with 2 Year Experience, Age -30 and above. |
| 4 | Cleaning Staff (01) | Salary-11,000/- | Matriculation or Higher, Age-22 and above. |
| | **Human Resources of Urban Polyclinics (Specialists)** | | |
| 1 | Medicine, Obs & Gynae, Paediatrics, Ophthalmology, Dermatology and Psychiatry (1 for each category) Salary-1,05,000/- | Salary-1,05,000/- | Specialist Degree in relavant post Age Limit – 50 Years |
| 2 | Dentist (01) | Salary-37,500/- | Having Bachelor of Dental Surgery degree in recognized University & One Year Experience. |
| 3 | Staff Nurse (02) | Salary-16,564/- | 10+2 or intermediate with 3 years of general nursing and midwifery training from govt. recognized institution. Regsitered under jharkhand nursing council. Age-35 |
| 4 | Optometrist (01) | Salary-12,500/- | Having Valide Degree of Optometrist with 2 years experianc. |
| 5 | Physiotherapist (01) | Salary-25,000/- | Having Valide Degree of Physiotherapist with 2 years experianc. |
| 6 | Integrated Counsellor (01) | Salary-15,000/- | 10+2 with any stream, minimum 2 years of experience. |
| 7 | Multipurpose Worker/Guard | Salary-11,000/- | Graduate or higher qualitfication with experience, Age -30 |
| 8 | Cleaning Staff (01) | Salary-11,000/- | Matriculation or Higher, Age-22 |
| | BPHU Nagar Untari & CHC Ranka | | |
| 1 | Lab Technician (2) | Salary-24,000/- | B. Sc. MLT /Diploma in Medical Laboratory Technician Course from a recognized University/Institute Essential Experience: Minimum 2 years post qualification laboratory experience in diagnostic services for epidemic prone diseases |
| 2 | Epidemiologist/ Entomologist (2) | Salary-42,500/- | Epidemiologist: MBBS degree from institution recognized by Medical Council of India and PG Degree/Doploma in Health Management/ Public Health Programme/Health Services Experience: Minimum 4 years post qualification experience. Entomologist- M. Sc. (Zoology) with Entomology as one of the subjects. Essential Experience: Minimum1 year |
| 3 | Public Health Personnel (2) | Salary-42,500/- | MBA Dregree, Experience- 5 Years in Health sector or reputed orgnization |

Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

नोट :– आवेदन निबंधित डाक अथवा हाथो–हाथ कागजात दिनांक 01.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सिविल सर्जन, गढ़वा, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा, (झारखण्ड) पिन कोड– 822114 के पते पर भेज सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 300672 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा
### (महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)

### अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)
### प्रेस विज्ञप्ति

सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–(N)544 दिनांक–21.04.2023 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत "बिरसा हरित ग्राम योजना" के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 में गढवा जिला के 20 प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में खाद/उर्वरक/दवा एवं अन्य साग्रियों का क्रय किया जाना है, जिसके लिए योग्य एवं इच्छुक निर्माताओं/ आपकिर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गयी है।

कार्यालय ज्ञापांक 374 दिनांक 12.06.2023 से प्रकाशित खाद/उर्वरक/दवा एवं अन्य साग्रियों का क्रय हेतु निविदा का जमा एवं निस्तारण की निर्धारित तिथि 21.06.2023 है। किन्तु एक भी निविदा कार्यालय में जमा नही होने के कारण इसे स्थगित करते हुए पुनः दिनांक–03.07.2023 तक अपराहन– 01:00 बजे कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा में निविदा समर्पित करने। तथा निविदा निस्तारण का कार्य दिनांक– 03.07.2023 को अपराहन– 03:00 बजे जिला तकनीकी समिति एवं निविदादाता/उनके प्रतिनिधी के समक्ष निविदा खोले जाने हेतु तिथि निर्धारित की जाती है। पूर्व में कार्यालय ज्ञापांक 328 दिनांक 24.05.2023 से प्रकाशित निविदा का नियम एवं शर्त्ते यथावत रहेगा। जिसकी विस्तृत विवरणी जिला गढ़वा की वेबसाईट–garhwa.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा के सूचना पट्ट से देखा जा सकता है।

ह0/– परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा कोषांग, गढ़वा।
ह0/– निदेशक (लेखा), डी.आर.डी.ए., गढ़वा।
ह0/– उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा।

PR 300670 Rural Development (23-24)_D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
### Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/02/2023-24

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 03.07.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 04.07.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 04.07.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender:- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Deep Boring Servent Quarter P.D.J Residence Campus Daltonganj, Palamu. | 249700.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 2. | E/R of Bhavisyanidhi Office at Daltonganj, Palamu. | 220000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3. | Construction of New Bathroom and Painting in A.C.B Office at Daltonganj, Palamu. | 245000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4. | Construction of Vechile Shed and P.C.C Road in A.C. B Office Campus at Daltonganj, Palamu. | 248100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5. | E/R Allumunium Work in All Window of C Type Building at Nawatoli Daltonganj. | 248000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 6. | Renovation of the District Supply Officer Chamber & attached Washroom at Daltonganj, Palamu. | 551800.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 7. | Laying of Paver Block A.C Colony Campus at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 230000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 8. | Deep Boring B Type Building in A.C Colony at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 249100.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 9. | Construction of Vechile shed D Type Quarter Building at Irrigation Colony Daltonganj, Palamu. | 248000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 10. | E/R of Alumunium Partion in S.D.P.O Office at Hussainabad, Palamu. | 249500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 11. | E/R of Alumunium Partition False Ceiling, Painting and Miscellaneous Work in Social Security Cell at Collectriate Building Daltonganj, Palamu. | 237500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 12. | E/R of A Type No - A-12 at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 240000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 13. | E/R of Chamber Ld. Principal Judge Family Court and Installation of False Ceiling and Repair of Server Room Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 878000.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 14. | E/R of Painting Work in B.C.D Office Building at Daltonganj, Palamu. | 246000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 15. | E/R of the Garage and Miscellaneous Work in Fishary Office Daltonganj, Palamu. | 240000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 16. | Deep Boring in Front of C Type Quarter No.- 14,15,16,17,18,19 at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 249700.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 17. | E/R of Roof Treatment and Aluminium Sliding Window and Miscellaneous Work In Quarte No.- SC/C/18 at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 244700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 18. | E/R of Moduller Kitchen in S.D.O, Sadar Residence at Daltonganj, Palamu. | 241500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 19. | Construction of New Bathroom attached to Registar Chamber in Registry Office at Hussainbad, Palamu. | 246200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 20. | E/R B Type Quarter No.- B-14 at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 242000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 21. | E/R of Stair Head Room, Electrification and Miscellaneous Work in C Type Building at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 244000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 22. | Construction of Vehicle (Car/Bike) Shed and Laying Paver Block in District Combined Dispensary Campus, Palamu at Daltonganj. | 1198300.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 23. | E/R of Stair Head Room, Electrification and Miscellaneous Work in B Type Building at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 244000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 24. | E/R of Safe House Building Chiyanki Airport at Daltonganj, Palamu. | 248000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 25. | Construction Sentry Gurard Room and Installation of Gate at Civil S.D.O Residence, Palamu, Daltonganj. | 248000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 26. | Raising of Column, Installation of New Gate and Steel Name Plate at Officer Colony, Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 247000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 27. | E/R of the B type Quarter No- B-8 at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 245000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 28. | E/R of the False Ceiling and Aluminium Partisan Work in District Soil Conservation Office B Block Collectriate at Daltonganj, Palamu. | 235000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 29. | E/R of the B type Quarter No- B-3 at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 230000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 30. | E/R of the R.C.C Chhajja of B type Building at Nawatoli Daltonganj, Palamu. | 246000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 31. | E/R of the Cashier Chamber, Laying Tiles in B.C.D Office Daltonganj, Palamu. | 245000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 32. | Deep Boring at A Type Block Building Judicial Colony Palamu. | 348000.00 | 8000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 33. | Deep Boring at C and D Type Block Building Judicial Colony Palamu. | 348000.00 | 8000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 34. | Construction of Sentry Morcha in S.P Residence Palamu. | 246000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 35. | Deep Boring in Commissioner Office, Daltonganj, Palamu. | 249100.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 36. | Deep Boring in Commissioner Residence, Daltonganj, Palamu. | 350000.00 | 8000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 37. | E/R of Miscellaneous Work in A Type Collectricate Building Daltonganj, Palamu. | 245000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 38. | E/R of C Type Quarter No- C11 at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 244000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

नोटः–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

**Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.**

PR 300630 Building(23-24).D

ज्ञान की बात

'जीवन का अगर हर दाव जितना है तो बल से ज्यादा बुद्धि का उपयोग करें क्योकि बल लड़ना सिखाता है और बुद्धि जीतना।'
- अज्ञात

# आम को बाजार मिले

**आज** भले ही खूंटी, गुमला, लोहरदगा सहित लगभग पूरे झारखंड में मालदा, आम्रपाली, गुलाबखस, लंगड़ा सहित आम की लगभग तमाम वैरायटी मौजूद हैं। पर 10-12 साल पहले इस क्षेत्र के लोग आम के नाम पर सिर्फ बीजू आम को ही जानते थे। पूरे आम बाजार में बीजू आम का शेयर 70 फीसदी से अधिक हुआ करता था। पूरे क्षेत्रीय बाजार में आम का दबदबा हुआ करता था। यहां के बीजू आम का स्वाद बिहार, बंगाल, ओडिशा से लेकर नेपाल तक के लोग लेते थे। मालदा, लंगड़ा जैसे आम सिर्फ बड़े शहरों में मिलते थे। झारखंड खासकर गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू सहित कई अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीजू आम आय का अतिरिक्त साधन भी है। आमतौर पर गांव के बीजू आम के बगीचों में पूरे गांव वालों का अधिकार होता है। इसलिए पेड़ों पर फले आम का लाभ पूरे गांव के लोग उठाते हैं। अभी आम पकने लगे हैं और गांववाले बगीचों से आम चुनकर बाजार में बेचकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन पर्यावरण असंतुलन, आम पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण बीजू आम का उत्पादन घटता जा रहा है। झारखंड में बीजू आम के उत्पादन में कमी के संबंध में आत्मा के उप परियोजना निदेशक का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में काफी फेरबदल हुआ है। इसके कारण अब बसंत ऋतु में सभी आम पेड़ों पर मंजर नहीं आ पाते। इसके अलावा अनावृष्टिए ओलावृष्टि और तेज हवा के कारण आम के मंजर और टिकोरे बर्बाद हो जाते हैं। इसके अलावा समय पर बारिश नहीं होने से मधुवा सहित कई तरह के रोगों का प्रकोप आम के मंजर बढ़ जाता है। एक बड़े बीजू आम के पेड़ पर आठ से दस क्विंटल फल का उत्पादन होता है। लेकिन पर्यावरण प्रदूषण के कारण अब उत्पादन घटकर लगभग तीन से चार क्विंटल हो गया है। यदि आम की प्रोसेसिंग की जाये, तो इससे ग्रामीणों को लाभ हो सकता है। बीजू आम से अचार, अमचूरये अमावट सहित कई तरह के उत्पाद बनाये जा सकते हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ तो होगा ही आम बर्बाद भी नहीं होंगे। कई महिला स्वयं सहायता समूह इस दिशा में सकारात्मक पहल भी कर रहे हैं। कोरोना काल के दौरान वाहनों का परिचालन नहीं होने एवं पर्यावरण संतुलन में सुधार के कारण बीजू आम का बंफर उत्पादन हुआ था। बेहतर पर्यावरण और समयानुकूल वर्षा के कारण 2019-20 में इस क्षेत्र में बीजू आम का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ था। आम का उत्पादन बढ़ाकर कई किसान अपनी स्थिति को सुधार रहे हैं। खासकर झारखंड में इसकी अपार संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके कई कारणों में यहां की धरती की बनावट इसके अनुकूल है। इसके देख रेख के लिए भी बहुत अधिक मेहनत की जरूरत नहीं है। अपने खेतों को पशुओं से बचाव के लिए कांटेदार घेरे से किया जा सकता है। समय पर पानी उपलब्ध कराते रहने की जरूरत है। पौधा जब बड़ा हो जाये तो कोई टेंशन की बात नहीं है। कमाई के लिए किसानों के पास यह एक बड़ा मौका है। ऐसे में यहां के किसानों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। इससे उनकी आमदनी में जहां इजाफा होगा,वहीं इन्हें किसी दूसरे पर निर्भर भी नहीं रहना होगा। इस बाबत पलामू के चेड़ाबार किसान टीपी सिंह ने बताया कि आम की फसल उगा कर वह जहां अपनी आमदानी बढ़ा लिये हैं,वहीं अपनी बेटियों की शादी भी किये। इसलिए मैं तो कहूंगा कि हर किसान आम की खेती करे।

**झारखंड खासकर गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू सहित कई अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीजू आम आय का अतिरिक्त साधन भी है। आमतौर पर गांव के बीजू आम के बगीचों में पूरे गांव वालों का अधिकार होता है।**

# दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है ओलम्पिक





योगेश कुमार गोयल

***भारत*** आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 103 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक भारत की झोली में डाले थे। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं। फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किये जाने के बाद नये रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किये जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उत्साहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे। 1890 में कुबर्तिन ने 'यूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोर्ट्स एथलेटिक्स' नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलम्पिक खेलों को पुर्नजीवन देने का विचार आया। खेल संगठन की 25 नवम्बर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे किन्तु उनके उस भाषण से कुछ हासिल नहीं हुआ। उसके दो वर्ष बाद कुर्बतिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुर्बतिन ने पूरे उत्साह से ओलम्पिक खेलों की नये सिरे से पुनः शुरूआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कांफ्रेंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलम्पिक खेल कराये जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुर्बतिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद 'अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ। प्रथम ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई। 5 अप्रैल 1896 को प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरूआत हुई। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन 5 अप्रैल 1896 को एथेंस (यूनान) में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया। अमेरिका के जेम्स बी. कोनोली को पहले आधुनिक ओलम्पिक खेल में प्रथम ओलम्पिक चैम्पियन बनने का गौरव हासिल है। पहले ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिताओं में महिलाओं के भाग लेने पर प्रतिबंध था किन्तु सन् 1900 में दूसरे ओलम्पिक में महिलाओं को भी ओलम्पिक खेलों के जरिये अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिल गया। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी तो ऐसे भी थे, जो उस वक्त एथेंस में ही पर्यटक के तौर पर पहुंचे हुए थे। 1896 से ओलम्पिक खेलों का आयोजन नियमित होता रहा है लेकिन प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1916, 1940 तथा 1944 के ओलम्पिक आयोजन रद्द करने पड़े थे। यूनान (ग्रीस), ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया तथा फ्रांस ही पांच ऐसे देश हैं, जिन्होंने अब तक हर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया है। ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन के समय स्टेडियम में सबसे पहले ग्रीस की टीम प्रवेश करती है। उसके बाद मेजबान देश की भाषानुसार वर्णमाला के क्रम से एक-एक करके दूसरे देशों की टीमें स्टेडियम में प्रवेश करती हैं जबकि मेजबान देश की टीम सबके बाद स्टेडियम में पहुंचती है। **(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा

***गीता*** भगवद्गीता के पाठ किये हमें भी बताओं तब बाई ने कहामैंने तो माता सीता से प्रतिदिन राम कथा सुनी और नियम से उद्यापन किया` तब समस्त ग्रामीण राम कथा सुनने की जिद करने लगे` तब बाई राम कथा कहने लगी और सब नर नारी सुनने लगे , राम कथा सम्पूर्ण होते ही समस्त नगरी सोने की हो गई` बाई ने कहा जो कोई राम कथा सुनेगा उसको मेरे समान ही फल मिलेगा `सब राम लक्ष्मण जी की जय जय कार करने लगे और विमान स्वर्ग में चला गया` सात स्वर्ग के दरवाजे खुल गये` पहले द्वार पर नाग देवता , समस्त देवी देवता पुष्प वर्षा करने लगे देवताओं ने पूछा की तूने क्या पुण्य किया तब उसने कहा मैंने तो राम लक्ष्मण जानकी की कहानी सुनी तू समस्त देवताओं ने कहा वर मांग तब उसने कहा मेरे तो सब सिद्धिया हैं` मुझे यह वर दो की जो भी श्रद्धा ० भक्ति से राम कथा , राम लक्ष्मण जानकी की कहानी सुनेगा उसको मेरे समान ही फल मिले सभी देवताओं ने पुष्प वर्षा करते हुए ततास्तु कहा` चारों और राम राम की जय जयकार होने लगी

*(समाप्त)*

### आईये सुने छठ माता की कथा

हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से सप्तमी तिथि तक छठ महाव्रत मनाया जाता है। इसमें भगवान सूर्यदेव की पूजा होती छठ व्रत खासतौर पर पुत्र प्राप्ति के लिए किया जाता है। छठ पर छठी मैया के जयकारे के साथ आराधना की जाती है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश राज्यों में यह प्रमुख तौर पर मनाया जाता है...

**छठ व्रत कथा :** दिवाली के 6 दिन बाद छठ मनाया जाता है। छठ के महाव्रत को करना अत्यंत पुण्यदायक है। छठ व्रत सबसे महत्त्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि को होता है। सूयोर्पासना का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है।

*(क्रमशः)*

# बहाने याद आये वीर बंदा बैरागी के



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***इस*** समय राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे कई विषयों में से एक फिल्म 'आदिपुरुष' की चर्चा भी है ।चर्चा के केंद्र में फिल्म से अधिक इसके संवाद लिखने वाले मनोज मुंतशिर हैं, जिनकी रचनाएं पिछले दिनों राष्ट्रीय चेतना जागरण के संदर्भ में देश भर में चारो ओर सुनाई देती रही हैं। अभी भी देश में अनगिनत लोग ऐसे मिल जायेंगे जिनके मोबाइल की रिंगटोन मनोज मुंतशिर के लिखे किसी गाने के मुखड़े से शुरू होती है। यहां बात फिल्म 'आदिपुरुष' में लिखे संवाद पर विवाद की हो या बजरंगबली को उनके द्वारा प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त कहे जाने पर, जो भी हो। फिलहाल सर्वत्र उनसे जुड़ा विवाद इतना गहराया हुआ है कि कल तक उनके जो समर्थक रहे, आज वह उनसे नाराज हैं। उनके लिए जो नहीं कहा जाना चाहिए, वह तक कहा जा रहा है। कुछ हद तक यह स्वभाविक भी लगता है। क्योंकि जिस जनता ने इन्हें नाम और पहचान दी, वही आज उनसे नाराज होने का हक भी रखती है। क्योंकि जिससे उम्मीद ना हो यदि वह ऐसा कुछ कर गुजरे जो उसे नहीं करना था तो स्वभाविक परिणाम ऐसे ही आते हैं। देखा जाए तो मनोज मुंतशिर इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनकी कही हर बात के समानार्थी दूसरे अर्थ भी निकाले जा रहे हैं । हर कोई जहां देखो वहां, उन्हें कटघरे में खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है। किंतु इस सबके बावजूद कहना होगा कि थोड़ा ठहरिए! समग्रता से विचार करिये हम जो मनोज मुंतशिर को लेकर सोच रहे हैं, उसमें कितनी सच्चाई है? हो सकता है वे तथाकथित सेक्युलरिज्म के शिकार हो गये हों । मुंबई जैसे बड़े महानगर में यह भी हो सकता है कि सिनेमा जगत से जुड़े उनके किसी साथी ने उन्हें नया करने के लिए कहा हो और वह इस फिल्म के अनेक संवादों में कुछ ऐसे संवाद प्रयोगात्मक रूप से लिख गए, जो अब उनकी आलोचना का कारण बने हुए हैं। वस्तुतः मनोज मुंतशिर के साथ अभी जो घट रहा है उसको लेकर वीर बंदा बैरागी का समय याद आ गया। इतिहास में जो उनके साथ घटा दूसरे अर्थों में ऐसा ही कुछ इस लेखक के साथ हो रहा है। बंदा बैरागी एक ऐसा नाम जिसने उत्तर भारत के क्षेत्र में अपने समय के उस मिथक को तोड़ दिया था कि आतंक के प्रतीक मुगलों पर कभी भी विजय प्राप्त नहीं की जा सकती । बंदा बैरागी ने तत्कालीन समय में हिन्दू एवं सिखों को साथ लेकर एक ऐसी सेना का गठन किया, जिन्होंने न केवल खालसा पंथ की नींव को मजबूत किया बल्कि मुगल सेना को भी सशक्त योजना से जीता था। आज का पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल समेत पाकिस्तान में जा चुका बहुत बड़ा क्षेत्र इस बात का गवाह है कि बंदा बैरागी अजय योद्धा में रूप में मुगलों के सामने खड़े थे, जिन्हें झुकाना और हराना मुगलों के लिए संभव नहीं हो रहा था। इनका पराक्रम इतना अधिक रहा साहबजादों की शहादत का बदला इन्होंने लिया। गुरु गोबिन्द सिंह द्वारा संकल्पित प्रभुसत्ता 'खालसा राज' की राजधानी लोहगढ़ में सिख राज्य की नींव रखी। गुरु नानक देव और गुरु गोबिन्द सिंह के नाम से सिक्का और मोहरें जारी की, निम्न वर्ग के लोगों की उच्च पद दिलाया और अपने समय में हल वाहक किसान-मजदूरों को जमीन का मालिक बनाया। अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध एवं सत्य के लिए सदैव डटकर खड़े रहनेवाले एक वीर योद्धा के रूप में उनका इतिहास में महत्व कितना अधिक है, यह गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, वीर सावरकर तथा मैथिलीशरण गुप्त द्वारा उन पर लिखी कविताओं से लगाया जा सकता है।

**देखा जाए तो मनोज मुंतशिर इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनकी कही हर बात के समानार्थी दूसरे अर्थ भी निकाले जा रहे हैं। हर कोई जहां देखो वहां, उन्हें कटघरे में खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया




फेसबुक वॉल से

**भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि यह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख में वृद्धि करता है।**

# शेयर निवेश-मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में कामयाबी की नई तस्वीर



आर.के.सिन्हा

***बीते*** दिनों उत्तर प्रदेश (यूपी) को लेकर दो बड़ी खबरें आईं, जिसने देश के सबसे बड़े सूबे की अलग छवि दुनिया के समक्ष पेश की। पहली खबर आई कि बीते अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नये निवेशकों की संख्या के मामले में यूपी ने देश की आर्थिक राजधानी महाराष्ट्र तक को पीछे छोड़ दिया है। बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नये डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया। इस तरह यूपी की एक साल में 37% की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20%, गुजरात की 15%, राजस्थान की 26% और कर्नाटक की 20% ही रही है। शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार ही बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बीएसई के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नये निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। हालांकि एक समय था जब महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों को शेयर बाजार की जान माना जाता था। शेयर बाजार में यूपी के बढ़ते कदम के लिए राज्य की जनता की आय बढ़ने, महिलाओं का बाजार में रुझान और जोखिम की क्षमता उठाने की प्रकृति प्रमुख वजहें हैं। शेयर बाजार के कुल कारोबार में सालाना 1.28 लाख करोड़ का धंधा मात्र यूपी से हो रहा है। इसमें भी 30% की वृद्धि हुई है। इस बीच, अगर हम बीते कुछ सालों पर नजर दौड़ाएं तो यूपी से 2021-22 में 92 लाख निवेशक थे। यह आंकड़ा 2022-23 में हो गया 1.27 करोड़। दूसरी खबर नीट-यूजी से जुड़ी है। डॉक्टरी शिक्षा में दाखिले के लिए आयोजित इस परीक्षा में यूपी के अभ्यार्थियों ने सर्वाधिक बाजी मारी। इस वर्ष के परिणाम में सबसे ज्यादा संख्या यूपी के विद्यार्थियों की रही। महाराष्ट्र और राजस्थान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन दोनों खबरों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की प्रत्यक्ष तस्वीर हमारे सामने रख दी है। इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महसूस होगा। यूपी में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। शीर्ष पांच में केरल और कर्नाटक दो अन्य राज्य हैं, जिनमें से प्रत्येक ने 75,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। नीट-यूजी देश की बड़ी और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के बाहर 14 शहरों-आबूधाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत सिटी में आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि नीट-यूजी के अंकों के आधार पर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। बेशक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि है।

**बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नये डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया। यूपी की एक साल में 37% की बढ़त हुई है।**

धर्म ज्ञान

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिना दवा-इलाज के कम हो जायेगा यूरिक एसिड



शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ना गंभीर समस्या के तौर पर सामने आ रहा है। हालांकि कुछ घरेलू उपचार के जरिए आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। बता दें कि यरिक एसिड खून में पाया जाने वाला एक रसायन होता है। आजकल यूरिक एसिड का लेवल बढ़ना एक गंभीर समस्या के तौर पर सामने आ रहा है। बता दें कि काफी सारे लोगों में यूरिक एसिड बढ़ने के कारण जोड़ों में गंभीर दर्द, किडनी में पथरी और गाउट आदि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यूरिक एसिड खून में पाया जाने वाला एक रसायन होता है। यह शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ के टूटने पर बनता है। एंकोवी, मशरूम, सूखे बीन्स, मटर, पालक और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में प्यूरीन पाया जाता है।

वहीं बॉडी में बनने वाला अधिकतर यूरिक एसिड खून में घुल जाता है। जिसे किडनियों द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है। ऐसे में अगर आपका शरीर भी काफी ज्यादा यूरिक एसिड का उत्पादन कर रहा है। या फिर इसे शरीर से बाहर नहीं निकाल पा रहा है तो इससे आपको हाइपरयुरिसीमिया भी हो सकता है। बता दें कि शरीर में यूरिक एसिड के हाई लेवल का पता ब्लड टेस्ट के जरिए लगाया जा सकता है।

अधिकतर मोटे लोगों के शरीर में अधिकांश मात्रा में यूरिक एसिड बन सकता है। जिससे आप कई गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो सकते हैं। यह आपके जोड़ों के अंदर ठोस क्रिस्टल के रूप में जमा होने लगता है। जिससे गाउट की समस्या हो जाती है। वहीं आपकी किडनी में पथरी भी हो सकती है। अधिकतर गंभीर मामलों में यूरिक एसिड का बढ़ हुआ लेवल किडनी फेलियर का कारण तक बन सकता है।

## घरेलू उपचार

पुरुषों में यूरिक एसिड 3.4 से 7 mg/dL और महिलाओं में 2.4 से 6 mg/dL होना चाहिए। माना जाता है कि बॉडी से एक्सट्रा यूरिक एसिड को निकालने के लिए ढेर सारा पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही ताजे फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यूरिक एसिड से निजात पाने के लिए कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## सेब का सिरका

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूरिक एसिड के लेवल को कम करने के लिए आपको नियमित तौर से एक गिलास पानी में एक चम्मच सेब का सिरका मिलाकर पीना चाहिए। बता दें कि सेब का सिरका नैचुरल क्लींजर और डिटॉक्सिफायर के जैसे काम करता है। इसमें मैलिक एसिड पाया जाता है जो आपकी बॉडी से यूरिक एसिड को तोड़कर निकालने में मदद करता है। आप चाहें तो दिन में एक सेब भी खा सकते हैं।

## नींबू का रस

खून में जमा एक्स्ट्रा यूरिक एसिड को बाहर निकालने के लिए आपको कम से कम दिन में 2 बार नींबू पानी का सेवन जरूर करना चाहिए। नींबू में साइट्रिक एसिड पाया जाता है। यह यूरिक एसिड को घोलने में मदद करता है। इसके अलावा यूरिक एसिड को निकालने के लिए आप संता, अमरूद और आंवला आदि भी खा सकते हैं। इन फलों में विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है।

## फल-सब्जियां खाएं

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर चेरी, ब्लूबेरी और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों को खाना चाहिए। गहरे रंग के जामुन में एंथोसायनिन नामक फ्लेवोनॉयड्स पाया जाता है। यह जकड़न और सूजन को कम करने में सहायक होता है। वहीं शरीर में यूरिक एसिड का लेवल कंट्रोल करने के लिए आप टमाटर और शिमला मिर्च जैसे एल्कलाइन फूड्स भी खा सकते हैं।

## अजवाइन के बीज

अजवाइन के बीज ओमेगा-6 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं। साथ ही इसमें diuretic oil पाया जाता है। जिसके कारण यह न सिर्फ शरीर से यूरिक एसिड को बाहर निकालता है, बल्कि किडनी के कामकाज को भी दुरुस्त रखने में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर से अतिरिक्त तरल पदार्थ साफ होता है। यह खून को साफ कर सूजन कर करने में मददगार होता है। आप दिन में आधा चम्मच सूखे अजवाइन के बीज खा सकते हैं। वहीं साथ में ढेर सारा पानी भी पीना चाहिए।

## फाइबर से भरपूर चीजें

हाई फाइबर वाले खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल कर आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। फाइबर आपके खून में एक्स्ट्रा यूरिक एसिड को अवशोषित करने का काम करता है। बाद में इसे आपकी बॉडी से बाहर निकाल देता है। इसलिए आप केला, बाजरा, अनार, ज्वार और जई आदि का सेवन करें। इनमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

❖ अनन्या मिश्रा



# ऐसे पियेंगे पानी तो दूर भागेंगी बीमारियां

पानी के बिना तो जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पानी न सिर्फ प्यास बल्कि डाइजेशन सिस्टम को भी सुधारता है। यह आपके ब्रेन को भी फायदा पहुंचाने का काम करता है। लेकिन इसके लिए पानी को सही तरीके से पीना जरूरी है। यह बात तो हम सभी जानते हैं कि पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन हेल्थ के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है। पानी आपके शरीर के अंगो और टिश्यू की रक्षा करता है। साथ ही यह बॉडी के न्यूटिएंट्स और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। पानी के सेवन से बीमारियों से लड़ने में भी मदद मिलती है। इसलिए हर व्यक्ति को सही मात्रा में पानी जरूर पीना चाहिए। हालांकि ज्यादातर लोगों को पानी पीने का सही तरीका मालूम नहीं होता है। जिसके कारण उनको फायदे की जगह नुकसान होने लगता है। बता दें कि तेजी से पानी पीने के यह यूरिन के जरिए शरीर से बाहर आ जाता है। इस वजह से शरीर को जरूरी तत्व भी नहीं मिल पाते हैं। एक बार में ज्यादा मात्रा में पानी पीने से डाइजेस्टिव सिस्टम से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। क्योंकि बॉडी को पानी प्रोसेस करने में समय लगती है। वहीं एक साथ ज्यादा पानी पीने से शरीर में सोडियम का लेवल कम हो जाता है। जिसके चलते ब्रेन सेल्स और बॉडी में सूजन भी आ सकती है। पानी पीने के इन नियमों को जानना जरूरी है। जिन्हें फॉलो कर आप सेहतमंद रह सकते हैं। आयुर्वेद के मुताबिक हमेशा धीरे-धीरे और घूंट-घूंट करके ही हमेशा पानी पीना चाहिए। इससे हमारे मुंह में जो लार बनती है वह भी पानी के जरिए हमारे शरीर में जाती है और डाइजेस्टिव सिस्टम सही रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, पानी को एकदम से नहीं बल्कि धीरे-धीरे पीना चाहिए।

**मजबूत होता है डाइजेशन :** जब हमारे मुंह में मौजूद लार पेट में जाती है तो इससे डाइजेस्टिव सिस्टम दुरुस्त होता है। क्योंकि लार में नेचुरल अल्कलाइन पाया जाता है जो पानी के साथ मिक्स होकर हमारे पेट में पहुंचता है। इसकी मदद से खाने को तोड़ने और पचाने में मदद मिलती है। वहीं मुंह में रखकर धीरे-धीरे पानी के सेवन से खाना पचाने में आसानी होती है।

**हाइड्रेट रहता है शरीर :** गर्मियों में शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। लेकिन जब पानी को मुंह में रखकर धीरे-धीरे पीते हैं तो शरीर अच्छे से पानी को अवशोषित होता है। यह डिहाइड्रेशन को भी कम करता है। बता दें कि गर्मियों में शरीर के डिहाइड्रेट होने से मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। वहीं धीरे-धीरे पानी पीना फायदेमंद होता है।

**कम होता है वेट :** पर्याप्त मात्रा में और सही से पानी पीने से शरीर की चर्बी कम होने के साथ ही वेट भी कम होता है। वहीं घूंट-घूंटकर पानी पीने से अधिक भूख भी नहीं लगती है। जिसके चलते आप खाना कम खाते हैं और आपका वेट भी बैलेंस में रहता है।

**धीरे-धीरे पानी पीने के फायदे :** स्किन संबंधी समस्याओं जैसे सोरायसिस और एक्जिमा को दूर करने में मदद करता है।
मसल्स को मजबूत होती है।
कब्ज की शिकायत नहीं होती है। शरीर से विषैले तत्व निकालता है।
शरीर एनर्जी से भरपूर रखता है। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या नहीं होती है।
त्वचा पर ग्लो लाता है।
एजिंग और झुर्रियों को कम करता है।
बेजान बालों में नई जान लाता है। किडनी को दुरुस्त रखता है। मेटाबॉलिज्म मजबूत करता है। यूरिन इंफेक्शन को दूर करता है।

## सबसे बड़ा ब्रह्मास्त्र - जुगाड़



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

वैसे मैं एक सरकारी कर्मचारी हूं। सरकारी कर्मचारी बिरादरी अपनी लेटलतीफी के लिए बड़ी बदनाम है। सबकी तरह मैं भी स्वयं को इस बदनामी से अलग रखता हूं। सबके सामने भला कौन इसमें शामिल होना चाहेगा। हां हमाम में जैसे सब नंगे होते हैं ठीक उसी तरह मुझे भी इतना यकीन है कि मैं भी हमाम में नंगा हूं, लेकिन बरसाती ओढ़कर नहाता हूं। कहते हैं ब्रह्मा का लिखा मिट सकता है, थूका भी चाटा जा सकता है, किंतु सरकारी कर्मचारी का काटा पानी कभी नहीं मांग सकता। कल की ही बात है। मैं किसी काम से सरकारी दफ्तर गया था। वहां जाकर मैंने सबसे बड़ी भूल यह की कि स्वयं को सरकारी कर्मचारी बता बैठा। कार्यालय के कर्मचारियों ने मुझे सरकारी काम की कार्यशैली का हवाला देते हुए मुझे शाम तक लटकाए बैठा। मैं उन्हें समझा भी नहीं सकता था, क्योंकि आज मैं जिनका भुक्तभोगी हूं, कल तक कोई मेरा भुक्तभोगी था। सच है यहां के कर्मों का फल यहीं मिलता है। सो मुझे भी मिल रहा था। हमारे देश में विविधता में एकता की बात तब सच साबित हुई जब कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी सरकारी दफ्तरों की कार्यशैली एक सी दिखी। सच है विविधता में एकता हमारे देश की शान है। कानून की दरार में जब गोली चलाई गई तब मैं वहीं चुपचाप लेटा हुआ था। मैं अपने फाइलों के जंगल जाकर खुद की बिरादरी के कुछ नृशंस प्राणियों द्वारा शिकार हो गया। वैसे मैंने इनका क्या बिगाड़ा था? फिर याद आया, मेरे पास भी जो लोग आए थे, उन्होंने भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ा था। बस मेरा यही अपराध था कि मैं भारतीय तो हूँ पर फलाना प्रान्त के कर्मचारी के क्षेत्र का नहीं हूँ। इससे भी जरूरी मेरे पास सरकारी व्यवस्था का सबसे बड़ा ब्रह्मास्त्र जुगाड़ नहीं है।

## ओवर ईटिंग की समस्या को दूर करेंगे ये उपाय

अगर आप ओवर ईटिंग से बचना चाहते हैं तो इसका सबसे पहला और आसान तरीका है कि आप अपने आहार को थोड़ा समझदारी से चुनें। आपका भोजन कुछ ऐसा होना चाहिए, जो आपको लंबे समय तक फुलर होने का अहसास करवाएं। कहा जाता है कि किसी भी चीज की अति क्षति का ही कारण बनती है। ऐसा ही कुछ भोजन के साथ भी है। आहार व्यक्ति के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह ना केवल उसकी ऊर्जा का स्रोत है, बल्कि आहार में मौजूद कई तरह के पोषक तत्व व्यक्ति को कई तरह की गंभीर बीमारियों से भी बचाते हैं। इतना ही नहीं, बॉडी शेप को बनाए रखने के लिए भी आहार पर विशेष तौर पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है।

**फूड आइटम्स पर दें ध्यान :** अगर आप ओवर ईटिंग से बचना चाहते हैं तो इसका सबसे पहला और आसान तरीका है कि आप अपने आहार को थोड़ा समझदारी से चुनें। आपका भोजन कुछ ऐसा होना चाहिए, जो आपको लंबे समय तक फुलर होने का अहसास करवाएं। आप फाइबर से भरपूर आहार, जैसे साबुत अनाज, फल और सब्जियां खा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अपने भोजन में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे लीन मीट, पोल्ट्री, मछली, फलियां और डेयरी उत्पाद को शामिल करने से भी फूड क्रेविंग और ओवर ईटिंग से बचने में मदद मिलती है।

**पीएं पर्याप्त पानी :** पूरा दिन अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं तो इससे ना केवल आपको हाइड्रेटेड रहने में मदद मिलती है, बल्कि आप खुद को ओवर ईटिंग से भी बचा सकते हैं। दरअसल, कभी-कभी हमारा शरीर प्यास को भूख से भ्रमित कर देता है और ऐसे में हम अनावश्यक स्नैकिंग करना शुरू कर देते हैं। इसलिए, हमेशा अपने साथ पानी की बोतल रखें और नियमित रूप से पानी पीते हुए खुद को हाइड्रेटेड रहें। भोजन से पहले पानी पीने से पेट भरे होने की भावना पैदा करने में मदद मिल सकती है, जिससे ज्यादा खाने की संभावना कम हो जाती है।

**टीवी देखते समय ना खाएं :** आजकल अधिकतर लोग खाना खाते समय टीवी देखते हैं या फिर उन्हें मूवी या शो देखते समय कुछ ना कुछ खाने की इच्छा होती है। लेकिन इसके कारण आप अनजाने में ही ओवर ईटिंग कर लेते हैं। दरअसल, जब आप टीवी देखते हुए खाते हैं तो इससे ध्यान बंट जाता है। ऐसे में व्यक्ति आवश्यकता से अधिक भोजन खा लेता है। इसलिए, हमेशा खाना खाते समय सिर्फ अपने भोजन पर ही फोकस करें और हर निवाले को अच्छी तरह चबाकर खाएं।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6739

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6738 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## दैनिक पंचांग

23 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.02 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | सिंह | 09.18 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कन्या | 11.30 बजे से |
| बुध | वृष में | तुला | 13.41 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.55 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 18.11 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 20.17 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 22.03 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 23.36 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मेष | 01.06 बजे से |
| | | वृष | 02.47 बजे से |
| | | मिथुन | 04.45 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 174 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080
**शक संवत्** 1945
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 19.55 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा अहोरात्र।
**योग** वज्र 04.31 बजे प्रात: को समाप्त।
**करण** बव 06.41 बजे तदनन्तर बालव 19.55 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 04.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871653
**जूलियन दिन** 2460118.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 04

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7801

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. रमण योग्य-4
4. साल,वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय,वोट-2
9. तकरार,कहासुनी-4
11. अंधकार,अंधेरा-3
12. सरल,आसान-3
13. चील,ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली,क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य,काज-2
23. बाण,तीर-2
24. दबाना,कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. परंपरा,रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा,विश्वास-3
4. दीदी,भगिनी-3
5. समान,एक जैसा-2
8. अंधेरा,अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब,जलाशय-4
15. तमीज,शिष्टता-3
16. मछली,एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन,विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा,अभिमान-2
23. पार्थिव देह,लाश-2

शब्द पहेली -7800 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गी | ला | ■ | गा | य | क | ■ | दी | प |
| ति | ■ | बा | ल | ■ | चा | बी | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | भा | ■ | ना | खू | न |
| ■ | ल | ■ | बा | त | न | ■ | न | ■ |
| स | म | त | ल | ■ | ख | ट | खा | ट |
| ■ | ह | ■ | क | रा | रा | ■ | रा | ■ |
| प | ल | क | ■ | वी | ■ | शा | बा | श |
| र | ■ | ला | ल | ■ | आ | प | ■ | ह |
| ख | त | ■ | ता | जु | ब | ■ | ती | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृष राशि :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुन राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्क राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह राशि :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कन्या राशि :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुला राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा।

**वृश्चिक राशि :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनु राशि :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकर राशि :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभ राशि :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन राशि :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए **50%** की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नर्सिंग प्रोफेशनलों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दिल्ली की अनीता नाकरा और मेजर जनरल स्मिता देवरानी के अलावा नमिता कलिता (असम), सुजाता पीटर टस्कानो (महाराष्ट्र), डिमखानमन हंगशिंग (मणिपुर), तेजावथ सुशीला (तेलंगाना), रीटा मंडल (पश्चिम बंगाल), रिलायंस पिरंगप (मेघालय), एथोडो लिंग्गी



(अरुणाचल प्रदेश), डॉ. पोरेड्डी विजयलक्ष्मी (कर्नाटक), हिंडुम्बी के. (लक्षद्वीप), सेबती साहू (ओडिशा), नीरज तम्बोलिया (राजस्थान), गणपति संथी (तमिलनाडु) और मंजू केरा (उत्तराखंड) का नाम शामिल है। अनीता नाकरा दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जीटीबी अस्पताल में सहायक निदेशक नर्सिंग के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान भी कैंसर देखभाल केंद्र को चालू रखा। वहीं मेजर जनरल स्मिता देवरानी, वीएसएम वर्तमान में सेना मुख्यालय दिल्ली में सैन्य नर्सिंग सेवा की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान नर्सिंग सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न नवाचारों को पेश करने की पहल की और सभी एएफएमएस अस्पतालों में टीकाकरण अभियान को सुव्यवस्थित किया।

वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सुचित्रा मिस्त्री (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह), गायत्री कुमारी (बिहार), नागरत्ना टी (कर्नाटक), मंजूलता महराणा (ओडिशा), सुगंधी के (तमिलनाडु), अंबिका प्रधान (सिक्किम), फिरदौसा जान (जम्मू-कश्मीर), गीता ए आर (केरल), ब्रिगेडियर अमिता देवरानी (महाराष्ट्र), पुष्पा श्रवण पोडी (महाराष्ट्र), इरोम चंद्रबाला देवी (मणिपुर), सी जोपारी (मिजोरम), साथियाकानी थंगराज (पुडुचेरी), माधवी राणे चिखाले (पंजाब) और अबिष्मिता घोष (पश्चिम बंगाल) का नाम शामिल है।




गुरुकुल के कला छात्र एक पेंटिंग को अंतिम रूप दे रहे हैं, जिसमें ओशनगेट की पर्यटक पनडुब्बी, जिसका नाम टाइटन है, को दर्शाया गया है, जो गुरुवार को मुंबई में एक अभियान के दौरान पांच लोगों के साथ लापता हो गई थी। (फोटोः आईएएनएस)

# डिजिटल प्रौद्योगिकी शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में अहम : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने में जी-20 देशों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में एक शक्ति गुणक करार दिया।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को पुणे में आयोजित जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी समानता स्थापित करने वाले एक तत्व के रूप में कार्य करती है और समावेशिता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा तक



पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढलने की प्रक्रिया में एक शक्ति गुणक है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की क्षमताओं के बारे में भी चर्चा की जो सीखने, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं प्रदान करती है। उन्होंने प्रौद्योगिकी द्वारा पैदा किए गए अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने में जी-20 की भूमिका पर भी जोर दिया।


मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मूलभूत साक्षरता युवाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करती है और भारत इसे प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा ह्यसमझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में निपुणता हेतु राष्ट्रीय पहल या निपुण भारत पहल पर प्रकाश डाला और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को जी-20 द्वारा भी एक प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया है। उन्होंने 2030 तक इस पर समयबद्ध तरीके से काम करने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने नई ई-लर्निंग को रचनात्मक तरीके से अपनाने व उसका उपयोग करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसका लक्ष्य बेहतर प्रशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला और स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स या स्वयं का उल्लेख किया। उल्लेखनीय है कि स्वयं एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो कक्षा 9 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करता है तथा पहुंच, समानता एवं गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए छात्रों के लिए दूरदराज के इलाकों में बैठकर सीखना संभव बनाता है।

## अमित शाह का बालाघाट दौरा रद्द

**बालाघाट।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को बालाघाट में 'रानी दुर्गावती गौरव यात्रा' का शुभारंभ करने के लिए आने वाले थे। इसके लिए उनका हेलीकॉप्टर छत्तीसगढ़ के दुर्ग से बालाघाट के लिए उड़ा लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर आधे रास्ते से ही लौट गया। इसके चलते उनका बालाघाट दौरा रद्द हो गया। इसकी जानकारी कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दी। इसके बाद मुख्यमंत्री चौहान एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गुरुवार को बालाघाट दौरा प्रस्तावित था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे यहां शाम चार बजे पहुंचकर रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित करने वाले थे। इसके बाद यहां गृह मंत्री शाह वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर निकाली जा रही गौरव यात्रा का शुभारंभ भी करने वाले थे। शाह का करीब दो घंटे तक बालाघाट में रहने का कार्यक्रम था।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की ताजा तस्वीर जारी

**अयोध्या।** श्रीरामजन्म भूमि में मंदिर निर्माण बहुत तेजी के साथ हो रहा है। गर्भ गृह के उद्घाटन की तारीख 15 से 25 जनवरी 2024 होने के बाद निर्माण कार्य में दोगुनी तेजी आ गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को मंदिर के काम की तस्वीरें जारी की हैं। राम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर दी जाती है। चंपत राय ने बताया है कि ग्राउंड फ्लोर तैयार होने के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।



## मणिपुर : मुठभेड़ में 2 जवान घायल, मोर्टार बम बरामद

**एजेंसी। इंफाल**

इंफाल में सशस्त्र हमलावरों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि सुरक्षा बलों ने गुरुवार को मणिपुर में तलाशी अभियान के दौरान एक अत्यधिक विस्फोटक मोर्टार बम और एक इंसास लाइट मशीन गन बरामद की। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। रक्षा पीआरओ ने कहा कि हमलावरों ने इंफाल-पश्चिम जिले के बोलजांग में अकारण गोलीबारी की, जिससे सैनिकों को किसी भी तरह की क्षति से बचने के लिए एक संतुलित प्रतिक्रिया के लिए मजबूर होना पड़ा। दो जवानों को मामूली चोटें आईं, दोनों की हालत अब स्थिर है। पीआरओ ने कहा कि सेना की अतिरिक्त टुकड़ियां शामिल की गई हैं और ऑपरेशन जारी है। एक अन्य तलाशी अभियान में असम राइफल्स के जवानों ने गुरुवार को इंफाल पूर्वी जिले में एक मोर्टार बम बरामद किया। पीआरओ ने कहा कि ऑपरेशन मोंगजम तलहटी में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस कमांडो द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था। बुधवार रात बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा में एक वाहन में रखे गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट होने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को बिष्णुपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## उत्तराखंडः भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की हुई मौत

**एजेंसी। पिथौरागढ़**

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के थाना नाचनी के मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर सप्लाई गोदाम के पास गुरुवार को हुए हादसे में मरने वालों की संख्या दस हो गई है। इसमें एक बोलेरो गहरी खाई में गिर गयी थी। इस वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। वाहन में सवार सभी लोगों की पहचान भी कर ली गई है। राज्य आपदा प्रबंधन और बचाव विभाग ने इसकी पुष्टि की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ के नाचनी थाना क्षेत्र में बोलेरो के दुर्घटनाग्रस्त होने और हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना करने के साथ मृतकों के परिजनों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

राज्य आपदा प्रबंधन और बचाव की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज सुबह बोलेरो वाहन संख्या यूके-02टीए 10845 में सवार होकर बागेश्वर के शामा क्षेत्र के लोग होकरा मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका बोलेरो वाहन थाना क्षेत्र नाचनी में पहुंचा तो वह मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर सप्लाई गोदाम के पास पांच सौ मीटर नीचे खाई में गिर गया। इसकी सूचना मिलने पर एसडीआरएफ पोस्ट अस्कोट से मुख्य आरक्षी सुनील चन्द्र और पोस्ट कपकोट से एएसआई महिपाल सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गई।

इसके बाद वहां पहुंचने पर एसडीआरएफ की दो रेस्क्यू टीमों ने 500 मीटर गहरी खाई में उतरकर वाहन में सवार 10 लोगों के शवों को एकत्र कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाने का कार्य किया। वाहन में सवार सभी शवों की पहचान कर ली गई है।




## फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली के दिमाग में 20 साल से है 'बैजू बावरा' की कहानी

**दूरदर्शी** फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली पूरे जुनून के साथ अपने हर प्रोजेक्ट को अंजाम देते हैं। वह अपनी बड़ी और शानदार फिल्मों के लिए भी सुपर फेमस हैं। वो एक ऐसे फिल्म भी निर्देशक हैं, जो अपनी किसी भी फिल्म को सिल्वर स्क्रीन्स पर उतारने से पहले सालों तक उसपर काम करने में यकीन रखते हैं। अगला प्रोजेक्ट 'बैजू बावरा' भी पिछले दो दशकों से उनके दिमाग में है, जो आखिरकार अब साकार हो रहा है। संजय लीला भंसाली का आखिरी प्रोजेक्ट 'बाजीराव मस्तानी' था। इस ऐतिहासिक फिल्म की कल्पना उन्होंने अपनी रोमांटिक क्लासिक 'हम दिल दे चुके सनम' के ठीक बाद की थी। अब 20 साल के बाद संजय लीला भंसाली 'बैजू बावरा' को जीवंत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इन सालों में फिल्म की हर छोटी से छोटी डिटेल पर पूरा ध्यान लगाकर काम किया है।



## आलिया भट्ट के हॉलीवुड डेब्यू पर उत्साहित हैं महेश भट्ट, जाहिर की खुशी



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। आलिया की फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था। आलिया के हॉलीवुड में काम करने पर उनके पिता व फिल्म निमार्ता महेश भट्ट खुश हैं। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए और अभिनेत्री की प्रशंसा की है। प्रोड्यूसर महेश भट्ट ने हाल ही में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में आलिया के हॉलीवुड डेब्यू पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, जब मैंने आलिया को गैल गैडोट और जेमी डॉर्नन जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय अभिनेताओं के साथ खड़ा देखा, तो मुझे अपनी बेटी पर बहुत गर्व महसूस हुआ।

**समझौता** — जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने की होगी घोषणा

# भारत में बनेंगे अमेरिकी फाइटर जेट इंजन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल हो गई है। अब अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत में ही लड़ाकू विमानों के लिए जीई-एफ 414 इंजन बनाएगा, जिससे भारत के फाइटर जेट्स को आधुनिक इंजन मिल जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ बैठक के दौरान भारत को जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की घोषणा होने की संभावना है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने आज घोषणा की कि उसने भारतीय वायु सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक समझौता



ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के बीच दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने में बड़ा मील का पत्थर है। आज का समझौता लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारतीय वायु सेना के लिए 99 इंजन बनाने की जीई एयरोस्पेस की पिछली प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा।

दरअसल, अभी तक दुनिया के सिर्फ चार देश अमेरिका, रूस, इंग्लैंड और फ्रांस फाइटर जेट के इंजन बनाते हैं, यानी दुनिया भर में उड़ रहे फाइटर जेट्स में इन्हीं देशों में बने इंजन लगे हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे के बीच अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक ने अपना प्लांट भारत में लगाने की डील पर मुहर लगा दी है, जिससे भारत भी फाइटर जेट के इंजन बनाने वाले देशों में शामिल हो जाएगा। साथ ही भारत में बनने वाले इंजन स्वदेशी फाइटर जेट्स के लिए बेहद फायदेमंद होंगे, क्योंकि हमें इंजन खरीदने के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा। अमेरिकी सरकार ने इसी माह की शुरूआत में जीई इंजन निर्माण के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को हरी झंडी दी थी, जिससे भारत में इंजनों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अनुबंध करने का रास्ता साफ हो गया था।

## नवाजुद्दीन ने कंगना के प्रोडक्शन 'टीकू वेड्स शेरू' के प्रोमो में ऋतिक का जिक्र किया


**बॉलीवुड** एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कंगना रनौत द्वारा निर्मित 'टीकू वेड्स शेरू' के प्रचार के दौरान एक्टर



ऋतिक रोशन के नाम का जिक्र किया। ज्ञता हो कि एक्ट्रेस कंगना और रितिक के बीच उस समय विवाद हो गया था जब एक्ट्रेस ने एक बार रितिक के साथ अफेयर होने का दावा किया था। एक्ट्रेस कंगना ने एक इंटरव्यू के दौरान रितिक को मूर्ख एक्स (पूर्व) भी कहा था। अब एक्टर नवाजुद्दीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म का एक प्रोमो शेयर किया है। क्लिप में वह सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं और अपना परिचय दे रहे हैं। वह कहते हैं, हैलो दोस्तों, मेरा नाम शेरू है और लोग मुझे प्यार से शेरू ही बुलाते हैं। मैं बॉलीवुड में काम करता हूं। छोटी मोटी फिल्मों का बड़ा प्रोड्यूसर हूं। इसके बाद नवाजुद्दीन शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी तस्वीरें दिखाने लगते हैं। इसके साथ ही वह कहते हैं, 'ऋतिक गया हुआ था इसलिए नहीं है।'

## विपक्षी दलों की बैठक में शिरकत करेंगे सीएम हेमंत सोरेन

# रांची से पटना के लिए आज होंगे रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीजेपी को अगले लोकसभा चुनाव में शिकस्त देने के लिए पटना में शुक्रवार को विपक्षी दलों की बैठक हो रही है। इस महाजुटान में जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है, वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शिरकत करेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार सुबह रांची से पटना के लिए रवाना होंगे और देर शाम रांची लौट आएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर गैर भाजपा नेताओं के इस महाजुटान में बतौर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे और लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने के लिए बनाये गए फॉमूर्ला से अवगत कराएंगे। जानकारी के मुताबिक हेमंत सोरेन के द्वारा बैठक में जिन सीट पर जिन दलों की मजबूत स्थिति है उसे वहां से चुनाव लड़ने में सभी दलों को सहयोग करने की वकालत की जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पटना में बुलाई गई 23 जून की इस बैठक को अहम माना जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से भाजपा विरोधी 18 विपक्षी दलों के नेताओं का जमावड़ा होगा। जिसमें केंद्र की नीतियों और भाजपा के विरोध में होने वाली विपक्षी एकता को लेकर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के अलावा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह, सांसद राघव चड्ढा, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती सहित वामदल के कई नेता शामिल होने वाले हैं।जानकारी के मुताबिक कांग्रेस से राहुल गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीएम एमके स्टालिन 23 जून को सुबह पटना पहुंचने वाले हैं। इधर पटना में होने वाले विपक्षी दलों की बैठक को सकारात्मक बताते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार को अगले लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने के लिए सभी विपक्षी दल एकजुट हो रहे हैं। उम्मीद है कि नीतीश कुमार की इस पहल का नतीजा अच्छा निकलेगा। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस तरह से विपक्षी दलों के बीच आपसी खटास है, उससे एकजुटता की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी।

## हटिया से पटना के बीच चलेगी वंदे भारत ट्रेन, काउंट डाउन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिहार की राजधानी पटना और झारखंड की राजधानी रांची के बीच सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल पूरा होने के बाद सबके मन में एक ही सवाल है कि आम लोगों के सफर के लिए इस ट्रेन का दरवाजा कब खुलेगा। क्योंकि वंदे भारत ट्रेन का दोनों ट्रायल सफल रहा है। पहला ट्रायल 12 जून को पटना से रांची के बीच जबकि दूसरा ट्रायल पटना से हटिया के बीच (अप एंड डाउन) 18 जून को हुआ था। इससे साफ हो गया है कि यह ट्रेन हटिया से पटना के बीच चलेगी। झारखंड के हर स्टेशन से ग्राउंड रिपोर्टट्रेन का शिड्यूल क्या होगा। भाड़ा कितना होगा। कहां से कहां के बीच यह ट्रेन चलेगी। एक और सवाल है कि उद्घाटन कब होगा। इन सवालों का ऑफिशियल जवाब रेलवे का कोई भी अधिकारी देने को तैयार नहीं है।

## हाई कोर्ट में कॉमर्शियल भवनों में दुकान चलाने के मामले में तीन अगस्त को होगी सुनवाई



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को रांची के अपर बाजार स्थित कॉमर्शियल भवनों के बेसमेंट में दुकान चलाने एवं अपर बाजार में संकरी गली के जाम की स्थिति को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में रांची नगर निगम के शपथ पत्र पर याचिकाकर्ता को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। निगम ने दाखिल शपथ पत्र में बताया है कि करीब छह लोगों को अवैध रूप से बनाए गए स्ट्रक्चर को तोड़ने का आदेश पारित किया गया है। इनमें से कुछ लोगों ने निगम के इस आदेश के खिलाफ आरआरडीए के ट्रिब्यूनल में अपील दायर की है। नक्शा के अनुरूप नहीं बने भवनों को रेगुलराइज करने के लिए राज्य सरकार एक पॉलिसी ला रही है। इसका ड्राफ्ट प्रपोजल बनाया जा रहा है, यह अभी नहीं बन सका है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में पूछा था कि कोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में क्या कार्रवाई की गई है। उसकी अद्यतन स्थिति कोर्ट ने सचिव, नगर विकास विभाग, रांची एसएसपी एवं ट्रैफिक एसपी से मांगी थी। अपर बाजार में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए। डीजी फायर को भी कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि अपर बाजार के क्षेत्र में कितने भवनों में आग से बचाव के लिए क्या उपाय किए गए हैं। मामले को लेकर सेंटर फॉर आरटीआई की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## सातवीं जेपीएससी को लेकर एक अभ्यर्थी ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अभ्यर्थी निहारिका रानी ने रिट याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि सातवीं जेपीएससी परीक्षा की मेरिट लिस्ट मई 2022 में जारी की गई थी। बाद में अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट जारी किया गया, जिसमें याचिकाकर्ता ने अपनी निर्धारित श्रेणी में कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त किया है लेकिन जेपीएससी ने इनका चयन इसलिए नहीं किया, क्योंकि उनकी ओर से दिया गया जाति प्रमाण पत्र राज्य सरकार की बजाय केंद्र सरकार ने जारी किया था। याचिकाकर्ता का कहना है कि प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान आयोग की ओर से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया गया लेकिन चयन नहीं हुआ, जो कि न्याय संगत नहीं है। निहारिका रानी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार और जगत नारायण पक्ष रखेंगे।

## रतन हाईट्स मामले में सुनवाई पूरी हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई हुई। सभी पक्षों को सुनने के बाद गुरुवार को हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 13 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने वीकेएस के निर्माण कार्य पर लगी रोक को फिलहाल बरकरार रखा है। याचिकाकर्ता की ओर से झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि वीकेएस रियल स्टेट ने निर्माण कार्य से सैकड़ों लोगों की जिंदगी खतरे में आ गयी थी।मोरहाबादी-बोड़या रोड के रतन हाइट्स अपार्टमेंट की जमीन से सटा कर बिल्डर वीकेएस रियलटी ने 35 फीट का गड्ढा खोद दिया था। इस वजह से रतन हाइट्स के एंट्रेंस की दीवार ढह गयी और वहां खड़ी एक कार 35 फीट गड्ढे में जा गिरी थी।

## गर्मी की छुट्टी के बाद राज्य के सभी स्कूल खुले, छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे

**रांची।** राज्य के सभी स्कूल (सरकारी और गैर सरकारी) लंबी गर्मी छुट्टी के बाद गुरुवार से खुल गए। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए झारखंड स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तीसरी बार नोटिस जारी करते हुए 21 जून तक 8वीं कक्षा तक की सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। इससे पहले 12 से 14 जून को पहली बार और दूसरी बार 15 से 17 जून तक स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया था। गर्मी छुट्टी के बाद स्कूली सभी छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। सबसे पहले 12 जून को स्कूल खुलने वाली थी, जिसके एक दिन 11 जून को आदेश जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने 12 से 14 जून तक राज्य के सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। लेकिन दिनों दिन बढ़ती भीषण गर्मी और हीटवेब की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 14 जून को फिर से आदेश जारी किया जिसमें 15 से 17 जून तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 18 जून को रविवार के बाद राज्य के सभी स्कूल 19 जून से खुलने वाले थे।

## जियाडा की बैठक में 160 नये प्रोजेक्ट्स को मिली स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी (पीसीसी) की गुरुवार को जियाडा भवन में आयोजित बैठक में कुल 170 नये प्रोजेक्ट्स के आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिनमें 10 प्रोजेक्ट को छोड़कर शेष सभी 160 प्रोजेक्ट्स को अप्रूवल दिया गया। स्वीकृत प्रोजेक्ट्स में कुछ प्रोजेक्ट्स को आगामी एक सप्ताह के अंदर बैंक इंश्योरेंस पेपर जमा करने की शर्तों के साथ स्वीकृति दी गई। कुछ प्रोजेक्ट्स जिसपर एक से अधिक आवेदक थे, को जल्द ही ऑनलाइन बीडिंग के माध्यम से प्लॉट आवंटित करने की सहमति बनी। बैठक के दौरान क्लियर किये गये सभी प्रोजेक्टस को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों यथा तुपुदाना, लोहरदगा, सोसई, बरही, हजारीबाग, बरहे-चान्हो, बुढ़मू, टाटीसिलवे, डाल्टनगंज, कोकर समेत अन्य इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से शामिल चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि झारखंड चैंबर का सदैव यह प्रयास रहा है कि पीसीसी की बैठकों में प्रस्तुत होनेवाले आवेदनों की स्वीकृति दिलाई जाये, ताकि राज्य में निवेश को बढावा मिले और अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो। उन्होंने यह भी कहा कि आज की बैठक में स्वीकृत कई प्रोजेक्ट्स काफी महत्वपूर्ण हैं।

## निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर महाप्रबंधक ने की बैठक

# शहर में 23 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता रांची उप महाप्रबंधक (राजस्व ) 6 प्रमंडलों के विद्युत कार्यपालक अभियंता सभी सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय विद्युत अभियंता उपस्थित थे बैठक में निम्नांकित दिशा निर्देश दिए गए।
(क) सभी 11 केवी शहरी फीडर में 23 घंटे से अधिक की बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करें। (ख) सभी 11 केवी ग्रामीण फीडर में 21 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। (ग) सभी सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय अभियंता शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक अपने अपने क्षेत्र के विद्युत शक्ति उप केंद्र में मौजूद रहेंगे। (घ) प्रत्येक विद्युत शक्ति उप केंद्र में उपभोक्ता की शिकायत हेतु रजिस्टर रखेंगे अगर किसी उपभोक्ता के द्वारा शिकायत दर्ज कराया जाता है तो इनका शिकायत दर्ज करते हुए संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी को सूचित करेंगे।
(च) सभी पदाधिकारी आम जनों का फोन कॉल उठाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही बिजली के संदर्भ में सही सही जानकारी लोगों को देंगे। (छ) प्रत्येक विद्युत शक्ति केंद्र में रात्रि पाली में मेंटेनेंस गैंग रखेंगे ताकि अष्टमी स्थिति में बिजली आपूर्ति बहाल किया जा सके। (ज) विभागीय शिकायत व्हाट्सएप नंबर 94311 35682 पर प्राप्त शिकायतों का निपटारा भी त्वरित गति से करेंगे। (झ) किसी भी फीडर का शटडाउन सहायक विद्युत अभियंता /विद्युत कार्यपालक अभियंता के अनुमति के पश्चात ही लिया जाए। (ट) फील्ड में किस ट्रांसफार्मर का फ्यूज बार-बार उड़ता है उसे चिन्हित करते हुए उसकी क्षमता बढ़ाई जाए ताकि लोगों को बिजली की समस्या ना हो। (ठ) आवश्यकता अनुसार ही फीडर में सकने वाले पेड़ की टहनियों की छटाई का कार्य भी सुनिश्चित कराएंगे ताकि बारिश के समय भी निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहे।

# पवित्रम आरोग्य चिकित्सा केन्द्र का किया गया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में विश्व योग दिवस के अवसर पर पुष्य नक्षत्र के पावन संयोग पर पवित्रम सेवा परिवार द्वारा धनबाद में पवित्रम आरोग्य चिकित्सा केन्द्र का शुभारंभ हुआ। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा, पंचगव्य चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, मैग्नेटिक थैरेपी, रंग चिकित्सा, सूर्य किरण चिकित्सा, रसाहार तथा भोजन चिकित्सा, योग मुद्रा एवं अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के संयोग से संपूर्ण रूप से चिकित्सा की जाएगी। इसके माध्यम से पुरानी से पुरानी बीमारियों का इलाज प्राकृतिक तरीके से बिना किसी दवा के किया भी जाएगा और सिखाया भी जाएगा ताकि हमारे राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति आरोग्यवान हो। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो से संस्थापक अजय भरतिया के नेतृत्व में घायल गोवंश की चिकित्सा, बीमार व बूढ़ी गायों की सेवा,जैविक खेती एवं पंचगव्य उत्पाद बनाने का गांव गांव में निःशुल्क प्रशिक्षण, पर्यावरण, आयुर्वेद, पंचगव्य व प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार का कार्य कर रहा है। पवित्रम आरोग्य अभियान के अंतर्गत सुदूर गाँवो में वनवासी बहन भाईयो के लिए निःशुल्क चिकित्सा केम्प भी समय समय लगाए जाते है।

## खुद की लेखन आजादी से पहले दूसरों की आजादी का करें सम्मान

**रांची।** डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में आठ दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला के अंतिम दिन गुरुवार को परिचर्चा का आयोजन हुआ। इसमें कहानीकार अखिलेश ने कहा कि जब आप अपनी लेखन आजादी हासिल करना चाहते हैं, तो जरूरी है कि दूसरों की आजादी का सम्मान करें। जब आप दूसरों को सम्मान देंगे, तब आपमें लोकतांत्रिकता की छाप देखने को मिलेगी। सफलता की सिद्धि तभी होगी, जब आपकी रचनाओं में विभिन्नता और मौलिकता होगी। कार्यशाला जनजातीय समुदाय के लेखन व साहित्य में रूचि रखने वाले युवाओं के लिए आयोजित थी।

## ओरमांझी अंजुमन के अध्यक्ष चुने गए अनवार अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता।** रांची गुरुवार को ईरबा में ओरमांझी अंजुमन की एक अहम बैठक हुई। जिसमें तेरह (32) गांव के अंजुमन के लोग शामिल हुए। बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद एक आम सहमति बनाकर श्री अनवार अहमद अंसारी, उपाध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी, रांची को ओरमांझी अंजुमन का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही मुंतजिर अहमद रजा, उप प्रमुख को सचिव के पद पर चुना गया। इसमें बत्तीस (32) गांव के अंजुमन के सभी जिम्मेदार सदस्य व व्यक्ति शामिल थे। ओरमांझी अंजुमन का मुख्य कार्य पूरे प्रखण्ड में शांति बहाल करना, खास कर युवाओं एवं युवतिओं को सही रास्ते पर चलने पर जोर देना और नशाखोरी को खत्म करना है। अंजुमन के नये अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने ओरमांझी अंजुमन के कार्यकारिणी सदस्य रफीक अंसारी को निर्देश दिया कि दस (10) दिन के अन्दर सभी गाँव के युवाओं का लिस्ट तैयार करे, ताकि अगली बैठक युवाओं के साथ हो सके एवं अंजुमन के सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के समक्ष युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में समझाया जा सके एवं सही दिशा निर्देश दिया जा सके। बैठक में अनवार अहमद अंसारी, खालीक खान, आफताब आलम, रफीक अंसारी आदि व्यक्ति उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**नई पीढ़ी को रोजगार देना हमारी सरकार...**
को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन किसी भी व्यक्ति के बुढ़ापे की लाठी होती है और सरकार उसे हर हाल में देने का काम करेगी।
**पंचायतों को बेहतर से बेहतर बनाने का लें संकल्प :** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में पंचायतों के सशक्तिकरण से गांव की सरकार मजबूत बनेगी। इसमे पंचायत सचिवों की अहम जिम्मेदारी होगी । पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों को सहयोग करने के लिए आपको नियुक्त किया जा रहा है। ऐसे में पंचायतों को बेहतर से बेहतर बनाने का संकल्प लें। इसके अलावा पंचायतों के आधुनिकीकरण की दिशा में भी सरकार आगे बढ़ रही है।
**गांव की सरकार को मजबूत बनाने पर विशेष जोर :** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा कर रही है। सरकार की योजनाएं लोगों को मिले, इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त पंचायत सचिवों को कहा कि आपकी यह जिम्मेदारी सरकार और जनता के साथ परिवार के प्रति भी है। ऐसे में अपने कार्यों को बेहतर तरीके से करें ताकि गांव की सरकार को मजबूती मिले।
**आपको जो जिम्मेदारी मिली है उसे निष्ठा पूर्वक निभाएं :** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका है। आप अपने कार्यों से पंचायतों की तस्वीर बदल सकते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा आपको जो जिम्मेदारी की जा रही है उसे निष्ठा पूर्वक निभाएं।
**ई- पंचायत ऑफिस को फंक्शनल बनाने में पंचायत सचिवों का अहम रोल**
मुख्य सचिव सुखदेव सिंह में कहा कि सरकार पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इस सिलसिले में सभी पंचायतों में ई- पंचायत ऑफिस खोलने की प्रक्रिया चल रही है। यहां कॉमन सर्विस सेंटर के अलावा बैंक और पोस्ट ऑफिस समेत कई और दफ्तर भी होंगे । ई -पंचायत ऑफिस को प्रभावी एवं फंक्शनल बनाने में पंचायत सचिवों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। ताकि, ग्रामीणों को जरूरी प्रमाण पत्र बनवाने और अन्य कार्यों में सुविधा और सहूलियत हो सके। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

**अवैध निर्माण कार्य रोकने गये...**
अन्य लोगों ने पुलिस प्रशासन के साथ दुर्व्यवहार करते हुए काम नहीं रोकने की बात कही। निर्माण कार्य करा रहे लोगों की संख्या अधिक देखते हुए थाना प्रभारी बैरंग वापस आ गए। इसके बाद अंचलाधिकारी की ओर से लिखित शिकायत पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ निर्माण स्थल पहुंचकर काम रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन निर्माण कार्य करवा रहे लोगों ने पुलिस बल पर ही जानलेवा हमला कर पांच पुलिसकर्मियों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए पुलिस बल पर हमला करने वाले तुलसी यादव, सतीश यादव, मुकेश यादव समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर बरवाडीह थाना लाया। घायल थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि 50 से अधिक की संख्या में ग्रामीणों ने हथियार से उन लोगों पर हमला कर दिया। इसमें थाना प्रभारी समेत हमारे 4 अन्य सहयोगी घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ. अनुपमा एक्का व उनके सहयोगी ने किया। गंभीर रूप से घायलों में धर्मेंद्र कुमार सरदार एएसआई, निवास कुमार सिह,अनिल कुमार, आलोक कुमार, धान पति टूदु शामिल हैं। धर्मेंद्र कुमार सरदार को मेदिनीनगर रेफर किया गया।

**दो दिनों में 27...**
संभावना है। अभिषेक आनंद के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जगहों पर भारी से लेकर हल्के व मध्यम दर्जे तक की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश रांची के टाटीसिलवे में 44.3 मिमी, रांची के अन्य हिस्सों में भी बारिश हुई। इसके अलावा रामगढ़ में 11.8, गुमला बिशनपुर में 30, हजारीबाग बरही 20, सिमडेगा 21, साहिबगंज में 20 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि लोग बारिश के समय वज्रपात से बचें। लोगों को बारिश के समय खुले और गीले मैदानों, पेड़ों की ओट या खंभे के नीचे जाने से मना किया गया है। बारिश के दौरान वाहन, विशेष रूप से दोपहिया वाहन चलाने से मना किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गई है।

**पिकअप वाहन ने छह साल की बच्ची...**
को उचित मुआवजे दिलाने की मांग पर अड़े थे। उग्र ग्रामीणों ने पदाधिकारियों के नहीं आने तक मृतक बच्ची का शव नहीं उठाने दिया। घटना के तीन घंटे बाद बड़गड़ बीडीओ विपिन कुमार भारती व भंडरिया अंचल पदाधिकारी मदन महली घटनास्थल पर पहुंचे। वहां उग्र ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। बीडीओ ने तत्काल सहयोग के रूप में मृतक की मां हबीबा बीबी को नकद पांच हजार रुपये व पचीस किलो चावल प्रदान किया। साथ ही अंचल पदाधिकारी ने नकद तीन हजार रुपये देकर आर्थिक मदद की। पदाधिकारियों ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा दिलाए जाने की बात कही। पदाधिकारियों के आश्वासन के पश्चात ग्रामीणों ने शव उठाने दिया व जाम को हटा लिया। एएसआई दीपक राणा के नेतृत्व में पुलिस बल ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। साथ ही उक्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। घटनास्थल पर उपरोक्त लोगों के अलावा प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल, परसवार मुखिया जंगलपति लकड़ा, अर्जुन मिंज, संदीप मिंज, शौकत अंसारी आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 10000 मीटर दौड़ स्पर्धा बसंती कुमारी का चयन




**रांची।** आगामी 28 जुलाई से 08 अगस्त तक चीन के चेंगदू शहर में होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 10000 मीटर दौड़ स्पर्धा में भाग लेने के लिए चाईबासा की बसंती कुमारी का चयन किया गया है। ज्ञातव्य हो 29 से 31 मई तक लखनऊ में आयोजित 3री खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बसंती कुमारी ने 10000 मीटर में स्वर्ण एवं 5000 मीटर में रजत पदक जीता था। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ. सरोजनी लकड़ा, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, सचिव सी. डी सिंह, एस के पाण्डे,चाईबासा के सचिव अजय नायक समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-06/2023-24 PR No. 299636 Lohardaga (23-24).D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2023 | 14.06.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 28.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 23.06.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 01.07.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 03.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 300643 (Lohardaga) 23-24 (D)

# भारतीय दल ने 50 पदक का आंकड़ा पार किया

**एजेंसी। बर्लिन (जर्मनी)**

भारत ने यहां विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2023 में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीता और 50 पदक के आंकड़े को पार कर लिया। बर्लिन में बुधवार के अंत तक, विशेष ओलंपिक में भारत के पास पांच अलग-अलग खेलों - एथलेटिक्स, साइक्लिंग, पावरलिफ्टिंग, रोलर स्केटिंग और तैराकी में 55 पदक - 15 स्वर्ण, 27 रजत और 13 कांस्य थे। बुधवार की पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण स्विमिंग पूल और साइक्लिंग कोर्स से आया, जिसमें भारत ने पूल में पांच पदक (3 स्वर्ण पदक, 1 रजत और 1 कांस्य) और साइक्लिंग कोर्स में छह (3 स्वर्ण, 2 रजत, एक कांस्य) दर्ज किए।विश्व खेलों में साइक्लिंग प्रतियोगिता ब्रांडेनबर्ग गेट के बगल में आयोजित की जा रही है - जो न केवल बर्लिन और जर्मनी के लिए बल्कि पूरे यूरोप के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि प्रशिया साम्राज्य द्वारा निर्मित स्मारक ने दोनों विश्व युद्धों को सहन किया है और यहां तक कि शहर विभाजन से भी बच गया। बुधवार को, भारत ने इस आयोजन स्थल का उपयोग अपने लिए इतिहास का एक टुकड़ा चिह्नित करने के लिए किया, साइक्लिंग टीम के प्रत्येक सदस्य ने पदक जीता। नील यादव ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति थे, 5 किमी रोड रेस में उनका कांस्य उस अवधि के अंत में आया जब उनके अधिकांश साथी करीबी अंतर से पदक से चूक गए थे। यादव के पदक ने समूह को आत्मविश्वास दिया, और दोपहर के भोजन के ब्रेक के बाद, उनमें से हर कोई दोपहर के समय के परीक्षणों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया। शिवानी, नील यादव और इंदु प्रकाश ने 1 किमी टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीते, जबकि कल्पना जेना और जयसीला अर्बुथराज ने रजत पदक जीता। पूल में, फ्रीस्टाइल तैराक दीक्षा जितेंद्र शिरगांवकर, पूजा गिरिधरराव गायकवाड़ और प्रसिद्धि कांबले के स्वर्ण पदक जीतने के कारनामों की बदौलत भारत के पदकों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई। माधव मदन ने अपनी तालिका में एक और पदक (स्वर्ण, 25 मीटर फ्रीस्टाइल) जोड़ा और सिद्धांत मुरली कुमार ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता।




## हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम को 23 लाख रुपए की ग्रांट जारी

**जालंधर।** पंजाब में खेलों के विकास के लिए वचनबद्ध मान सरकार ने रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के लिए 23.16 लाख रुपए का अनुदान जारी किया है। इस अनुदान से स्टेडियम में कई अहम कार्यों को पूरा करवाया जाएगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिन खन्ना ने मुख्यमंत्री भगवंत मान एवं खेल मंत्री गुरमीत मीत हेयर का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज तक हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के इतिहास में इतना बड़ा अनुदान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग ने जिला उपायुक्त विशेष सारंगल को 23.16 लाख रुपए भेज दिए हैं। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को टेंडर जारी कर काम को तुरंत शुरू करवाने के निर्देश दिए हैं।

# उम्र और हालात को धता बताकर सुनील छेत्री ने किया करिश्माई प्रदर्शन

**एजेंसी। बेंगलुरू**



भारत और पाकिस्तान के बीच सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच के दौरान यहां वेस्ट ब्लॉक ब्लूज स्टैंड पर एक बड़े से बैनर पर लिखा था, ह्यअमर है नंबर 11।' यह सुनील छेत्री के लिए दर्शकों की ओर से सम्मान की बानगी थी जिन्होंने भारतीय कप्तान के हर मूव की हौसलाअफजाई की। श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर भारत ने 4.0 से जीत दर्ज की जिसमें 11 नंबर की जर्सी वाले छेत्री की हैट्रिक शामिल थी। 38 बरस की उम्र में जब खिलाड़ी संन्यास के बारे में सोचने लगते हैं, तब भी छेत्री दर्शकों के लिए आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र है। उनके खेल पर मानो उम्र का कोई असर ही नहीं है। पिछले शनिवार को भारत ने फीफा रैंकिंग में अपने से बेहतर टीम लेबनान को 2.0 से हराकर इंटर कांटिनेंटल की जीता और उसमें भी पहला गोल छेत्री का था। भारी बारिश के बीच भी यहां स्टेडियम में दर्शक भारी संख्या में उमड़े थे और उन्हें जीत से कम कुछ गंवारा नहीं था।

भारत और पाकिस्तान के बीच खेल के मैदान पर बरसों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता हर मुकाबले को खास बनाती आई है और छेत्री अपनी ओर से इसे यादगार बनाना चाहते थे। छेत्री ने आईएसएल के एक वीडियो में कहा था, ह्यपाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जब भी हम खिलाड़ियों से मिलते तो काफी दोस्ताना बात होती है। मैं एक या दो बार पाकिस्तान गया तब भी काफी दोस्ताना माहौल था। वे पंजाबी बोलते हैं और हम भी पंजाबी में बात करते थे। लेकिन सीटी बजने के बाद पता नहीं क्या हो जाता है।' उन्होंने कहा, शायद हमारी और उनकी परवरिश ही ऐसे हुई है। हम उनसे कभी नहीं हारना चाहते और यही बात उनके बारे में भी कही जा सकती है।' भारत के लिए 138 मैचों में 90 गोल कर चुके छेत्री सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो (123), अली देइ (109) और लियोनेल मेस्सी (103) के बाद चौथे स्थान पर हैं।

### सीएसके सीईओ का बड़ा बयान आया सामने

# आईपीएल 2024 में धोनी खेलेंगे या नहीं?

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान एमएस धोनी के उल्लेखनीय समर्पण और प्रतिबद्धता ने टीम को 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने में मदद की। फाइनल के बाद की प्रस्तुति के दौरान धोनी ने व्यक्त किया कि खिताब जीतने के बाद संन्यास लेना आदर्श समय होगा, लेकिन उन्होंने कम से कम एक और सीजन के लिए खेलने की बात कही है। आईपीएल 2023 के समाप्तन के बाद से ही धोनी के अगले आईपीएल में खेलने या ना खेलने की खबरें जोरों पर हैं जिस पर अब सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सब साफ कर दिया है।

विश्वनाथन ने पुष्टि की कि धोनी तीन सप्ताह के लिए आराम करना चाहते हैं और फिर अपना रिहैब शुरू करना चाहते हैं, यह कहते हुए कि धोनी खुद अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में फैसला करेंगे और सीएसके के मालिक एन श्रीनिवासन को सूचित करेंगे। 2008 से धोनी ने टीम प्रबंधन से सीधा संवाद बनाए रखा है।

उन्होंने कहा, 'वास्तव में उन्होंने फाइनल खत्म होने के तुरंत बाद हमें बताया कि वह मुंबई जाएंगे, सर्जरी कराएंगे और रिहैब के लिए रांची वापस जाएंगे।' मुंबई में रुतुराज की शादी (4 जून को) के बाद मैं उनसे मिलने गया था। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। वह काफी सहज हैं। उन्होंने कहा कि वह तीन सप्ताह तक आराम करेंगे और फिर अपना रिहैब शुरू करेंगे। और जैसा उन्होंने कहा, वह नहीं जा रहे हैं।' जनवरी-फरवरी तक खेलने के लिए हमें उसे ये सब याद दिलाने की जरूरत नहीं है। सीएसके के सीईओ ने कहा, 'वह जानता है कि क्या करना है, इसके बारे में कैसे जाना है, इसलिए हम उससे नहीं पूछेंगे 'तुम क्या, कैसे करने जा रहे हो आदि। वह हमें अपने आप सूचित करेगा। वह जो भी कर रहा है, वह पहले फोन करेगा और केवल श्रीनिवासन को सूचित करें, किसी और को नहीं। उससे हमें यह जानकारी मिलेगी कि वह यही कर रहा है। यह 2008 से इस तरह से है। इसी तरह यह जारी रहेगा।'

### पीसीबी के संभावित अध्यक्ष जका अशरफ का बड़ा फैसला

# एशिया कप का 'हाइब्रिड मॉडल' ठुकराया

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के संभावित अगले अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान और श्रीलंका में सितंबर को होने वाले आगामी एशिया कप के लिए नजम सेठी के 'हाइब्रिड मॉडल' को ठुकरा दिया है। अशरफ ने इस्लामाबाद में बुधवार को कहा, पहली बात तो यह है कि मैं पहले भी एशिया कप के हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर चुका हूं क्योंकि मैं इससे सहमत नहीं हूं। एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड ने फैसला किया था कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा तो यहीं होना चाहिए।' अशरफ के इस बयान के बाद भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी भी खटाई में पड़ गई है। समझा जाता है कि पाकिस्तान के सहमति जताने के बाद पीछे हटने से बीसीसीआई भी कड़ा रूख अपना सकता है। एसीसी के कार्यकारी बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी है। अशरफ अगर अपना रूख नहीं बदलते हैं तो एशिया कप पाकिस्तान के बिना ही खेला जा सकता है। एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा, एशिया कप मॉडल को एसीसी ने स्वीकार किया है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। अशरफ जो चाहे, वह कहने के लिए स्वतंत्र हैं।' पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के करीबी अशरफ का पीसीबी अध्यक्ष बनना तय है चूंकि प्रधानमंत्री ही बोर्ड का मुख्य संरक्षक भी है और नियुक्तियां उनकी मर्जी से ही होती है। हाइब्रिड मॉडल को बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली एसीसी ने स्वीकार किया था। भारत ने साफ तौर पर कहा था कि वह पाकिस्तान खेलने नहीं जाएगा। सेठी के अध्यक्ष पद से हटते ही 48 घंटे में हालात बदल गए। सेठी ने कहा था कि वह आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच मतभेद का कारण नहीं बनना चाहते और इसी वजह से अध्यक्ष पद की दौड़ से हट रहे हैं। अशरफ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह नहीं चाहते कि बेमानी मैच पाकिस्तान में कराए जाएं। उन्होंने कहा, सभी मुख्य मैच पाकिस्तान से बाहर होंगे। नेपाल और भूटान जैसी टीमें पाकिस्तान में खेलेंगे जो गलत है।

# मैकुलम ने मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो का किया समर्थन

### कहा- फिट रहे तो दूसरे एशेज टेस्ट में खेलेंगे

**एजेंसी। लंदन**



इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्पिनर मोईन अली और चोट से वापसी कर रहे विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो का समर्थन करते हुए कहा कि अगर दोनों खिलाड़ी फिट रहे तो वे 28 जून से यहां लॉर्ड्स में शुरू हो रहे दूसरे एशेज टेस्ट मैच में अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। इंग्लैंड बर्मिंघम में शुरूआती टेस्ट दो विकेट से हार गया, जिसमें मोईन और बेयरस्टो संघर्ष करते नजर आए। मोईन अली, जिन्होंने नियमित स्पिनर जैक लीच के घायल होने के बाद टेस्ट संन्यास से वापसी की, पहले टेस्ट मैच में 33 ओवरों में 147 रन देकर दो विकेट व दूसरी पारी में 57 रन देकर 1 विकेट लिया। बेयरस्टो, जो एक गोल्फ मैच के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे, ने पहली पारी में 78 रन बनाए और फिर इंग्लैंड की दूसरी पारी में सिर्फ 20 रन बनाए। हालाँकि, जो बात अधिक मायने रखती है वह यह है कि उन्होंने विकेटकीपर के रूप में कुछ मौके गँवाए जिसका इंग्लैंड को थोड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। बेयरस्टो दूसरी पारी में जेम्स एंडरसन के ओवर में उस्मान ख्वाजा का कैच नहीं पकड़ सके। उन्होंने एलेक्स कैरी का भी दो बार कैच छोड़ा और कैमरून ग्रीन के खिलाफ स्टंपिंग करने से चूक गए।

# आंखें बंद कर दिया पोज, हसीन जहां की पोस्ट वायरल

### मोहम्मद शमी पर साधा निशाना






**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी हसीन जहां के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा है। इस कारण दोनों अलग भी रहते हैं। हसीन जहां इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं, जहां वह आए दिन वीडियो व तस्वीरें साझा करती हैं। फिलहाल, हसीन जहां ने अपनी आंखें बंद कर पोज देते हुए खूबसूरत फोटो तस्वीर शेयर की है, जिसके साथ ही उन्होंने कैप्शन देते हुए कुछ कहकर शमी पर निशाना साधा है।

तस्वीर में हसीन जहां लाल रंग की प्रिंटेड साड़ी संग काले रंग का ब्लाउज पहने नजर आ रही है। वह आखों को बंद कर फोटो के लिए पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इस पोस्ट में जिस चीज ने लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा खिंचा वो है फोटो के साथ दिया गया कैप्शन।

हसीन जहां ने कैप्शन में लिखा है, किसी का बुरा करने में अगर कोई सफल होता तो हर कोई बुरा करने पर उतारू होता। दूसरों का बुरा कर अगर खुद वो अच्छे से रह पाता तो हर कोई बुरा नहीं हो जाता. दुनिया में कोई चाहे कितना ही बड़ा तीसमार खां ही क्यों न हो, जिंदगी उसे भी उसकी औकात दिखाती जरूर है। इसलिए इंसान को ये बात याद रखनी चाहिए की एक शक्ति सब पर नजर रखे हुए हैं और पूरी कायनात उसी के हाथों चलती है।

### संजय मांजरेकर की भारतीय चयनकर्ताओं को सलाह

# टेस्ट क्रिकेट से थके हुए खिलाड़ियों दूर रखें

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जून की शुरूआत में लंदन के ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत की अपमानजनक हार के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने चयनकताओं को एक सुझाव दिया है। सभी महत्वपूर्ण टेस्ट मैच में हार ने भारतीय टीम को आईसीसी नॉकआउट मैचों में उनके निराशाजनक प्रदर्शन के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर के अलावा किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने एकमात्र टेस्ट की एक पारी में पचास से अधिक रन नहीं बनाए। मांजरेकर ने इस बात पर जोर दिया कि स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड, जो शायद ही कभी सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलते हैं, डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार खिलाड़ी थे। पूर्व क्रिकेटर ने टीम इंडिया से ऐसे खिलाड़ियों की तलाश करने का आग्रह किया जो टी20 प्रारूप से खेल के सबसे लंबे प्रारूप में बदलाव से थके नहीं होंगे। मांजरेकर ने कहा, 'डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए गेम चेंजर स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड, बहुत अधिक टी20 क्रिकेट नहीं खेलते हैं। इसलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों को ढूंढना होगा जो थके हुए न हों या जिन्हें आईपीएल से टेस्ट क्रिकेट में समायोजन न करना पड़े।' 57 वर्षीय ने आगे कहा कि चयनकर्ताओं को उन खिलाड़ियों को पुरस्कृत करना शुरू करना होगा जो घरेलू क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और विदेशी परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम उन लोगों को पुरस्कृत करना शुरू करें जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। चयनकर्ता उन खिलाड़ियों पर विचार कर सकते हैं जिनमें भविष्य के टेस्ट खिलाड़ी बनने और विदेशी परिस्थितियों में सफल होने की क्षमता है। मैं कम से कम तीन नए बल्लेबाजों और नए तेज गेंदबाजों को खेलते हुए देखना चाहूंगा।' भारत का आगामी अंतरराष्ट्रीय दौरा जुलाई-अगस्त में वेस्टइंडीज दौरा होगा जिसके दौरान वे दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेंगे। दो मैचों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2023-25 में उनका पहला असाइनमेंट होगा। रोहित शर्मा एंड कंपनी के 1 जुलाई तक वेस्टइंडीज पहुंचने की उम्मीद है।

# प्रणय क्वार्टर फाइनल में

### कश्यप, रोहन कपूर-सिक्की रेड्डी बाहर

**एजेंसी। ताइपे**



ताइपे ओपन 2023 में भारत के मिश्रित परिणाम जारी रहे, शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता परुपल्ली कश्यप और रोहन कपूर तथा एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी गुरुवार को दूसरे दौर में हार गई। प्रणय ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 36 मिनट में 21-9, 21-17 से हराया, जबकि कश्यप तियान-मु एरेना के कोर्ट 1 में दूसरे दौर के मुकाबले में चीनी ताइपे के ली यांग सु से 16-21, 17-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी ह्सियांग चिएन चिउ और जिओ मिन लिन की स्थानीय जोड़ी से केवल 29 मिनट में 13-21, 18-21 से हार गए। कोर्ट 2 पर सुगियार्तो के खिलाफ खेलते हुए, प्रणय, जिन्होंने पहले दौर में चीनी ताइपे के यू सीन लिन को 21-11, 21-10 से हराया था, ने 2-1 के स्कोर से सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। उन्होंने जल्द ही इसे 11-2 तक बढ़ा दिया। 13-3 से उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखी और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट में 21-9 से पहला गेम जीत लिया, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 210,000 डॉलर है।

## साउथेम्प्टन ने रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया

**साउथेम्पटन।** 2022/23 सीजन में तालिका में सबसे नीचे रहने और प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद, साउथेम्प्टन ने गुरुवार को रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। मार्टिन ने इससे पहले स्वानसी सिटी एफसी का प्रबंधन किया था। स्वानसी पिछले सीजन में नौ मैचों में अजेय रहा था और दूसरे चरण में 10 वें स्थान पर था। इस दौरान क्लब ने वेस्ट ब्रॉम और नॉर्विच सिटी पर जीत दर्ज की थी। रसेल ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि एक ऐसे क्लब का प्रबंधन करना सौभाग्य की बात होगी जिसका एक समृद्ध इतिहास है। रसेल ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, इतने लंबे और समृद्ध इतिहास वाले क्लब साउथेम्पटन में इस अवसर को स्वीकार करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### टूर्नामेंट | सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप

# ओडिशा की कर्नाटक पर 4-0 से जीत

**एजेंसी। अमृतसर**



कप्तान जसोदा मुंडा की हैट्रिक की बदौलत ओडिशा ने बुधवार को यहां जीएनडीयू मेन ग्राउंड में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में कर्नाटक को 4-0 से हरा दिया। मालती मुंडा ओडिशा के लिए अन्य स्कोरर थीं, क्योंकि उन्होंने चार मैचों में नौ अंकों के साथ समूह में रहने के लिए कर्नाटक को पछाड़ दिया, समूह के नेताओं तमिलनाडु से तीन अंक पीछे। 34वें मिनट में कर्नाटक का प्रतिरोध टूट गया जब डिफेंडर ममता पात्रा की एक लंबी गेंद ने कर्नाटक की रक्षा को झकझोर कर रख दिया। जसोदा मुंडा ने एकल रन के साथ इसका सबसे अधिक फायदा उठाया और गेंद को कर्नाटक के संरक्षक और कप्तान ऐश्वर्या ए को नेट के पीछे डालकर ओडिशा को 1-0 से आगे कर दिया। मिनट बाद कर्नाटक की मनासा एम. ने मालती मुंडा को बॉक्स की ओर बढ़ने से रोकने के प्रयास में गेंद को अपने पेनल्टी बॉक्स के अंदर अपने हाथों से छुआ। जसोदा मुंडा ने निम्नलिखित पेनल्टी से गोल करके ओडिशा को 2-0 कर दिया।

इसके बाद जसोदा मुंडा ओडिशा के मैच के तीसरे गोल के लिए प्रदाता बन गईं, जब उनका डिफेंस-स्प्लिटिंग पास ऐश्वर्या ए द्वारा पेनल्टी बॉक्स के किनारे से साफ कर दिया गया था, लेकिन गेंद मालती मुंडा के पास गई, जिन्होंने एक खाली जाल में टैप करके स्कोर 3 कर दिया। जसोदा मुंडा ने 55वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की जब उन्होंने ममता पात्रा के एक पास का पीछा करते हुए ऐश्वर्या ए को राउंड ऑफ किया और आसानी से गोल कर दिया।

#### झारखंड को पहला अंक

**जीएनडीयू** मेन ग्राउंड में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में झारखंड ने पीछे से पंजाब को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। इस ड्रा से झारखंड ने चार मैचों के बाद प्रतियोगिता में अपना पहला अंक दर्ज किया और पंजाब के चार मैचों में तीन अंक हो गए। पंजाब के फॉरवर्ड निशा ने मैच के 6वें मिनट में उन्हें आगे कर दिया। निशा ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर दक्षिणपंथी से एक हवाई पास को नियंत्रित किया और शीर्ष कोने पर अपने बाएं पैर से शानदार ढंग से गोल किया। सुधा अंकिता तिर्की ने 79वें मिनट में झारखंड को बराबरी पर ला दिया। झारखंड के कोने को पंजाब के डिफेंस ने अच्छी तरह से नहीं संभाला, क्योंकि गेंद बॉक्स के अंदर सुधा के लिए गिरी। डिफेंडर ने दाएं पैर से फिनिश किया और पंजाब की कप्तान और कस्टोडियन सीता शर्मा के पास कोई मौका नहीं बचा। सुधा अंकिता तिर्की को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

#### तमिलनाडु के लिए आसान

**पूर्व** चैंपियन तमिलनाडु ने सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप ए के मैच में चंडीगढ़ को 3-0 से हराकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बरकरार रखा। पहले 45 मिनट के अंदर इंदुमती कथिरेसन, संध्या रंगनाथन और प्रियदर्शिनी एस के गोल ने तमिलनाडु के लिए स्कोर तय किया। इस जीत से तमिलनाडु के चार मैचों में 12 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर है।

